असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 03.04.2023 | वर्ष 10, अंक 90 | RNI No. JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
उन चीजों के बारे में समय बर्बाद मत करो, जिनको आप बदल नहीं सकते।

## रोजा का समय

इफ्तार (03/04/23) 06:06
सेहरी (04/04/23) 04:15

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## क्वीक न्यूज

### नक्सल इलाकों में बनेंगे फोर्टिफाइट थाना

**रांची।** राज्य के नक्सल प्रभावित इलाकों में फोर्टिफाइड थाना बनाया जायेगा। इसके लिए लिए छह अधिकारियों की कमेटी बनायी गयी है। इसमें दो आइएएस, तीन आइपीएस और एक इंजीनियर शामिल हैं। गृह विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। इसमें आइएएस में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव,प्रधान सचिव को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, सदस्य के रूप में वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव, एडीजी मुख्यालय या आधुनिकीकरण, आइजी प्रोविजन व आइजी अभियान के अलावा झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मुख्य अभियंता को सदस्य बनाया गया है।

### सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत

**कुडू-लोहरदगा :** कुडू लोहरदगा मुख्य पथ जिमा गांव स्थित मंटू ढाबा के समीप रविवार की दोपहर साइकिल सवार पिता पुत्र को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में जहां पिता ने मौके पर तो बेटे ने कुडू में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार लोहरदगा सदर क्षेत्र के हेसल कारी टोला निवासी गिरधारी भगत अपने पुत्र 7 वर्षीय हर्ष भगत को रविवार की सुबह करीब 8 बजे उसके हॉस्टल से जरूरत का कुछ सामान खरीदने के लिए ले गए थे। तभी रास्ते मे यह हादसा हो गया। ज्ञात हो कि मृत बालक कुडू के डोरो टोली में संचालित स्टूडेंट स्कूल में कक्षा एक का क्षात्र था। इधर हादसे से गुस्साए लोगों ने कुडू लोहरदगा मुख्य पथ 143ए को कुछ देर के लिए जाम कर दिया। हालांकि प्रशासन के समझाने और आश्वासन के बाद लोग माने। हादसे के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया।

### वीर चक्र से सम्मानित त्सेवांग मुरोप की सड़क हादसे में मौत

**जम्मू :** कारगिल युद्ध के नायक सूबेदार मेजर व वीर चक्र से सम्मानित त्सेवांग मुरोप की लेह के पास हुए सड़क हादसे में मौत हो गई है। लद्दाख अधिकारियों ने रविवार को कहा कि कारगिल युद्ध के नायक सूबेदार मेजर व वीर चक्र से सम्मानित त्सेवांग मुरोप का बीती रात लेह में एक दर्दनाक सड़क हादसे में निधन हो गया। फायर एंड फ्यूरी कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राशिम बाली ने रविवार को उनके घर जाकर सेना की तरफ से संवेदना जताई। उन्होंने मुरोप के पिता नायब सूबेदार चेरिंग मुरोप अशोक चक्र सेवानिवृत्त समेत परिवार के अन्य लोगों को मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाते हुए कहा कि सेना उनके परिवार के साथ खड़ी है। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे और भारतीय सेना के सभी रैंकों ने वीरचक्र विजेता सूबेदार मेजर त्सेवांग मुरोप के निधन पर हार्दिक संवेदना व्यक्त की।

### वर्धा जिले में समृद्धि हाईवे पर ट्रक-कार की टक्कर में दो डॉक्टरों सहित तीन की मौत

**मुंबई :** वर्धा जिले के सेलू तहसील के महाबाला इलाके में समृद्धि हाईवे पर कार-ट्रक की टक्कर में दो डॉक्टरों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है और फरार ट्रक चालक की सरगर्मी से तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार डॉक्टर ज्योति क्षीरसागर और डॉ. फाल्गुनी सुरवाड़े दोनों दंत चिकित्सक हैं। दोनों अपने मित्र भरत क्षीरसागर के साथ शनिवार को मध्य रात में नासिक जिले के मालेगांव से नागपुर कार में जा रहे थे। अचानक वर्धा जिले में सेलू तहसील के महाबाला इलाके में उनकी तेजर रफ्तार कार ट्रक से टकरा गई। इस घटना में तीनों की मौके पर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही हाइवे पुलिस स्टेशन के पुलिस उपनिरीक्षक दिलीप थाटे पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस टीम ने मृतकों को कार से बाहर निकाला और तीनों का शव पोस्टमार्टम के लिए वर्धा जिला अस्पताल में भेज दिया।

## रांची का तापमान

अधिकतम 32°
न्यूनतम 15°

**पश्चिम बंगाल : बीजेपी सांसद के कार्यक्रम में बवाल और पथराव**

# हुगली में हिंसा व आगजनी

एजेंसी

**हुगली :** पश्चिम बंगाल में रविवार को एक बार फिर हिंसा भड़क गई. हुगली में बीजेपी की शोभा यात्रा के दौरान जमकर आगजनी और पथराव हुआ. बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष के रिशरा में कार्यक्रम में बवाल हुआ है. हुगली में रामनवमी के बाद ये कार्यक्रम हुआ था. बीजेपी सांसद दिलीप घोष ने कहा कि शोभा यात्रा के दौरान महिलाओं और बच्चों पर पथराव किया गया. हावड़ा हिंसा के बाद भी राज्य सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है.अभी भी पथराव किया गया और वाहनों में तोड़फोड़ की गई. इससे पहले रामनवमी के दिन पश्चिम बंगाल के हावड़ा शहर के काजीपाडा इलाके में हिंसा हुई थी. घटना तब हुई जब शोभायात्रा काजीपाड़ा इलाके से गुजर रही थी. हिंसा के दौरान कई दुकानों और ऑटो-रिक्शा में तोड़फोड़ की गई, जबकि कुछ पुलिस वाहनों सहित कई कार में आग लगा दी गई थी. मुख्यमंत्री बनर्जी ने आरोप लगाया था कि हावड़ा में हुई हिंसा में भारतीय जनता पार्टी और बजरंग दल जैसे अन्य दक्षिणपंथी संगठन हथियारों के साथ शामिल थे.उन्होंने लोगों से इलाके में शांति बनाये रखने की अपील की थी. इसके बाद शुक्रवार दोपहर को भी काजीपाडा इलाके में अज्ञात लोगों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव किया था और लोगों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठियों का इस्तेमाल करना पड़ा और पथराव में कम से कम तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए थे. गुरुवार से अब तक हिंसा के सिलसिले में 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया है.केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हावड़ा हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी बोस से फोन पर बात की थी और उनसे राज्य में कानून व्यवस्था की जानकारी भी ली थी. इसके साथ उन्होंने बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार से भी घटना को लेकर फोन पर बात की थी. वहीं, दूसरी ओर पश्चिम बंगाल बीजेपी ने हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया है. राज्य बीजेपी ने हाईकोर्ट से हिंसा की एनआईए से जांच कराने की मांग की है.

### जेल में बजी पगली घंटी, अफरा-तफरी

**धनबाद :** मंडल कारा में रविवार को अचानक कई बार इमरजेंसी सायरन यानी पगली घंटी बजा। जिसके बाद तुरंत जिले के वरीय अधिकारी समेत पुलिस बल जेल के अंदर गए। एसडीएम प्रेम तिवारी, डीएसपी हेडक्वार्टर वन अमर पांडेय, विधि व्यवस्था डीएसपी अरविंद कुमार बिन्हा पुलिस बल के साथ जेल के अंदर पहुंचे। पगली घंटी बजते ही प्रशासनिक महकमा रेस हो गया।एसडीओ प्रेम कुमार तिवारी के मुताबिक इस हिंसप झड़प में तीन से चार कैदी घायल हुए हैं। मामले की जांच चल रही है। बता दें कि धनबाद के जिस मंडल कारा में कैदियों के बीच मारपीट हुई है, उसी जेल में धनबाद के संजीव सिंह भी बंद हैं। संजीव सिंह झरिया के पूर्व विधायक हैं। वे धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या के आरोप में जेल में बंद हैं। जेल सूत्रों के मुताबिक मारपीट की घटना गैंगस्टर प्रिंस खान के भाई गॉडविन बंटी और संजीव सिंह समर्थक कैदियों के बीच हुई है।



**जी-20 के तहत एनर्जी ट्रांजिशन वर्किंग ग्रुप की दूसरी बैठक गुजरात में शुरू हुई**

# ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा सुरक्षा के तत्काल समाधान खोजने पर जोर

**उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री मुंजपारा ने प्रधानमंत्री मोदी के जीवन अभियान या पर्यावरण के लिए जीवन शैली अभियान के महत्व के बारे में बताया।**



एजेंसी

**गांधीनगर/अहमदाबाद :** भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत एनर्जी ट्रांज़िशन वर्किंग ग्रुप (ईटीडब्ल्यूजी) की दूसरी बैठक रविवार को गांधीनगर में शुरू हुई। केंद्रीय आयुष और महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. महेंद्रभाई मुंजपारा ने अपने मुख्य भाषण में ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन और ऊर्जा सुरक्षा के तत्काल समाधान खोजने पर जोर दिया।मंत्री ने स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने और इसे लागत प्रभावी और विश्वसनीय बनाने के लिए नवीन तकनीकों के अनुसंधान और विकास की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस बैठक में जी20 देशों के सदस्य, विशेष रूप से आमंत्रित देशों, अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी, एशिया और प्रशांत के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक आयोग, आसियान और पूर्वी एशिया के लिए यूरोपीय अनुसंधान संस्थान, पेट्रोलियम संगठन निर्यातक देश (ओपेक सहित अंतरराष्ट्रीय संगठनों के 100 से अधिक प्रतिनिधि) और अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के सदस्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर चर्चा करने के लिए शामिल हुए हैं।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री मुंजपारा ने प्रधानमंत्री मोदी के जीवन अभियान या पर्यावरण के लिए जीवन शैली अभियान के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने व्यक्तियों और समुदायों से संसाधनों के सावधानीपूर्वक और जानबूझकर उपयोग, पर्यावरण के संरक्षण और संरक्षण के लिए इसे एक अंतरराष्ट्रीय जन आंदोलन के रूप में नेतृत्व करने और बनाने का आग्रह किया। संयुक्त कार्रवाई को मान्यता देने के महत्व पर जोर देकर केन्द्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के सचिव आलोक कुमार ने कहा कि भारत सरकार ने समान, साझा और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए जी20 सदस्यों के बीच संयुक्त कार्रवाई को मान्यता देने के महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने सदस्य देशों से स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन प्राप्त करने के लिए सहयोग करने और ट्रस्टीशिप की भावना पैदा करने का आग्रह किया।

उन्होंने केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। बैठक में छह प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें प्रौद्योगिकी खामियों को दूर कर ऊर्जा संक्रमण, ऊर्जा संक्रमण के लिए कम लागत का वित्तपोषण, ऊर्जा सुरक्षा और विविध आपूर्ति श्रृंखला, ऊर्जा दक्षता, औद्योगिक कम कार्बन संक्रमण और जिम्मेदार खपत, भविष्य के ईंधन में स्वच्छ ऊर्जा तक सार्वभौमिक पहुंच और उपयुक्त, निष्पक्ष और समावेशी ऊर्जा संक्रमण मार्ग शामिल हैं।

इस बैठक के साथ ही ग्लोबल ग्रीन हाइड्रोजन इकोसिस्टम-एनेबलिंग नेट ज़ीरो पर एक सेमिनार का आयोजन हुआ। ईटीडब्ल्यूजी की दूसरी बैठक में शामिल होने आये प्रतिनिधियों ने गांधीनगर में गिफ्ट सिटी का भी दौरा किया। भारत की अध्यक्षता में स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण में वैश्विक सहयोग को आगे बढ़ाने और इसे सतत आर्थिक विकास एजेंडे के केंद्र में रखने के लिए ईटीडब्ल्यूजी की चार बैठकें, विभिन्न सह-कार्यक्रम और एक मंत्रिस्तरीय बैठक आयोजित की गई है।

# गुमला में तिहरे हत्याकांड के आरोपी को भेजा गया जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गुमला :** जिले के बसिया थाना क्षेत्र के लुंगटु पंडरा टोली में हुए तिहरे हत्याकांड का बसिया पुलिस ने उद्भेदन करते हुए हत्यारोपित एनोस कंडुलना को गिरफ्तार कर रविवार को गुमला जेल भेज दिया। इस संबंध में बसिया के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विकास आनंद लागुरी ने बसिया थाने में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि आरोपित देवर एनोस कंडुलना ने एलआईसी से मिले पैसे के बंटवारे को लेकर भाभी एवं दो भतीजों की हथौड़े से मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि मृतका पूनम कंडुलना के पति नुवेल कंडुलना की 2017 में मृत्यु हुई थी, जिसको एलआईसी में एक पॉलिसी से कुल 11 लाख रुपये मिले थे। पूनम अपने दो बेटों के साथ रहती थी, जिनका देख-रेख उसका देवर विश्राम कंडुलना करता था। घटना के दिन 29 मार्च को भी पैसे के बंटवारे को लेकर दोनों में नोकझोंक हुई थी। एनोस ने हथौड़े से पूनम पर वार कर दिया। उसके बेटे पवन कंडुलना ने घर में रखे चाकू से चाचा एनोस कंडुलना पर वार कर दिया। तब एनोस ने भाभी पूनम कंडुलना, भतीजे पवन कंडुलना एवं अर्पित कंडुलना तीनों को मौत के घाट उतार दिया और तीनों शवों को गोबर गड्ढे में डालकर ढंक दिया।

दो दिनों तक जब पूनम एवं उसके बच्चों का कहीं पता नहीं चला तब उसके मायके वाले शनिवार को लुंगटु पंडराटोली गांव पहुंचे, जहां गोबर गड्ढे से आ रही दुर्गंध से उन्हें शक हुआ। इसी बीच आरोपित एनोस भागने लगा। ग्रामीणों की मदद से उसे पकड़ कर कड़ाई से पूछताछ की गई तो वह टूट गया एवं हत्या करने की बात कबूल कर लिया। घटना की सूचना बसिया पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंचे बसिया थानेदार छोटु उरांव, एसआई प्रदीप रजक, एसआई मंटू गुप्ता, एसआई अजय रजक, एसआई विनोद टोप्पो सहित सशस्त्र बल ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

# बिहार में फिर लौट आया जंगल राज : अमित शाह

एजेंसी

**नवादा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार में दो दिवसीय दौरे पर हैं। रविवार को नवादा में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर नीतीश कुमार की सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर सत्ता के लिए लालू यादव की गोद में बैठने का आरोप लगाया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी कालाबजारी और भ्रष्टाचारियों से बिहार को मुक्त कराएंगे। वहीं, नीतीश कुमार के पीएम उम्मीदवारी पर तंज कसते हुए अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री की कुर्सी अभी खाली नहीं है। उन्होंने कहा कि लालू यादव गलतफहमी में हैं। तेजस्वी यादव सीएम नहीं बनेंगे। नीतीश कुमार तेजस्वी को कभी सीएम नहीं बनायेंगे।शाह ने कहा कि इनके मंत्री भाजपा का दरवाजा खटखटा रहे हैं।



आपके लिए भाजपा के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो चुके हैं। बिहार में जंगलराज फिर लौटा आया है। बिहारशरीफ और सासाराम में आग लगी है। आज पूरा बिहार चिंता कर रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद नीतीश सरकार खुद ही गिर जाएगी। भाजपा दंगा करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा कर देगी।अमित शाह ने बिहार में हिंसा को लेकर कहा कि सासाराम में अशोक जयंती में जाना था। वहां तो गोली चल रही है, नहीं जा सका। सासाराम की जनता से माफी मांगता हूं। मैं वहां जरूर जाऊंगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मैं गृह मंत्री हूं, बिहार मेरे हिस्से में है। नीतीश कुमार शांति नहीं ला सकते है। बिहार में शांति हो, इसलिए गवर्नर को फोन किया। इससे ललन जी बुरा मान गए। अमित शाह ने 2024 के लोकसभा चुनाव में बिहार की 40 सीटें जीतने का दावा किया। उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में कमल खिलने वाला है। 2024 में फिर से मोदी जी सभी 40 सीट जितने जा रहे हैं। शाह ने केंद्र द्वारा किए कामों का उल्लेख किया और कहा कि कश्मीर हमारा है। भाजपा ने कश्मीर से धारा 370 हटाई। हमनें राम मंदिर बनाया। राम मंदिर का शिलान्यास पीएम मोदी ने किया। अमित शाह ने कहा कि बिहार के हर एक पंचायत में कोऑपरेटिव डेयरी बनेगी। केंद्र ने बिहार को 1 लाख 9 हजार करोड़ रुपये दिए। पीएम मोदी 8 करोड़ 70 लाख लाभुकों को मुफ्त अनाज बिहार में दे रहे हैं। 85 लाख किसनों को सस्ती बिजली, 1.10 करोड़ महिला को केंद्र ने गैस दिया। नवादा में रेललाइन, एनएच बनाया। मंच के बगल में रेललाइन गुजरी है। नवादा में खेती हो रही है। बिजली सुधरी है, रजौली में परमाणु क्षमता यूनिट की योजना बन चुकी है।

# कामयाब रहा इसरो का रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल ऑटोनोमस लैंडिंग मिशन

**चिनूक हेलीकॉप्टर से 4.6 किमी. की ऊंचाई पर हवा में छोड़ा गया रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को सुबह डीआरडीओ और भारतीय वायु सेना के साथ कर्नाटक के चित्रदुर्ग स्थित एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज (एटीआर) में रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल ऑटोनोमस लैंडिंग मिशन (आरएलवी लेक्स) का सफलतापूर्वक संचालन किया। भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से 4.6 किमी. की ऊंचाई पर हवा में छोड़े गए रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल ने खुद ही आधा घंटे बाद एटीआर में लैंड किया।

इसरो ने एक बयान में बताया कि इस रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल ऑटोनॉमस लैंडिंग मिशन को आज सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर कर्नाटक के चित्रदुर्ग के एटीआर से संचालित किया गया। आरएलवी लेक्स को भारतीय वायुसेना के चिनूक हेलीकॉप्टर से 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई पर ले जाकर 4.6 किलोमीटर की रेंज पर छोड़ा गया। इसके बाद रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल ने धीमी गति से उड़ान भरी। इसके कुछ देर बाद उसने लैंडिंग गियर के साथ खुद ही एटीआर में 7.40




बजे लैंड किया। यह परीक्षण सफल होने के बाद रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के सहारे रॉकेट को दोबारा लॉन्च किया जा सकता है। इस परीक्षण में इसरो के साथ भारतीय वायु सेना, सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थनेस एंड सर्टिफिकेशन, वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान और एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट ने योगदान दिया। इसरो बीते कुछ सालों में लगातार एक के बाद एक कामयाबी की इबारत लिख रहा है। इसी क्रम में यह परीक्षण भी एक और बड़ा कदम माना जा रहा है। इसरो इस पर काफी लंबे समय से काम कर रहा है कि कम लागत में कैसे अच्छी तकनीक का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसरो प्रमुख एस. सोमनाथ ने भी कहा था कि आने वाले दिनों में इसरो अधिक से अधिक अनुसंधान और उसके डेवलपमेंट पर ध्यान देकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में बड़ा कामयाबी हासिल करेगा। यह एक स्वदेशी स्पेस शटल है, जिसे ऑर्बिटल री-एंट्री व्हीकल (ओआरवी) के नाम से भी जाना जाता है। आज का परीक्षण सफल होने के बाद भारत अंतरिक्ष में ना सिर्फ सैटेलाइट लॉन्च कर सकेगा, बल्कि भारत की आसमानी सुरक्षा और मजबूत होगी। ऐसी ही टेक्नोलॉजी का फायदा चीन, अमेरिका और रूस भी लेना चाहते है, क्योंकि ऐसे यानों की मदद से किसी भी दुश्मन के सैटेलाइट्स को उड़ाया जा सकता है। इतना ही नहीं, इन विमानों से डायरेक्टेड एनर्जी वेपन भी चलाया जा सकता है, जिससे दुश्मन की संचार तकनीक को ऊर्जा की किरण भेजकर खत्म किया जा सके। भारत इसी यान की मदद से अपने दुश्मन के इलाके में किसी कंप्यूटर सिस्टम को नष्ट करने या बिजली ग्रिड उड़ाने में सक्षम हो सकता है। इसरो इस प्रोजेक्ट को 2030 तक पूरा करने की तैयारी में है, ताकि बार-बार रॉकेट बनाने का खर्च बच सके। ये सैटेलाइट को अंतरिक्ष में छोड़कर वापस लौट आएगा, जिससे स्पेस मिशन की लागत 10 गुना कम हो जाएगी। अत्याधुनिक और रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल के अगले वर्जन से भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस में भेजा जा सकेगा।

### नामीबिया से लाया गया चीता कूनो पार्क से निकल कर रिहायशी इलाके में पहुंचा

**श्योपुर:** नामीबिया से लाकर मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा गया एक चीता रविवार को रिहायशी इलाके में पहुंच गया। वह सुबह एक खेत में नजर आया। इससे गांव में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि रात को उसने एक गाय का शिकार भी किया था। कई ग्रामीण चीते को देखने के लिए पेड़ पर चढ़ गए। सूचना मिलने के बाद चीता की लोकेशन ट्रेस करते हुए वन विभाग और मॉनिटरिंग टीम मौके पर पहुंची हुई है और उसको वापस नेशनल पार्क में ले जाने का प्रयास कर रही है। हालांकि खबर लिखे जाने तक विभाग की टीम को सफलता नहीं मिली है।

# सीआरपीएफ जवानों की जांबाजी से कायम हुई शांति व्यवस्था : सीआरपीएफ डीआईजी

## सीआरपीएफ 134 बटालियन ने मनाया 30 वां स्थापना दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) जवानों की जांबाजी से पलामू प्रमंडल सहित अन्य जिलों एवं अंतरराज्यीय सीमाओं पर शांति व्यवस्था कायम हुई है। सीआरपीएफ की वीरता की कई गाथाएं हैं। नक्सल विरोधी अभियान में सीआरपीएफ 134 बटालियन की अहम भूमिका रही है। बूढ़ा पहाड़ का क्षेत्र चारों तरफ से आईईडी से घिरा था। जवानों ने वीरता दिखाते हुए इसे नक्सल मुक्त कराया। बूढ़ा पहाड़ अभियान में 134 बटालियन के जवानों की भी अहम भूमिका रही। जवानों ने इसे नक्सलियों से मुक्ति दिलाई, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम है। इसकी चहुंओर सराहना की गई। यह बातें सीआरपीएफ पलामू रेंज के डीआईजी विनय नेगी ने कही। वे सीआरपीएफ 134वीं बटालियन के 30वें स्थापना दिवस पर शनिवार की देर शाम जीएलए कॉलेज परिसर स्थित बटालियन मुख्यालय में आयोजित सांस्कृतिक संध्या समारोह में बोल रहे थे। सीआरपीएफ 134 बटालियन का गठन 1 अप्रैल 1994 को जम्मू के बनतालाब में हुआ था। वर्ष 2008 से यह बटालियन पलामू में तैनात है तथा नक्सल विरोधी अभियान में जुटे हैं। उन्होंने सीआरपीएफ 134 बटालियन के 30वें स्थापना दिवस पर वाहिनी के सभी अधिकारियों एवं जवानों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जवानों ने विषम परिस्थितियों में भी खुश रहने की सीख दी। सकारात्मक सोच के साथ सकारात्मक माहौल बनाया। उन्होंने जवानों एवं उनके बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति को मनमोहक बताया। सीआरपीएफ



134 बटालियन के कमांडेंट सुदेश कुमार ने सभी का स्वागत किया। वहीं बटालियन की स्थापना एवं पलामू में तैनाती पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी तथा जवानों की सक्रियता और उनकी कुर्बानियों को याद किया। साथ ही बटालियन की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ 134 बटालियन पलामू के डगरा, तक, मनातू, ताल, कुहकुह आदि क्षेत्र में तैनात हैं। शहीद जवानों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। समारोह का संचालन 134 बटालियन के उप कमांडेंट अंशू माली एवं धन्यवाद ज्ञापन द्वितीय कमान अधिकारी दीपेंद्र कुमार ने की। मौके सीआरपीएफ 112 बटालियन के कमांडेंट प्रमोद कुमार साहू, सीएमओ डॉ. राजेश गुप्ता, द्वितीय कमान अधिकारी नरेंद्र कुमार, पलामू के पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, 172 वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी जेपी सिंह, 134 वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी दीपेंद्र कुमार, डीएसपी सुरजीत कुमार, विजय कुमार सहित अन्य अधिकारी जवान उनके परिजन एवं बच्चे उपस्थित थे।

**सांस्कृतिक संध्या में जवान एवं उनके बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति**

स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में जवान एवं उनके बच्चों ने एक से कर एक मनमोहक प्रस्तुतियों से समा बांधा। कार्यक्रम की शुरुआत सिपाही जीडी राजीव रोशन एवं निष्कर पांडेय के बम, बम, बोल रहा है काशी... गीत के साथ हुई। इन दोनों जवानों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की पूरी संचालन की। इसके बाद बालिका सृजीता हलधर ने मिक्स गाने पर नृत्य प्रस्तुत की। बबलू चावला ने अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो... भजन प्रस्तुत किया। जवान विजय शर्मा ने हर करम अपना करेंगे ए वतन तेरे लिए... देश भक्ति गीत से समा बांधा। छोटी बच्ची आरोही पांडेय ने तेरी आंखों की वह काजल गीत... पर नृत्य प्रस्तुत की। अमर सहाय ने कभी, कभी मेरे दिल में ख्याल आता है...गाना प्रस्तुत किया। वहीं रविंद्र पासवान ने गाना जिस देश में गंगा रहता है... पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। सुमन हलधर, संजीव सिंह, अमित सिंह, वान्या आदि ने गीत नृत्य से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पवन सम्राट की अजीबो-गरीब जादूगरी ने सभी को चौंकाया। इनकी जादूगरी के खेल ने तालियां बटोरी। इसके साथ ही उमाचरण एवं उनकी टीम ने बिहू नृत्य तथा पंजाब के जवानों ने प्रसिद्ध भांगड़ा नृत्य की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सभी को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही बच्चों एवं जवानों की प्रस्तुति पर नगद पुरस्कार भी प्रदान किया गया।

## रबदा गांव से गायब हुआ लड़का खरडीहा रंका में मिला



**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रबदा निवासी एक व्यक्ति ने चैनपुर थाना में लापता हुए लड़के की गुमशुदगी की रिपोर्ट कराई थी दर्ज। जो आज लापता विक्षिप्त लड़का खरडीहा रंका से मिला। रबदा निवासी व्यक्ति ने दी जानकारी पलामू जिला रबदा गांव के निवासी गणेश चौधरी ने शुक्रवार को चैनपुर थाना में आवेदन देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमे आवेदक चौधरी ने बताया था कि मेरा 19 वर्षीय नाती विक्की कुमार पिता विनोद चौधरी ग्राम बहेरा खुर्द थाना चैनपुर जिला पलामू का निवासी हूं मानसिक रूप से विक्षिप्त है तथा कम बोलता है। जो 29 मार्च शाम 4:00 बजे से लापता हो गया था आज वह खरडिहा रंका से मिल गया है। परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव से बुकिंग गाड़ी उधर से जा रहा था इस दौरान गाड़ी पर सवार लोगों को उस लड़के पर खरडिहा रंका के पास नजर पड़ी और इसकी सूचना उपरोक्त द्वारा परिजनों को दी गई। लड़का सबकुशल रबदा गांव पहुंच गया है परिजनों ने इसके लिए उक्त ग्रामीण के प्रति आभार प्रकट किया है।

## शोकाकुल परिवारों से मिले विधायक प्रत्याशी विकाश दुबे, बंधाया ढांढस



**बिश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवादाता):** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पांडू प्रखंड स्थित बांसडिहा में हुई असामयिक मृत्यु के गमगीन परिवारों से मिलने विश्रामपुर विधानसभा प्रत्याशी विकास दुबे पहुंचे। श्री दुबे ने शोकाकुल परिवारो को ढांढ़स बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में समाज उनके साथ है। विधायक प्रत्याशी ने पीड़ित परिवारों को हर संभव आर्थिक सहायता देने का आश्वासन दिया। विगत 30 मार्च गुरुवार को खेत से गेहूं के बोझा लेकर घर के पास खरिहान में आ रहे थे आरी में ठेस लगकर गिरने से हुई बांसडीहा गांव की निवासी विश्वनाथ राम की मौत हो गई थी। मृतक के घर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए विधायक प्रत्याशी ने कहा कि दुख की इस घड़ी में विवेक एवं धैर्य बनाकर बच्चों का पालन पोषण करे। समय बदलते देर नहीं लगती है। मौके पर विजय कुमार राम, डबल पांडेय, महुगंवा पंचायत के मुखिया दिलीप राम,अजय बैठा, आलोक पांडेय, सतीश दुबे, रिशु दुबे, टुनटुन दुबे, रामजीत पांडेय, मुनचुन दुबे, मनोज दुबे, सतेन्द्र दुबे,इत्यादि लोग मौजूद थें।

## किडनी के मरीज को इलाज के लिए विधायक ने एक लाख का चेक दिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलाम) :** हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के कचरा गांव निवासी मुकेश कुमार को मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी राहत कोष से एक लाख रूपए का चेक दिया। रविवार को एक सादे समारोह में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने मुकेश कुमार को चेक प्रदान कर बेहतर ढंग से इलाज कराने की सलाह दी। मुकेश कुमार का इलाज लखनऊ के पीजीआई में चल रहा है। मुकेश कुमार पैसे के अभाव में इलाज कराने में असमर्थता महसूस कर रहे थे। उन्होंने हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह से मिलकर अपनी समस्या बताई। विधायक ने तत्काल मुख्यमंत्री को अनुसंशित पत्र प्रेषित किया था। मुख्यमंत्री



गंभीर बीमारी राहत कोष से एक लाख रुपए का चेक विधायक को प्राप्त होने के बाद उन्होंने मुकेश कुमार को बुलाकर चेक प्रदान कर दिया। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज के नागरिक उनके परिवार के सदस्य हैं। एक एक सदस्य के सुख दुख में हमेशा साथ रहते। यही वजह है कि उन्हे हर संभव मदद का प्रयास करते हैं। मौके पर एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनान खान, हुसैनाबाद बीस सूत्री अध्यक्ष गुड्डू सिंह, बिमलेश कुमार सिंह, विनय पासवान, राजकुमार ठाकुर, बलराम मेहता, रंजेश पासवान, बबन सिंह, रविरंजन सिंह, ललित सिंह, गपु सिंह, के अलावा कई लोग मौजूद थे।

## एमभीआई ने 11 वाहन किये जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** पलामू एमभीआई रंजीत मरांडी ने हरिहरगंज थाना के समीप एनएच 98 इंटरस्टेट चेक पोस्ट पर 11 वाहन जब्त किया है । इनमें 2 ट्रेलर, 1 बस, 1 पिकअप, तथा 7 टेंपो शामिल है। इस दौरान एमभीआई रंजीत मरांडी ने बताया कि सभी जब्त वाहनों के कागजात की जांच की गई। आवश्यक कागजात प्रदूषण, इंश्योरेंस पेपर नहीं होने तथा ओवरलोड के मामले मे वाहनों को जब्त किया गया है उन्होंने बताया कि इन दिनों सड़क पर नियम के विरुद्ध चल रहे वाहनों पर लगातार मुहिम चलाई जा रही है तथा नियम की अनदेखी किये जाने पर जुर्माना भी वसूला जा रहा है। फिलहाल उक्त सभी वाहनों को स्थानीय थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

## जिओ टॉवर पर चढ़ कर किया आत्महत्या, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**खरौंधी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अमरोरा में जिओ टावर पर चढ़कर एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार उक्त व्यक्ति उत्तर प्रदेश के कोन का निवासी बताया जा रहा है। जिसका पहचान अमरोरा के गया राम के दमाद शंकर राम के रूप में किया गया। घटना की जानकारी पाकर गया राम सहित कई लोग पहुँचे। गया राम ने बताया कि शनिवार के रात वह अपने घर उतर प्रदेश कोन से आया हुआ था, वह अपनी पत्नी को लेजाने को लेकर शराब पीकर रात्रि में शोर गुल कर रहा था उसे समझा बुझाकर रखा गया। सुबह में अगल बगल में जाकर शराब पी लिया और अपने घर जाने की बात कह कर तकरीबन 11 बजे वहां से चल दिया और बीच रास्ते में जिओ टावर पर चढ़कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जिसकी सूचना स्थानीय लोगो के द्वारा दिया। ग्रामीणों के अनुसार पति पत्नी के बीच विवाद काफी दिनों से चल रहा था। घटना की जानकारी पा कर पहुचे थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया कि पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही है। परिजनों के फर्द बयान के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सेवानिवृत्त होने पर एएसआई उमेश वैद्य को दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पांडू, पलामू :** जिले के पांडू थाना में कार्यरत एएसआई उमेश वैद्य को सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष में रविवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता पांडू थाना प्रभारी पवन कुमार ने की। एएसआई उमेश वैद्य द्वारा पुलिस विभाग में 38 वर्ष सेवा देने के बाद 31 मार्च 2023 को सेवानिवृत्त हुए थे। थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा जब से मैं देख रहा हूं इनका कार्य करने का तरीका काफी सराहनीय रहा है. हम सभी को इनसे सीख लेने की जरूरत है। वहीं वैद जी ने कहा पुलिस विभाग मेरे 38 वर्ष के सेवाकाल में कई प्रकार के उतार-चढ़ाव देखने को मिले परंतु एक निश्चित एवं निर्भीग्य होकर कार्य करने की जो कला हमने सीखा वह मेरे जीवन के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। मौके पर छोटा बाबू पप्पू मेहता, बलदेव सिंह, प्रेमचंद महतो, बुद्धि पासवान के अलावे अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## विद्या मंदिर, जपला में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला का हुआ समापन

# बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार और चरित्र निर्माण भी आवश्यक : राकेश तिवारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में विद्या विकास समिति, झारखंड के निर्देशन में आयोजित त्रि-दिवसीय आचार्य कार्यशाला का समापन रविवार को किया गया। समापन सत्र का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के माननीय सचिव राकेश तिवारी, प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे, आरएसएस के सह विभाग कार्यवाह शशि कुमार, व्याख्याता सुप्रिया जैन,राजेश कुमार सिंह, सतीश सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, भारत माता एवं ओंकार के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। आचार्य कार्यशाला के तृतीय दिवस पर नवीन शैक्षिक तकनीक का प्रयोग,टीएलएम, पीएलएम, टीएलई



का प्रयोग अनिवार्य रुप से कैसे हो। इस विषय पर प्रकाश डाला गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य, प्रतियोगिता, परिणाम, शुद्ध भाषाभिव्यक्ति, शुद्ध एवं सुंदर लेखन एवं उपलब्धि पर चर्चा किया गया।इस दौरान विद्या भारती द्वारा निर्धारित केन्द्रीय आधारभूत विषय संगीत शिक्षा, नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा और संस्कृत शिक्षा के सफल क्रियान्वयन की योजनाएं बनाई गई। तत्पश्चात विद्यालय के सचिव राकेश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और चरित्र का निर्माण भी आवश्यक है।शिक्षा में संस्कार का होना अति आवश्यक है।सरस्वती शिशु मंदिर गैर सरकारी संस्था है, इसे सरकार के द्वारा किसी प्रकार से कोई अनुदान प्राप्त नहीं होता हैं। यहां छात्र-छात्राएं अपने माता पिता के भावी आशाओं के अनुरूप तैयार होते हैं। यहां के शिक्षा पद्धति का शिक्षा के जगत में एक विशिष्ट पहचान है।इस समापन सत्र में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य हरिमोहन पाठक, मृत्युंजय प्रसाद, रंजीत मिश्र, राजेश्वर सिंह यादव दीपक पाण्डेय जयनारायण सिंह, मनोज सिंह, हर्षदा चौबे,उषा कुमारी श्वेता सिंह, प्रचार-प्रसार विभाग से अभिषेक पाठक,राजकुमार सिंह सहित सभी आचार्य-आचार्या उपस्थित थे।

## युवा शक्ति क्लब के तत्वाधान में होने वाला अंतराज्यीय कोस्को नाईट मैच टूर्नामेंट की बैठक संपन्न



**भवनाथपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा युवा शक्ति युवा शक्ति क्लब के तत्वाधान में स्थानीय प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में आगामी सात अप्रैल 2023 से होने वाली अंतराज्यीय कॉस्को नाईट क्रिकेट मैच की सफल आयोजन को लेकर रविवार को प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में युवा शक्ति क्लब की सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आयोजन समिति के अध्यक्ष दीपक वर्मा ने कहा कि नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट को लेकर ग्राउंड लेबलिंग तथा मैदान में पर्याप्त रौशनी के लिए ग्राउंड के चारो तरफ बिजली की टॉवर पोल लगाने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। कहा कि इस मैदान में पहली बार होने वाली नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घघाटन सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर करेंगे साथ ही विशिष्ठ अतिथि के तौर पर भवनाथपुर विस क्षेत्र के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव मौजूद रहेंगे। बैठक में आयोजन समिति के उपाध्यक्ष आनंद यादव, सुधीर यादव, सचिव पिंटू टोपो, कोषाध्यक्ष अनूप गुप्ता, खेल प्रभारी सिद्धार्थ सिंह, तेजस्वी यादव सदस्य पंकज यादव, श्रीकांत चंद्रवंशी, अमित, धनंजय, उदित पासवान आदि उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को विद्या भारती योजनानुसार त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला संपन्न हो गया। कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सचिव रवि प्रकाश एवं प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से भारत माता, ओम, मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना के साथ कार्यशाला की शुरुआत हुई। कार्यशाला में विगत सत्र (2022- 23) की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आगामी सत्र (2023-24) में भैया-बहनों व आचार्यों के सर्वांगीण विकास की नई योजनाएं को क्रियान्वित करने पर विचार विमर्श किया गया। कार्यशाला में उपस्थित आचार्यो को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव रवि प्रकाश ने कहा कि आचार्य भैया-बहनों के शैक्षणिक व सहशैक्षणिक दोनों पक्षों के विकास पर निरंतर चिंतन करते रहते है। जिसका



परिणाम है कि विद्यालय निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य व आचार्यो के कुशल कार्य की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि इस आचार्य कार्यशाला से आचार्य में पूरे सत्र हेतु नवीन ऊर्जा एवं विकास सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न योजनाओं का निर्माण होता है।प्रधानाचार्य विभिन्न विभागों का बंटवारा, कक्षाचार्य निर्धारण, दिवसाधिकारी तथा प्रांतीय कार्ययोजना का वाचन किया। कार्यशाला 5 सत्रों में चला। वही अंतिम सत्र में संघ प्रार्थना के साथ संपन्न की गई।कार्यशाला में सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, कौशलेंद्र झा, कृष्णा कुमार, विवेक पाठक, अविनाश कुमार, नीरज सिंह, पिंटू सिंह, नंदलाल पांडे, सुजीत कुमार दुबे, दीपक सिंह, रेनू पाठक, नीतू कुमारी, नीति कुमारी, सत्येंद्र प्रजापति, जयप्रकाश चौधरी,आरती श्रीवास्तव, सुप्रिया कुमारी, संध्या कुमारी, तन्वी कुमारी, पूजा कुमारी, चांदनी देवी, सहित विद्यालय के सभी आचार्य और दीदी जी मौजूद थे।

## गुरुकुल रेसिडेंटियल स्कूल का हुआ उद्घाटन

# अरुण आवासीय विद्यालय ने वार्षिक रिजल्ट जारी कर, छात्रों को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर के मसिहानी में शिक्षा जगत मे स्कूल की आज नींव रखी गयी। छतरपुर मसिहानी में गुरुकुल पद्धति के आधार पर गुरुकुल रेजिडेंशियल विद्यालय का उद्घाटन किया गया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन, राजद के जिलाध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, राजद के वरिष्ठ नेता विजय राम, रामप्रताप सिंह, डॉ शिव प्रसाद शर्मा, पूर्व मुखिया कुलदेव यादव ने सँयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन का संचालन श्याम सांवरिया ने किया वहीं अध्यक्षता स्कूल के संचालक प्रदीप कुमार ने किया। इस मौके पर अरविंद गुप्ता ने कहा कि आज छतरपुर निस्संदेह बदल रहा है। शिक्षा के प्रकाश से छतरपुर धीरे धीरे जगमग करने लगा है। इस



विद्यालय की स्थापना से उम्मीद है छात्र जीवन के हर क्षेत्र में बेहतर करेंगे वहीं दूसरी ओर अरुण आवासीय विद्यालय में छात्रों के वार्षिकोत्सव परीक्षाफल का परिणाम जारी किया। यहां भी कार्यक्रम में अरविंद गुप्ता चुनमुन, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा बुल बाबा, डॉ संतोष, पंचम कुमार उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप से इस अवसर पर सफल छात्रों को सँयुक्त रूप से परीक्षाफल की प्रति के मार्कशीट के साथ गिफ्ट प्रदान किया। इस मौके पर दोनों स्कूल के सभी शिक्षक और सैकड़ो की संख्या में पैरेंट्स और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## वार्षिक परीक्षा फल का वितरण



**सगमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड अंतर्गत बिरबल गांव में चल रहे ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल बिरबल में वार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया गया। इसका उद्घटान मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि अंजू यादव, प्रखण्ड प्रमुख सह जिला उपाध्यक्ष अजय साह, पूर्व जीप नंदगोपाल यादव, विद्यालय के प्रधाना ध्यापिका बेबी खातून के द्वारा संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अंजू यादव ने सफल हुए सभी बच्चे एवम् बच्चियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सगमा प्रखण्ड जैसे पिछड़े इलाके में अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोलकर चलना एक चुनौती से कम नहीं है। इसके लिए इस विद्यालय के प्रबंधक महताब आलम बधाई के पात्र हैं । वही पर संबोधित करते हुए प्रखण्ड प्रमुख अजय साव ने उपस्थित अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अभिभावक गण अपने बच्चों को सही समय से साफ़ सफाई के साथ प्रतिदिन स्कूल भेजेंगे तभी बच्चे पढ़ाई पर ध्यान दे सकेंगे। इसी प्रकार पूर्व जीप सदस्य नंदगोपाल यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल बहुत कम समय मे बहुत बड़ा सफर तय कर चुका है जो पूर्व में मुश्किल दिखाई पड़ रहा था।

# रांची के लाल असीम सिन्हा के बगैर अधूरी है पाकिस्तान की फिल्में

**परवेज कुरैशी @ प्रभात मंत्र**

**रांची।** भले भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्ते अच्छे नहीं है,बावजूद इसके पाकिस्तान की कुछ बेहतरीन फिल्मों की एडिटिंग की जब चर्चाएं होती हैं,तो भारत देश के झारखंड की धरती में जन्में और पले बढ़े शख्सियत असीम सिन्हा के एडिट के बगैर अधूरी है। हिंदी फिल्मों सहित पाकिस्तान की कई चुनिंदा फिल्मों की एडिटिंग करने वाले हिंदी फिल्मों के मशहूर एडिटर असीम सिन्हा पाकिस्तान की कई फिल्मों के एडिटिंग कर चुके हैं। वे इन दिनों अपने पैतृक शहर रांची में हैं। इस बीच वे समय निकालकर रांची यूनिवर्सिटी के मास कम्युनिकेशन विभाग में करीब तीन घंटे तक मास कॉम के छात्र-छात्राओं के बीच अपना व्याख्यान दिए। फिल्म एडिटिंग के महत्वों पर प्रकाश डाले और फिर प्रभात मंत्र के लिए उन्होंने अपना साक्षात्कार भी दिये। बताया कि वे पिछले करीब 35 सालों से मुंबई में रहकर 20 से अधिक सुपर हिट फिल्में और धारावाहिकों का एडिटिंग कर चुके हैं। कई राष्ट्रीय -अंतरराष्ट्रीय स्तर की फिल्मों की भी उन्होंने एडिटिंग कर महारत हासिल की है। इस बीच उन्हें कई पुरस्कारों से सम्मानित भी किया जा चुका है।

**सवाल: आप पाकिस्तान की भी कुछ फिल्मों की एडिटिंग कर चुके हैं?**

**जवाब:** जी हां ! मैंने कुछ पाकिस्तानी फिल्मों का भी एडिटिंग किया हूं और अभी भी कर रहा हूं। यह सब न मैं पाकिस्तान जाकर करता हूं और न ही पाकिस्तान के निर्माता-निर्देशक भारत आते हैं। क्योंकि हम दोनों देशों के बीच का रिश्ता ही कुछ ऐसा है,जो बनता ही नहीं है। इसलिए हम लोग अमेरिका में ही जाकर वहीं रहकर पाकिस्तान की फिल्मों की एडिटिंग करतें हैं। मुख्य रूप से रामचंद पाकिस्तानी एजेंट, सावन जो ऑस्कर के लिए भी पाकिस्तान की तरफ से भेजा गया था, बुआई,अल्लाह हू अकबर जैसी फिल्में शामिल है। अभी भी कुछ फिल्मों का काम चल रहा है। मैं समझता हूं कि कला को कला ही रहने देना चाहिए, कला के क्षेत्र में



बॉर्डर बाधा नहीं बननी चाहिए, यह पाकिस्तानियों को भी सोचना चाहिए।

**सवाल: आप की शुरुआत बॉलीवुड की फिल्मों में कैसे हुई ?**

**जवाब:** मैं रांची में पला बढ़ा और मेरे चाचा प्रोफेसर विनोद कुमार फिल्म निर्माता-निर्देशक रहे हैं और घर में ही थिएटर और फिल्मों का कल्चर शुरू से था। इसे देखकर मैं बड़ा हुआ। चाचा की एक पत्रिका भी आती थी। सलील इसे मैं खूब पढ़ता था। इसी बीच पुणे इंस्टीट्यूट में मेरा दाखिला हो गया,1987 बैच छात्र था। फिर मैं फिल्म निर्देशक श्याम बेनेगल जैसे शख्सियत से जुड़ गया और उनके निर्देशन में कई फिल्मों की एडिटिंग किया। श्याम बेनेगल की मुख्य फिल्मों में मम्मो, जुबेदा ,सरदारी बेगम,वेलकम टू सज्जनपुर सहित बनारस ,दरमियान, अंतर्द्वंद ,दिल्ली चलो ,हासिल इत्यादि फिल्मों का एडिटिंग कर चुके हैं। दूरदर्शन से प्रसारित होने वाला सबसे सुपरहिट धारावाहिक चंद्रकांता का भी एडिटिंग किये हैं।

**सवाल: रांची में आप फिल्म बनाने की इच्छा रखते हैं?**

**जवाब:** जरूर,मेरी पैदाइश यहीं की है इसी मिट्टी का हूं। योगदा सत्संग विद्यालय से प्रारंभिक शिक्षा हुई है,जैन कॉलेज से ग्रेजुएशन किया, एक्सआइसेस से एक साल का मैनेजमेंट किया और इसके बाद मैं पुणे इंस्टीट्यूट चला गया। वहां से फिर मुंबई चला गया , मुझे काम मिलते चले गए। इसलिए लंबे समय तक मैं मुंबई में ही काम करने लगा, रांची में काम करने का मौका नहीं मिला। अब मेरे चाचा जी प्रोफेसर विनोद कुमार जिन्होंने आक्रांत जैसी फिल्म की शुरुआत झारखंड में किए थे। उनके कहने पर मैं यहां आया हूं,एक स्क्रिप्ट भी मिली है। प्रोड्यूसर की तलाश है। क्योंकि पैसे के बगैर बेहतरीन फिल्म नहीं बन सकती है।

**सवाल: मास कॉम के छात्र-छात्राओं को क्या कहना चाहते हैं?**

**जवाब:** मास कॉम के छात्रों से यही कहना चाहूंगा कि अगर आप फिल्म के क्षेत्र में आना चाहते हैं तो किताबें पढ़ने की आदत जरुर डालें। जितनी किताबें पढ़ेंगे उतना सीखेंगे।

**सवाल: डॉक्यूमेंट्री फिल्म और अन्य जो फिल्में हैं इसके एडिटिंग में क्या फर्क है ?**

**जवाब:** डॉक्यूमेंट्री फिल्म की एडिटिंग करना बहुत कठिन काम है,बहुत सोच समझकर करने की आवश्यकता होती है और बाकी जो फिल्में होती है वह स्क्रिप्ट पर आधारित होती है, तो ज्यादा दिक्कतें नहीं आती है।

## संक्षिप्त खबरें

### डीजीपी छह अप्रैल को लंबित कांडों की करेंगे समीक्षा

**रांची :** झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय कुमार सिंह छह अप्रैल को जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक के साथ लंबित कांडों की समीक्षा करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से डीजीपी छह अप्रैल को दिन के 12 बजे से समीक्षा बैठक करेंगे। झारखंड हाई कोर्ट के आदेश पर लंबे समय से लंबित कांडों को झारखंड पुलिस निपटाने में लगी है। इसके लिए एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाटकर की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है। एडीजी ने सीआईडी के साइबर अपराध एसपी को निर्देश दिया है कि रांची में आईटी एक्ट से संबंधित सर्वाधिक मामले लंबित हैं। अधिकतर मामलों में सीडीआर तक नहीं निकला है। इसलिए सीआईडी के एसपी साइबर अपराध इस मामले की समीक्षा अपने स्तर से करेंगे।

### राज्यपाल ने बालागुरुस्वामी को बनाया एकेडमिक एडवाइजर

**रांची :** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने यूपीएससी के पूर्व सदस्य और अन्ना विश्वविद्यालय विवि चेन्नई के कुलपति प्रो (डॉ) इ बालागुरुस्वामी को अपना एकेडमिक एडवाइजर (शैक्षणिक सलाहकार) नियुक्त किया है। प्रो बालागुरुस्वामी झारखंड में विश्वविद्यालय के कामकाज में सुधार के तरीके व संसाधन के बारे में राज्यपाल को सलाह देंगे। इसके अलावा वे एक विशेषज्ञ के तौर पर राज्य में उच्च शिक्षा के सुधार व विद्यार्थियों को पढ़ाये जा रहे पाठ्यक्रम के संबंध में राज्यपाल को सुझाव भी देंगे। वे राज्यपाल को उच्च शिक्षा के किसी विशिष्ट मुद्दे पर भी सुझाव दे सकेंगे। प्रो बालागुरुस्वामी सरकार के आइटी एडवाइजर के साथ-साथ प्लानिंग कमीशन तमिलनाडु के सदस्य रह चुके हैं। वर्तमान में वह इबीसी फाउंडेशन कोयंबटूर के चेयरमैन भी हैं।

## लापता युवक का शव बरामद, पुलिस छानबीन में जुटी

**रांची।** कांके थाना क्षेत्र के नीरजा सहाय स्कूल के नजदीक एक खेत से एक युवक का शव बरामद किया गया है। शव की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। युवक की पहचान सेमर टोली कांके के रहने वाले अरविंद उरांव (33) पिता प्रेम उरांव के रूप में हुई है। वे श्रीरामनवमी पर्व के दिन 30 मार्च की रात्रि से ही लापता था। शव को प्लास्टिक और कंबल में लपेट कर फेंका गया । पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। वहीं मृतक के पिता प्रेम उरांव ने हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कुछ दिनों पहले अपने रिश्तेदारों के साथ पुश्तैनी जमीन और इसमें लगे पेड़ को काटने को लेकर विवाद हुआ था और मौके पर ही सबक सिखाने की बात कही गई थी। उनके परिवार के एक युवक की मौत सड़क दुर्घटना में करमा पर्व के समय हुई थी, जिसके लिए डायन बिसाही का आरोप भी अरविंद की मां पर कथित तौर पर उन लोगों के परिवार के सदस्यों ने लगाया था।

## जेएससीए में खेला गया बोकारो और जमशेदपुर के बीच क्रिकेट मैच




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** फाइनल मैच जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में बोकारो और जमशेदपुर के बीच खेला गया। जमशेदपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बोकारो की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 270 रन बनाया। जिसके ज़बाब में जमशेदपुर की पुरी टीम 48 ओवर खेलकर 247 रन बनाया। आज के मैच का मैन ऑफ द मैच बोकारो के साहिल राज को घोषित किया गया।साहिल ने 50 बॉल खेलकर 66 रन बनाए और 3 विकेट भी लिए जेएससीए अध्यक्ष संजय सहाय, ज्वाइंट सेक्रेटरी पी एन सिंह और रांची जिला क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष विभूति भूषण प्रसाद द्वारा किया गया।

## खजूर की डाली के साथ निकाली गई शोभायात्रा



छाया : नसीम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रविवार को हरमू संत फ्रांसिस चर्च में पल्ली पुरोहित गन और सैकड़ों की संख्या में मसीही लोग खजूर के डाली के साथ संत फ्रांसिस स्कूल परिसर से एक शोभायात्रा के रूप में निकाली गई । यह शोभा यात्रा हरमू चौक होते हुए चर्च परिसर तक किया गया उसके बाद रोहित द्वारा सामूहिक मिस्सा का आयोजन किया गया।

## महिला बस में भी महिला कंडक्टर नही है : अजय सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाकपा रांची जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने बयान जारी कर कहा की रांची नगर निगम के द्वारा जवाहर लाल नेहरू शहरी बस के परिचालन में अनिमियता और अव्यवस्था को लेकर सवाल उठाया जा रहा है , जो जायज और जनहित में है।ज्ञातव्य हो की रांची नगर निगम के द्वारा ये बस सेवा 2012 से लगातार संचालित है और ये बस उन्हें लोगो के वेलफेयर स्कीम के तहत परिचालन करना है और लोगो को कम से कम पैसे में गंतव्य पर पहुंचना है।लेकिन रांची नगर निगम के कर्मचारियों और प्रशासन ने इसे कमाई का जरिया बना लिया है।टिकट नगर निगम उपलब्ध नहीं करा के उल्टे अपराधियों से गठजोड़ कर मनमाना किराया वसूल रहा है और नौकरशाह अपनी जेबें भर रहे है।आमलोग बस का मनमाना किराया देने को मजबूर है।महिला बस में भी महिला कंडक्टर नही है जिससे महिलाएं भी परेशान रहती है ।नगर निगम प्रशासन नित्यादिन बस में नए कर्मचारी बदलते रहते है जो द्य कंडक्टर या ड्राइवर अधिक राशि देता है उसी को ड्यूटी मिलती है जो रांची नगर निगम के प्रशासक की पोल खोलती है।लगमभ 100 बसे निगम के अधीन है , को नगर निगम के लिए कामधेनु बनी हुई है।इसलिए सीपीआई मांग करती है ही रांची नगर निगम जवाहर लाल नेहरू बस सेवा के परिचालन पर श्वेत पत्र जारी कर स्तिथि स्पष्ट करें।

## फर्जी कोविड रिपोर्ट बनाने वाले दो युवक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एक साल पहले कोरोना महामारी ने हड़कंप मचाकर रख दिया था। इस बीच कोरोना से बचने के लिए कोशिश वैक्सीन की व्यवस्था की गई थी जो आज भी जारी है। कोविड वैक्सीन यात्रा के दौरान के लिए भी बनाया जाना अनिवार्य है। इस दौरान एक मामला सामने आया है कि कुछ लोग फर्जी कोविड रिपोर्ट बना कर उसका उपयोग भी किया है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है।

रांची के बरियातू पुलिस ने फर्जी कोविड रिपोर्ट बनाने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम अमरजीत और सन्नी



बताया गया है। इस मामले को लेकर रिम्स के अधीक्षक ने बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसी मामले में संजय तिवारी ने सरेंडर से बचने के लिये कोरोना पॉजिटिव का फर्जी सर्टिफिकेट बनाया था। सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत की अवधि समाप्त होने के बाद संजय तिवारी को 25 मार्च को सरेंडर करना था, लेकिन उसने 27 मार्च को कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट अदालत में दे दिया। अपने आप को रिम्स में इलाजरत बताया, हालांकि ईडी ने जांच की तो फर्जी पाया गया। इसके बाद संजय तिवारी फरार हो गया। बीते शनिवार को ईडी की टीम संजय तिवारी के अरगोड़ा स्थित आवास पर छापेमारी की थी लेकिन वो फरार था।इस संबंध में बरियातू थाना प्रभारी ज्ञान रंजन ने बताया कि मामला सही है कि कोविड की फर्जी रिपोर्ट बनाने वाले दो युवक गिरफ्तार किया गया गए है।

## पारस अस्पताल परिवार ने 2500 पुस्तकें नमो बुक बैंक को प्रदान की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पारस अस्पताल परिवार ने 2500 पुस्तकें नमो बुक बैंक को प्रदान की। इसके साथ ही सांसद संजय सेठ द्वारा किए गए नमो बुक बैंक ने पुस्तकें प्राप्त करने का ढाई लाख का लक्ष्य पूर्ण कर लिया। इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने खुद पारस अस्पताल जाकर, वहां से पुस्तकें प्राप्त की। इस अवसर पर सांसद में अस्पताल परिवार द्वारा आयोजित इस सहयोग कार्यक्रम की सराहना की। सांसद ने इस अवसर पर कहा कि नवंबर 2020 में बुक बैंक



हमने आरंभ किया था, तभी मुझे विश्वास था कि समाज इस बुक बैंक को सफलता के शिखर तक ले कर जाएगा, यह कार्य पूर्ण हुआ। सांसद ने कहा कि यह ज्ञान बांटने का एक महायज्ञ है, जिसमें समाज ने आहुति देने का काम किया। सांसद ने कहा कि इस बुक बैंक की प्रशंसा खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी की। मेडिकल डायरेक्टर डॉ संजय ने घोषणा की कि पारस अस्पताल नमो बुक बैंक के पुस्तक संग्रह का एक केंद्र बनेगा। इस क्षेत्र के लोग यहां पर भी अपनी पुस्तकें जमा कर सकते हैं। डॉ0 संजय ने सांसद को सुझाव दिया कि नमो बुक बैंक, नमो टॉय बैंक के बाद हमें नमो कपड़ा बैंक का भी शुभारंभ करना चाहिए। इस आयोजन में डॉ रमेश दास, डॉ नीतीश कुमार, डॉ अंशु अग्रवाल, डॉ अंकुर सौरव, डॉ अनुज कुमार, भागवत बिष्ट, कुमार यशवंत, ओम प्रकाश, शिव अक्षत, मेहा मानसी पार्षद दीपक लोहरा सुचिता रानी राय मंडल अध्यक्ष उमेश यादव चंदन पटेल सहित अन्य सदस्यों ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## एरोबिक विधि से धान की सीधी बुआई तकनीक को अपनाने की जरूरत : पीके सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के अपर निदेशक अनुसंधान डॉ. पीके सिंह ने कहा कि झारखंड राज्य की सबसे प्रमुख फसल धान है। ऐसी स्थिति में राज्य में मौसम परिवर्तन को देखते हुए किसानों को सीमित स्तर पर एरोबिक विधि से धान की सीधी बुआई तकनीक को अपनाने की जरूरत है। इससे विषम मौसम में भी किसानों को नुकसान नहीं होगा। डॉ सिंह रविवार को बीएयू के निदेशालय अनुसंधान अधीन संचालित अखिल भारतीय समन्वित चावल सुधार अनुसंधान परियोजना के जनजातीय उप परियोजना के तहत एकदिवसीय प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम के समापन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि खरीफ 2021 में राज्य में धान का बंपर उत्पादन हुआ, जबकि मौसम के बेरुखी की वजह से खरीफ 2022 में धान के रकबा में 9.32 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल की कमी और करीब 35 लाख टन कम धान का उत्पादन हुआ। सिंह ने कहा कि किसानों के खेतों में बीएयू द्वारा विकसित सुगंधित किस्म बिरसा विकास धान-1 का बढ़िया प्रदर्शन देखने को मिला है। इस किस्म की खेती और इसके चावल दाने को बेचकर किसान दुगुनी से अधिक कमाई कर सकते है। उन्होंने सभी किसानों को चावल सुधार परियोजना के अधीन बैटरी चालित स्प्रे मशीन उपादान स्वरूप प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना प्रभारी (चावल सुधार) डॉ कृष्णा प्रसाद ने झारखंड में धान उत्पादन से संबंधित नई तकनीकी, डॉ एखलाख अहमद ने धान उत्पादन की बढ़ोतरी में फसल प्रजाति की भूमिका, डॉ वर्षा रानी ने सुखाड़ में धान फसल का प्रबंधन, डॉ पीबी साहा ने धान उत्पादन में माइक्रोन्यूट्रीएंट का महत्त्व, डॉ रबिन्द्र प्रसाद ने धान फसल में कीट व्याधि का प्रबंधन एवं डॉ एमके बर्नवाल ने धान फसल में प्रमुख रोगों का प्रबंधन के बारे में बताया।

## सेल ने वर्ष 2022-23 में अब तक का किया सर्वश्रेष्ठ वार्षिक उत्पादन

**रांची।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) - इस्पात मंत्रालय के तहत एक महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई, ने 31 मार्च 2023 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान अब तक का सर्वोत्तम वार्षिक उत्पादन हासिल किया है। इस अवधि के दौरान कंपनी ने 194.09 लाख टन हॉट मेटल और 182.89 लाख टन कच्चे इस्पात का उत्पादन दर्ज किया है जो पिछले सर्वश्रेष्ठ की तुलना में क्रमशः 3.6त्न और 5.3त्न की वृद्धि थी। कंपनी लगातार अपने उत्पादन में वृद्धि करने के साथ-साथ मूल्य वर्धित और विशेष इस्पात उत्पादन पर ध्यान दे रही है।

## कांग्रेस अप्रैल माह में जय भारत सत्याग्रह आंदोलन चलाएगी : ठाकुर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आलोकतांत्रीक तरीके से राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने के मामले, नरेंद्र मोदी के साथ गौतम अडानी के रिश्ते सदन में विपक्ष के सांसदों को बोलने न देने और प्रधानमंत्री के तानाशाही रवैये के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस अप्रैल माह में जय भारत सत्याग्रह आंदोलन चलाएगी तथा राज्य के तम्मा जिलों एवं प्रखण्डों में आंदोलन करेंगी। इसी संदर्भ में कार्यक्रम की सफलता हेतू अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव सह झारखण्ड प्रभारी अविनाश पांडे ने पीएसी के सदस्य कार्यकारी अध्यक्ष, मंत्री एवं विधायकगण तथा प्रदेश महासचिव के साथ वर्चुअल बैठक की। वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि राहुल गांधी की ओर केन्द्र सरकार से किये गये किसी सवाल का जबाव न देकर उनके खिलाफ असंसदिय और अलोकतांत्रिक तरीके को अपनाया गया। प्रधानमंत्री और उनके सहयोगी द्वारा तत्यों को तोड़ मरोड़ कर, झूठी अफवा फैलाकर, लोकतंत्र का मखौल उड़ाया गया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा पुछे गये वेहद गंभीर, महत्वपूर्ण और राज्य सुरक्षा के सवालों का प्रधानमंत्री के पास कोई जवाब नहीं है। देश के एक-दो उद्योग पतियों को नियम एवं नीति के विरूध लाभ देकर जहाँ कानून को ताक में रखकर घोटाला करवाया यही कारण है कि इन घोटालों से देश की आर्थिक स्थिति चरमरा गई ।प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि सिर्फ कांग्रेस पार्टी के नेता होने के कारण हम विरोध नहीं कर रहें बल्कि देश के सजग नागरिक के होने नाते भी देश को अनिर्श्चिता उबारना हमारा कर्तव्य बनता है।

उन्होंने कहा कि झारखण्ड के लोग और कांग्रेस के कार्यकर्ता इन दयित्यों का निर्वाहन मजबूती के साथ करेंगे। उन्होंने प्रदेश प्रभारी को अवगत कराया कि इस बाबत तमाम जिलाध्यक्षों, विधायकों, मंत्रियों, प्रदेश पदाधिकारियों और वरिष्ठ कांग्रेसजनों से लगातार से संर्पक में है और कार्यक्रम की मजबूती के लिए तमाम लोगों को निर्देशित भी कर दिया है उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अग्रिम संगठनों एवं विभाग एवं प्रकोष्ठों के साथ बैठक की गई है।इस वर्चुवल बैठक में प्राणव झा, गीता कोड़ा, जलेश्वर महतो, बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, पूर्व केद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, मधु कोड़ा, सुखदेव भगत, बादल पत्रलेख, प्रदीप बालमुचू, फुरकान अंसारी, केशव महतो कमलेश, दीपिका पांडे सिंह, रामचन्द्र सिंह, गौरव वल्वभ, ब्रजेन्द्र सिंह, भीम कुमार, रमा खलखो, कालीचरण मुण्डा, अमुल्य नीरज खलखो, संजय लाल पासवान, सोना राम सिन्कू, केदार पासवान, अभिजीत राज, राकेश्वर पांडे, अमीर हाशमी, राजीव रंजन प्रसाद गुंजन सिंह, गजेन्द्र सिंह, एम तौसिफ आदि उपस्थित थे।

## लोकतांत्रिक ढांचे के ऊपर हो रहा कुठाराघात : कांग्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में झारखंड युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई। पत्रकारों से संबोधन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने देश के लोकतांत्रिक ढांचे के ऊपर हो रहे कुठाराघात पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि युवा कांग्रेस इस परिस्थिति से भिड़ने के किए पूरी तरह तैयार है। कांग्रेस पार्टी ने इस देश में लोकतंत्र के अधिष्ठापन के लिए आजादी के पूर्व भी बलिदान दिए थे और आज भी बलिदान देने को तैयार हैं। अपने मित्र अडानी के लिए देश की परिसंपत्तियों, अर्थव्यवस्था और लोकतंत्र को प्रधानमंत्री द्वारा ताक पर रख दिए जाने के विरोध में युवा कांग्रेस द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। इस के अनुसार दिनांक 3 अप्रैल को कांग्रेस प्रदेश कार्यालय से शांतिपूर्ण मशाल जुलूस निकालकर उलगुलान किया जायेगा। दिनांक 4 को प्रदेश के हर जिला मुख्यालय पर दो महापुरुषों की प्रतिमाओं के मध्य सत्याग्रह मार्च निकाला जाएगा। और 5 अप्रैल को पूरे प्रदेश के हर टोल




प्लाजा को युवा कांग्रेस के द्वारा जाम कर दिया जायेगा। दिनांक 6 अप्रैल से पोस्टकार्ड अभियान के तहत युवा कांग्रेसी हर प्रखंड तक पहुंच कर लोगों को देश की वर्तमान भयावह स्थिति के बारे में अवगत करा कर वास्तविक सवालों से भाग रहे प्रधानमंत्री के नाम पोस्टकार्ड भेज कर तीन सवाल करने का कार्य करेंगे।

1. अडानी ने भाजपा को कितने करोड़ का फंड दिया है।
2. आपके आधिकारिक विदेश दौरों पर अडानी को कितने ठेके मिले हैं
3.वह सूत्र बताएं जिसकी बदौलत आपके मित्र चंद वर्षों में 609वें नंबर से 2 रे नंबर के अमीर बन गए।

मौके पर सत्यम सिंह, लक्षिकांत, आशुतोष राय, जमील अख्तर,भूपेश कुमार, रमन सिंह, प्रवक्ता मणिकांत सिंह, अभिषेक सौरभ, अभिषेक तिवारी मौजूद थे।

## वामन द्वादशी एवं गुरु महाराज के जनसेवा के स्वर्णिम 51 वर्ष पूर्ण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 79निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। 80 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन संस्था के सदस्य एवम गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्य संजय अग्रवाल और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। लगभग 700 से ज्यादा श्रद्धालुओ राहगीरों एव जरूरतमंदों ने श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का प्रसाद का वितरण कर सेवा की गई।प्रत्येक सप्ताह श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे मे समाज के लोग बढ चढ कर अपनी भागेदारी निभा रहे है।अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने वालो की संख्या भी प्रत्येक सप्ताह बढती जा रही है। अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी, पुर्णमल सर्राफ,ओम प्रकाश सरावगी, नन्द किशोर चौधरी, परमेश्वर साहु महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या चन्दा देवी अग्रवाल,संतोष देवी अग्रवाल एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, सोमवार, 3 अप्रैल 2023 | पेज 4


# सरना धार्मिक-सामाजिक व्यवस्था का संरक्षण व संवर्धन करना सुनिश्चित हो : विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** कमडारा के अरहरा में रविवार को सरना धर्म सोतो- समिति का आठवां शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित किया गया. मधु बारला, लेचा मुंडा व चंदा आइंद की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिडबोंगा की पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई और विभिन्न मंडलियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सरना भजन प्रस्तुत कर भक्तिमय बनाया. इस समारोह में मुख्य अथिति सिसई विधायक जिगा सुसासन होरो और विशिष्ट अथिति डॉ सीताराम मुंडा रहे.



इस अवसर पर धर्मगुरु सोमा कंडीर ने कहा कि इस अवसर पर धर्मगुरु सोमा कंडीर ने अनुयायियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिडबोंगा की स्तुति से हमारी आत्मा में भक्ति व श्रद्धा बढ़ती है तथा समाज में प्रेम व भाईचारा की भावना पनपती है. इससे लोभ, लालच व अहंकार जैसे बुराईयां दूर होती है और जीवन में सुख, शांति और खुशहाली आती है. उन्होंने आगे कहा कि भगवान के सामने सब बराबर हैं जिससे सबको समान कृपा मिलती है. हमें इसके लिए सदा धर्म के रास्ते पर चलना चाहिए और समाज में प्रेम व भाईचारा के साथ रहना चाहिए. सिडबोंगा की स्तुति के साथ-साथ मनुष्य, जीव-जंतु व सारी सृष्टि का सम्मान करना ही सरना धर्म का मूल सिद्धांत है. इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिसई विधायक जिगा सुसारन होरो ने कहा कि सरना प्रकृति पर आधारित विश्व का प्राचीनतम धर्म है. इसमें आज भी सच्चाई, अच्छाई, ईमानदारी व निष्ठा है परंतु धार्मिक प्रतिस्पर्द्धा में धीरे-धीरे अपनी मूल अस्तित्व व अस्मिता लुप्त होती जा रही है. इससे न केवल धार्मिक-सामाजिक व्यवस्था कमजोर हुई है बल्कि जल-जंगल-जमीन से भी बेदखल होना पड़ रहा है. अत- आदिवासियों के समुचित विकास हेतु सरना धार्मिक-सामाजिक व्यवस्था का संरक्षण व संवर्धन करना सुनिश्चित होना चाहिए. इस कार्यक्रम में मथुरा कंडीर, सुखराम मुंडा, लुथडू मुंडा, बिरसा तोपनो, बुधराम बारला, पुना बारला, सोमा बारला, प्रेमचंद बारला, सुखराम केरकेट्टा, जोसेफ बारला, जेम्स होरो, कोलय ओड़ेया, बंटी ओड़ेया, पिंटु केरकेट्टा, मरकस होरो, सुमित सोय, विजय बारला, एतवा बारला, बुधवा बारला आदि ने विचार व्यक्त किए. इस समारोह में खूंटी, मुरहू, बंदगांव, अड़की, गुमला, कमडारा, तोरपा, तपकारा तथा आस-पास के गांवों के सरना धर्मावलंबी शामिल हुए.।

# शहीद दिलीप बेदिया की शहादत दिवस के अवसर पर मैराथन दौड़ का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गेड़ेवीर के समीप शहीद दिलीप बेदिया के शहादत दिवस के अवसर पर आज रविवार को मैराथन दौड़ का आयोजन कुसुम टीकरा स्कूल मैदान से गेड़ेवीर चौक तक 5 किलोमीटर का दौड किया गया। वही भारतीय सेना के बहाली के तर्ज पर अभ्यर्थियों के बीच लिखित परीक्षा का भी आयोजन किया गया जिसमें लगभग 60 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। 18 वर्ष के नीचे के छात्र छात्राओं के लिए भी 200 मीटर, 400 मीटर, और 800 मीटर का दौड भी आयोजित किया गया जिसमें



आसपास क्षेत्र के काफी छात्र-छात्राएं काफी उत्साह और जोश के साथ सम्मिलित हुए। कमेटी के द्वारा बताया गया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है कि इस क्षेत्र के छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को उज्जवल कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें तथा सरकारी सेवा में भी अपने भविष्य को संवार सकें। इस मौके पर कीनो राम बेदिया, संजय कुमार बेदीया, ज्योति लाल बेदिया, सुनील बेदिया, तरुण मंडल, लखीराम बेदिया, जनार्दन बेदिया, लखी चरण मुंडा, गुहीराम बेदिया, जयद्रथ बेदिया, सुनील बेदिया, गुनेश्वर बेदिया, जलधर बेदिया, कुलदीप बेदिया, चुन्नीलाल बेदिया समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## वृक्षामाला नदी तट संरक्षण महा अभियान का आयोजन किया गया



**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में जल संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण योजना पर काम चल रहा है। इसके तहत आज दिनांक 02/04/2023 को मांडर प्रखंड अंतर्गत मंदरों पंचायत में कोयल नदी के किनारे पर आजादी का अमृत महोत्सव मनरेगा के तहत वृक्षामाला नदी तट संरक्षण महा अभियान का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत ग्रामीणों के बीच नदी तट का संरक्षण कैसे किया जाए इसकी जानकारी प्रखंड से उपस्थित कनीय अभियंता आशुतोष कुमार एवम ग्राम रोजगार सेवक आशिक अंसारी की उपस्थिति में दी गई मौके पर मंदरो पंचायत के मुखिया श्री सुकरा उरांव एवं पंचायत समिति सदस्य श्रीमती प्यारी केरकेट्टा विधायक प्रतिनिधि श्री रंथेश्वर शाही समाजसेवी संजय शाही एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित हुए।

## सैक्रेड हर्ट चर्च लपरा में ईसाई धर्मावलंबियों ने पाम संडे मनाया



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईसाई धर्मावलंबियों ने सैक्रेड हर्ट चर्च लपरा में रविवार को पाम संडे (खजूर रविवार) मनाया।मसिहियों ने डॉन बोस्को एकेडेमी परिसर से खजूर की डाली लेकर प्रभु येशु का गुणगान करते हुए शोभा यात्रा निकाला और चर्च में प्रवेश किया तत्पश्चात हजारीबाग से आए पुरोहित जय प्रकाश लकड़ा के नेतृत्व में चर्च परिसर में खजूर रविवार का अनुष्ठान पुराहितों के द्वारा किया गया। कैथोलिक चर्च लपरा में मुख्य अनुष्ठाता पुरोहित जय प्रकाश लकड़ा द्वारा खजूर की डालियों का आशीष व मिस्सा अनुष्ठान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। इस दौरान अनुयायियों को प्रभु येशु के यरुशलम प्रवेश पर प्रभु के दुःख भोग की कथा सुनाई गयी एवं परमप्रसाद के वितरण के साथ समारोह समापन हुआ। सारे विधि में फादर संजय तिर्की, फादर विल्फ्रेड, व नमन मिंज ने सहयोग किया। इस अवसर पर तोबियस बाड़ा, कोर्नेलुइस खेस, संतोष भेंगरा, सिस्टर तेरेसा , सिस्टर बिरजिनिया, सिस्टर मंजूला ,कुसुम खेस , प्रेम एक्का, जोशी टीडी, राकेश साह, रजनी साह, जोभी जोसी, अनित मिंज, अशियानी टोप्पो, अनिमा लकड़ा, किसोरी खेस, अजय मिंज सहित अन्य मसिही उपस्थित थें

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से मिलकर विद्यालय भवन और चारदीवारी की मांग की गई



**अड़की (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के घाघरसोतिया स्थित होटल में रांची से वापस टाटा लौटने के क्रम में शनिवार को भारत सरकार के आदिवासी कल्याण एवं जनजातीय मामले के मंत्री माननीय अर्जुन मुंडा से झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह सालागाड़ीह निवासी संजय महतो ने मिलकर अड़की प्रखंड के सूदूरवर्ती ऊपर बालालौंग पंचायत के जोजोहातू में बिरसा उच्च विद्यालय में विद्यालय भवन निर्माण एवं विद्यालय में चहारदीवारी की मांग की,जिसपर अर्जुन मुंडा जल्द इस पर संज्ञान लेने का आश्वासन दिया है। ज्ञात हो कि वर्तमान में बिरसा उच्च विद्यालय जोजोहातु में हजारों की संख्या में छात्र छात्रा अध्ययनरत हैं और मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, विद्यालय भवन जर्जर स्थिति में है और शौचालय बदहाल स्थिति में है, तत्कालीन सांसद कड़िया मुंडा के मद से निर्मित दो कमरे का भवन है जिसपर विद्यालय किसी तरह चल रहा है जबकि विद्यालय का कार्यकाल सहित कक्षाओं के लिए पुर्व में निर्मित भवन दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा कभी इस भवन के गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है खिड़कीयां वेंटिलेटर टूटे पड़े हुए हैं जबकि दरवाजाओं की स्थिति दयनीय है।यह विद्यालय आदिवासी बहुल क्षेत्र में अवस्थित है,और एक समय यह क्षेत्र घोर नक्सल बहुल क्षेत्र था, शिक्षा के क्षेत्र में यह इलाका काफी पिछड़ा हुआ है।

# जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चर्चा किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** जनता मजदूर संघ क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में ,जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय पदाधिकारी इकाई के अध्यक्ष सचिव असंगठित के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की एक समीक्षा बैठक किया गया. बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष गोल्डन प्रसाद यादव व संचालन क्षेत्रीय सचिव डीपी सिंह ने किया. बैठक में कामगार साथियों का विभिन्न तरह के समस्याओं पर चर्चा किया गया. इस चर्चा में बताया गया कि रांची सीसीएल हेड क्वार्टर पर संकेतिक प्रदर्शन अच्छा रहा. इस कार्य के लिए क्षेत्र के कामगारों को शुभकामना धन्यवाद दिया गया. साथ ही संगठन के विस्तार पर चर्चा करते हुए सदस्यता अभियान चलाकर के सदस्यों को जोड़ने का काम करने का निर्णय लिया गया. उधर कामगारों का जो समस्या में प्रमोशन आवास का रिपेयर मेंटेनेंस सहित क्षेत्र में गंदगियों के कारण मच्छर का प्रकोप बढ़ गया है, कालोनी मै फॉगिंग करना है ,इसके लिए प्रबंधन से मांग, क्षेत्र में नालियों की सफाई और झाड़ियों की कटाई पर चर्चा किया गया. बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित सेतु बांध सिंह, चूरामन दास, अमिताभ बच्चन, अजय चौहान, टेकलाल महतो ,विश्राम ताना भगत ,विनोद उरांव, अनुरोध नोनिया, आनंद कुमार सिंह, उपेंद्र यादव ,कुमार पासवान, संजय कुमार, अनिल कुमार लोहरा ,नबी मियां, बिपाता मुंडा, गणेश राम गणेश ठाकुर शर्मा बिरजू माहतो, बूटन चौहान, संजय रवि, बस मेरा था संजय कुमार शंकर साहब तपेश्वर कुमार यादव ,जितेंद्र नोनिया ,बृहस्पति राम सहित अन्य उपस्थित थे.

## सिंगपुर में सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखण्ड के सिंगपुर मे रविवार को प्राकृति पर्व सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मिलन समारोह में विभिन्न गांव से सरना समिति के ग्रामीण पहुंचे! मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष बीना चौधरी भी शामिल हुए।उन्होंने कहा की सरहुल पर्व झारखंड का बहुत ही एतिहासिक पर्व है! यह पर्व जल, जंगल,जमीन से जुड़ा है। अतिथियों का स्वागत सरहुल आयोजन समिति ने अपने पारंपरिक तरिके से किया !अंबा रानी महतो ने अपने गानों पर सभी महिलाएं एवं पुरुष को झुमने पर मजबूर कर दिया! इस मौके पर



प्रखण्ड प्रमुख जितेन्द्र बढ़ाईक, उप प्रमुख आरती देवी, डॅक्टर रमणेश प्रसाद, शिशुपाल महतो, गणेश महतो, भगीरथ महतो, महादेव महतो, कृष्णा महतो,समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## सिल्ली आर्चरी के पांच खिलाड़ी चयनित

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली आर्चरी सेंटर के खिलाड़ी फाइनल विमेंस नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूर्नामेंट में सिल्ली से कुल पांच तीरंदाज क्वालीफाई किए है, जिसमे सीनियर कंपाउंड डिवीजन में मधुमिता कुमारी ,जूनियर कंपाउंड डिवीजन में बबीता कुमारी ,सीनियर रिकर्व डिवीजन में दीप्ति कुमारी,जूनियर रिकर्व डिवीजन में भावना कुमारी शामिल है! कुल 5 विमेंस नेशनल रैंकिंग आर्चरी टूर्नामेंट के बाद यह




फाइनल टूर्नामेंट हरियाणा के सोनीपत में 2 से 4 अप्रैल तक आयोजित किया गया है! चयनित होने की खुशी मे रांची जिला तीरंदाजी संघ के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो, अध्यक्ष श्रीमती नेहा महतो,सचिव चंचल भट्टाचार्य एवं तमाम खेलप्रेमियों ने पांचों खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## टाटीसिलवे एक्यूप्रेसर झारखंड शाखा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे द्वारा रविवार को झारखंड एक्यूप्रेशर दिवस मनाया गया । इस अवसर पर परिषद के द्वारा आम नागरिकों के लिए निःशुल्क सेवा शिविर लगाया गया। जिसमें मुख्य रूप से सुगर और बी पी का रोकथाम एक्यूप्रेसर चिकित्सा पद्धति से कैसे किया जाय इसका उपाय बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैप के डी एस पी मनोज कुमार व विशिष्ट अतिथि टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेन्द्र करमाली , विनोद अग्रवाल, किस्टो कुजु प्रधान ,डॉक्टर मधुसुदं पांडे। एक्यूप्रेसर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉ मधुसुदन पांडेय ने बताया की शुगर बीपी के साथ साथ अन्य कई तरह के जटिल से जटिल रोगों का चिकित्सा एकुप्रेशर से संभव है।साथ ही साथ डॉ पांडेय ने क्षेत्र के विभिन्न रोगों से ग्रसित नागरिकों को सेन्टर मे इलाज़ भी किया। कार्यक्रम कि शुरुआत द्वीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम में एक्यूप्रेसर चिकित्सक डॉ बलराम महतो डॉ नरेस महतो डॉ रूकमनी डॉ सरस्वती डॉ प्रिति डॉ संदीप कुमार पांडेय डॉ दीपक कुमार समेत कई अनुभवी चिकित्सक इत्यादि के साथ सैकड़ो रोगी उपस्थित थे।

# घटिया सड़क निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अनगड़ा :** अनगड़ा प्रखंड के सिरका पंचायत के ग्राम महेशपुर पुरूलिया रोड से लेंभाटोली तक ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बनने वाली सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। ऐसा आरोप लगाते हुए ग्रामीण सड़क निर्माण स्थल पर पहुंचे और संवेदक व अधिकारियों के प्रति आक्रोश जताया है , गांव के उप मुखिया प्रदीप उरांव,वार्ड सदस्य विजय मुंडा, राजेन्द्र मुंडा कलेश मुंडा, संतोष मुंडा,बाबू मुंडा, सुरेंद्र उरांव,विजय उरांव कृष्णा मुंडा,अशोक मुंडा सहित दर्जनों



ग्रामीणों ने कहा कि संवेदक विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर घटिया सड़क का निर्माण करा रहा है। सड़क निर्माण में खराब सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। पानी सही मात्रा में नहीं देने से ग्रामीण नाराज हैं। निर्माण कार्य घटिया तरीके से किया जा रहा है। बिना पदाधिकारियों और बिना इंजीनियर की उपस्थिति में ही संवेदक के द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इससे सड़क की गुणवत्ता पर सवालिया निशान खड़ा होने लगा है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जाच की माग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर विभाग द्वारा अविलंब एक सप्ताह के अंदर जाच कर कार्रवाई नहीं की गई, तो उक्त सड़क निर्माण कार्य को बंद करा दिया जाएगा। ज्ञात हो कि इस सड़क निर्माण की शुरुआत से ही बरती जा रही अनियमितता को लेकर ग्रामीण लगातार विरोध प्रकट करते आ रहे हैं। ग्रामीणों के आरोप को दरकिनार करते हुए संवेदक द्वारा मनमानी रवैया अपनाते हुए गड़बड़ी का कार्य कराने में लगे हुए हैं। इसी का ग्रामीणों ने विरोध किया। इस दौरान ग्रामीण काफी आक्रोशित थे।

## कांग्रेस पार्टी को मजबूती देने के लिए किया गया प्रभारी मनोनीत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** रविवार को जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने हेतु प्रदेश कार्यालय में सभी नवनियुक्त प्रभारियों के साथ बैठक किया गया। बैठक में अशोक कुमार गुप्ता एवं जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा को महासचिव का प्रभारी मनोनीत किया गया। प्रभारी मनोनीत किए जाने पर अशोक कुमार गुप्ता ने रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के सम्मानित अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो का दिल से आभार व्यक्त किया। वहीं जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा ने कहा



कि आपने मुझे जो प्रभार दिया है। उसको पूरी कर्मठता एवं सक्रियता के साथ कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए संगठन की मजबूती हेतु निस्वार्थ भाव से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे। बधाई देने में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी राजेश ठाकुर, खिजरी विधायक राजेश कच्छप,कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की,कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर आदि ने बधाई दिया।

# पुष्कर स्कूल आफ नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर में वर्षगांठ धूम-धाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** पुष्कर स्कूल ऑफ नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर में वर्ष गॉठ धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में आए अतिथियो का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया गया।सम्मानीय अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलं कर कार्यक्रम कि शुरुआत किया गया। छात्र छात्राओ द्वारा रंगारंग कार्यक्रम ,नृत्य,नाटक प्रस्तुत किये गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि सेवा भाव ही अपना पहला धर्म हैं।ट्रेनिंग पूर्ण कि हुई छात्राओ को कैपिंग देकर शपथ दिलाई गई कि फ्लोरेंस ना टिंगल के आदर्शो पर चलना है।इस शुभ अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य अतिथि निलम माइकल सी एच सी



नामकुम,निदेशक सुनिल कुमार पुष्कर, नूतन पाहन मुखिया, डॉक्टर अरविंद रजक,मनीषा पुष्कर,प्रभुनाथ शर्मा,किसोरी प्रसाद शर्मा,राहुल कुमार,राजदेव,वेद ,अशोक प्रिय दर्शी,आलोक कुमार इत्यादि के साथ सैकडो अभिभावक,छात्र छात्राए उपस्थित थे।

## अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस ने चलाया सघन जांच अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** रविवार को अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस ने चलाया एंटी क्राइम चेकिंग अभियान । इस क्रम में पुलिस के द्वारा इटकी थाना के समीप सघन वाहनों की जांच की गई । इस दौरान करीब दर्जनों दो पहिया वाहन और दर्जनों चार पहिया वाहनों की जांच की गई। वाहन चालकों को ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन के कागजात, दुरुस्त करने सहित नियमित हेलमेट पहनकर ही बाइक चलाने की हिदायत दे कर. एव जो दो पहिया वाहनों का कागज सही नहीं पाया गया उसे चालान काटकर छोड़ा गया । जांच अभियान में थाना प्रभारी रजनी रंजन, कॉस्मॉस टोप्पो, प्रवीण कुमार सहित पुलिस बल उपस्थित थे।

# अत्याधुनिक वीएलएसआई डिजाइन लैब का किया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** आरटीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी आनंदी ओरमांझी में अत्याधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस वीएलएसआई डिजाइन के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने फीता काटकर लैब का उद्घाटन किया। संस्थान में इस लैब का शुभारंभ ए आर एफ डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड और बी हाइव डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से किया गया। वीएलएसआई डिजाइन एक ऐसी तकनीक है। जो एक जटिल डिजिटल सिस्टम को सिंगल इंटीग्रेटेड सर्किट या आईसी के छोटे रूप में परिवर्तित करता है। इस तकनीक से बनी चिप, बहुत छोटी व तेज होती है। जो बहुत कम बिजली खपत करती है। संस्थान के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के तहत, वीएलएसआई डिजाइन इंजीनियरिंग की पढ़ाई होती है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं प्रौद्योगिकी की बढ़ती जरूरतों के कारण वीएलएसआई इंजीनियर की भारी मांग बढ़ी है। वीएलएसआई डिजाइन का क्षेत्र छात्रों को एक बेहतरीन कैरियर विकल्प दे रहा है। वहीं कंपनियों के उपस्थित प्रतिनिधियों ने कहा कि संस्थान के प्रशिक्षित छात्रों को प्रशिक्षण के उपरान्त उनके कंपनीयों में कार्य करने का अवसर मिल सकता है। मौके पर मुख्य रूप से जे यु टी के कुलपति, सरला बिरला यूनिवर्सिटी के कुलपति, एनआईएमटी के निदेशक, एसटीपीआई रांची के पूर्व निदेशक, सौजन्य कंपनियों के निदेशक, आरटीसीआईटी के निदेशक, प्राचार्य, सचिव, प्रबंध निदेशक एवं अन्य सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे।

## टाटा मेन हॉस्पीटल में अत्याधुनिक ऑप्थल्मोलॉजी ऑपेरशन थियेटर शुरु



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा मेन हॉस्पीटल ने जमशेदपुर के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए एक नए ऑप्थल्मोलॉजी ऑपरेशन थियेटर का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील के साथ रुचि नरेंद्रन, प्रेसिडेंट, जमशेदपुर आई हॉस्पिटल और डॉ. सुधीर राय, जनरल मैनेजर, मेडिकल सर्विसेज, टाटा स्टील व अन्य गणमान्य लोग शामिल थे। ऑप्थल्मोलॉजी विभाग अब माइक्रोस्कोप, ऑपरेशन थिएटर टेबल, फ़ाकोमल्सीफिकेशन सिस्टम और एनेस्थीसिया मशीन जैसे आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से लैस है। यह पहली बार है जब टीएमएच में आंखों की सर्जरी की जाएगी। नई सुविधा में उन्नत चिकित्सा उपकरण जैसे जीस ओपीएम । लुमेरा । माइक्रोस्कोप, जीस ओप्मी लूमेरा 300 और एक आधुनिक फ़ाकोमल्सीफिकेशन सिस्टम मशीन - सेंचुरियन गोल्ड विज़न सिस्टम है। नए ऑप्थल्मोलॉजी ऑपरेशन थियेटर में अब तक 300 से अधिक मरीजों का ऑपरेशन किया जा चुका है।

## सोनारी में बजरंग अखाड़ा सार्वजनिक पूजा धूमधाम से मनाया गया



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोनारी नॉर्थ लेआउट ग्वाला बस्ती श्री श्री पवन पुत्र बजरंग अखाड़ा सार्वजनिक पूजा धूमधाम से मनाया गया। यह पूजा गिरिनाथ गोस्वामी के देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से कल्याण चंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, भरत सिंह और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर छाऊ नाच का भी आयोजन किया गया था। मौके पर कल्याण चंद्र सिंह ने पूजा की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में पूजा इससे भी बेहतर आयोजन किया जाएगा।

## बोड़ाम-पटमदा के चार हरि मंदिरों में आस्तिक महतो ने टेका मत्था



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर के समाजसेवी सह झारखंड आंदोलनकारी आस्तिक महतो ने रविवार को बोड़ाम प्रखंड के चुनिडीह एवं पटमदा के गेंगाड़ा, बनकुंचिया व इंदाटांड़ा गांव स्थित हरि मंदिर में मत्था टेका। उनके साथ मौजूद बोड़ाम के पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो ने बताया कि चुनिडीह, गेंगाड़ा व बनकुंचिया गांव में जारी हरिनाम संकीर्तन में शामिल होकर आशीर्वाद लिया एवं क्षेत्र की खुशहाली हेतु भगवान से प्रार्थना की गई। उन्होंने बताया कि इंदाटांड़ा में मंगलवार की सुबह से कीर्तन शुरू होने वाला है। यहां कमेटी के सदस्यों से मुलाकात करते हुए चर्चा की गई। मौके पर उनके साथ कैलाश महतो, दीपक महतो व रामनाथ महतो आदि शामिल थे।

## हैप्पी मॉर्निंग स्टार किड्स प्ले स्कूल का हुआ उद्घाटन

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शिक्षा के बिना किसी समाज का विकास असंभव है। शिक्षा से ही सफलता की मंजिल मिलती है। साथ ही, शिक्षा मानवता का बोध कराती है। उपरोक्त बातें छोटा गम्हरिया पंचायत की मुखिया निरोला सरदार ने स्थानीय बजरंग कॉलोनी में हैप्पी मॉर्निंग स्टार किड्स प्ले स्कूल के उद्घाटन समारोह के अवसर पर कही। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने फीता काटकर व गुब्बारा उड़ाकर किया। इस मौके पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। विद्यालय की संचालिका शिल्पी सिंह ने बताया कि स्कूल का संचालन पूरी तरह से महिलाओं द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर निदेशक अशोक सिंह, दीपाली डोकानिया, अजीत सिंह, अंकेश राज, अंकिता कुमारी आदि उपस्थित थे।

## मस्ती की पाठशाला में बच्चों के साथ साधारण ज्ञान, नृत्य व संगीत की प्रतियोगिता आयोजित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत द टिस्को कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लिमिटेड चेयरमैन सुब्रत सिन्हा एवं टीम के नेतृत्व में समाज सेवा परम धर्म को सार्थक करते हुए सिद्धगोड़ा स्थित मस्ती की पाठशाला( महिला शाखा) में बच्चों के साथ साधारण ज्ञान प्रतियोगिता,नृत्य संगीत की प्रतियोगिता कार्यक्रम किया गया। मस्ती की पाठशाला में अदृश्य बच्चों,वंचित और बेघर अस्वस्थ सम्मानजनक और खतरनाक व्यवस्था में जैसे कचरा बिनने, स्लैग पिकिंग, भीख मांगने, रेलवे प्लेटफार्म व ट्रेनों में काम करने आदि में लगे हुए बच्चे को टाटा स्टील एक समृद्धि पूर्ण आकार देने की कोशिश किया है। इस कार्यक्रम में सोसायटी के चेयरमैन सुब्रत सिन्हा,वाइस चेयरमैन अश्वनी मथान, विद्याभूषण झा, त्रिलोचन परीदा, अमरजीत, विनोद ठाकुर,अनंत ठाकुर, सेक्रेटरी कमलेश यादव, सुभाजित गुहा,अरविंद एवं अन्य सदस्य ने सहयोग किया। टाटा फाउंडेशन की तरफ से सोमनाथ हेंब्रम सहयोग किए।

# बॉलीवुड स्टार शिल्पा शेट्टी ने बिष्टुपुर में कल्याण ज्वैलर्स के नए शोरुम का किया उद्घाटन

### राज्य के सबसे बड़े बाजार में रखा कदम, झारखंड में पूरे किए अपनी मौजदूगी के 5 वर्ष





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारत के सबसे भरोसेमंद और प्रमुख आभूषण ब्रांडों में से एक कल्याण ज्वैलर्स ने रविवार को बिष्टुपुर मेन रोड़ एस बी शॉप एरिया में अपना नया शोरूम लॉन्च किया। शोरूम का विधिवत उद्घाटन बॉलीवुड स्टार शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने किया। झारखंड राज्य में यह कंपनी का दूसरा शोरूम है। शोरूम की लॉन्चिंग के अवसर पर एक यूनिक प्रमोशन के तहत कल्याण ज्वैलर्स पर कम से कम 1 लाख रुपए की खरीदारी करने पर ग्राहकों को आधे खरीद मूल्य पर कोई भी मेकिंग चार्ज नहीं देना होगा। यह ऑफर सीमित अवधि के लिए ही वैध हैं। इस अवसर पर बॉलीवुड स्टार शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने कहा कि कल्याण ज्वैलर्स के इस नए शोरूम को लॉन्च करने और आप सभी से मिलने के लिए आज यहां आकर मैं बेहद रोमांचित हूं। इस खास मौके का हिस्सा बनना मेरे लिए वाकई सम्मान की बात है। ऐसे प्रतिष्ठित ब्रांड का प्रतिनिधित्व करना भी किसी प्रतिष्ठा से कम नहीं है, जो विश्वास और पारदर्शिता के मूल स्तंभों पर बना है और जिसका हर कदम ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए उठाया जाता है। मुझे विश्वास है कि इस क्षेत्र में ब्रांड के ग्राहक कल्याण ज्वैलर्स के लिए अपने प्यार और समर्थन की बौछार करेंगे, साथ ही आभूषणों की उत्कृष्ट रेंज के साथ-साथ विशिष्ट खरीदारी अनुभव का आनंद भी लेंगे।' नए शोरूम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने कहा कि एक कंपनी के रूप में, हमने बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं और ग्राहकों को खरीदारी का बेहतर अनुभव प्रदान करने के लिए हमने एक शानदार इको सिस्टम तैयार करने की दिशा में बड़े कदम उठाए हैं। हमें झारखंड राज्य में 5 सफल वर्ष पूरे करने के अवसर पर दूसरे शोरूम के शुभारंभ की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। हम उत्तर भारत में अपनी मौजूदगी का विस्तार करते हुए अपनी विकास यात्रा के इस अगले चरण की शुरुआत कर रहे हम आने वाले समय में भी कंपनी के विश्वास और पारदर्शिता के मूल मूल्यों पर कायम रहते हुए अपने ग्राहकों को खरीदारी का सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने की दिशा में काम करना जारी रखने का वादा करते हैं।

## संजय नदी के नाम से वृहत जलाशय बांध का हो रहा विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** प्रखंड के दुग्धा पंचायत अंतर्गत खुचीडीह गाँव के जाहेरगाढ़ प्रांगण में माझी बाबा सह ग्राम प्रधान वीरधान माझी की अध्यक्षता में एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। उक्त ग्राम सभा मे खुचीडीह गाँव के अलावे आसपास के कई गांवों के प्रधान सह माझी बाबा व काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान बगैर ग्राम सभा किए संजय नदी के नाम से वृहत जलाशय बाँध एवम् नदी के दोनों छोर के किनारे कई मीटर तक कैलन का सौंदर्यकरण करने का विरोध किया गया। माझी बाबा वीरधान माझी ने बताया कि बिना ग्राम सभा किए राज्य सरकार द्वारा कैबिनेट में प्रस्ताव पारित कर बिना ग्रामीणों को सूचना दिए सौंदर्यीकरण करना गलत है। इसे यहां के आदिवासी मूलवासी कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस मौके पर आदिवासी मूलवासी भूमि रक्षा मोर्चा के अध्यक्ष सह मुख्य सलाहकार संग्राम मार्डी ने कहा कि रैयती किसानों की भूमि, अनावाद भूमि और वन भूमि को अतिक्रमण कर लोकतंत्र को हनन करते हुए भारतीय संविधान अनुच्छेद 244(1) में उल्लेखित पाँचवी एवं छठी अनुसूची क्षेत्र और छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम के क्षेत्रफल में सरकारी / गैर सरकारी योजनाओं को स्थापना के पूर्व सर्वप्रथम क्षेत्र में ग्रामीणों के बीच ग्राम सभा करके अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करना अनिवार्य है। बैठक में पूर्व वार्ड सदस्य भरत हांसदा, माझी बाबा भगवत बास्के, दशरथ हेम्ब्रम, रुक्मणि हाँसदा, साकरो कास्के, सुनीता हांसदा, मालती मार्डी, आदि थे।

## नेशनल ताईक्वांडो चैंपियनशिप में झारखंड का शानदार प्रदर्शन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** राजस्थान के कोटा में विगत 28 से 31 मार्च तक आयोजित 36वीं सब जूनियर व पांचवीं कैडेट नेशनल ताईक्वांडो चैंपियनशिप में झारखंड राज्य के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। उक्त प्रतियोगिता में सब जूनियर वर्ग में अर्शिया कुमारी और माही शर्मा ने स्वर्ण पदक तथा खिलाड़ी समीर ओझा ने रजत पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। वहीं, कैडेट वर्ग में आस्था कुमारी व अमृता कुमारी ने बेहतरीन प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ओवर ऑल चैंपियन रही। इसमें झारखंड टीम के कोच लखन कुमार तथा मैनेजर सपना पाल की भी सराहनीय भूमिका रही। पदक जीतकर वापस आने पर उन सभी खिलाड़ियों का गम्हरिया में खेल प्रेमियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

### हीरो क्लब प्लेऑफ में जमशेदपुर एफसी व मुंबई सिटी एफसी के बीच मुकाबला कल, ऐडी ने कहा

# मुंबई के साथ हिसाब है अधूरा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी और मुंबई सिटी एफसी के बीच हीरो क्लब प्लेऑफ 4 अप्रैल को केरल के मंजेरी में खेला जाएगा. इसको लेकर जेएफसी के हेड कोच ऐडी बूथरॉयड ने आइलैंडर्स के खिलाफ हीरो क्लब प्लेऑफ मैच से पहले कहा, मुंबई के साथ हिसाब अधूरा है। 2023-24 एएफसी चैंपियंस लीग में भारत के प्रतिनिधित्व का फैसला मुंबई सिटी एफसी और जमशेदपुर एफसी के बीच होने वाले मुकाबले से होगा. मेन ऑफ स्टील के मुख्य कोच ऐडी बूथरॉयड आपनी टीम की सफलता की संभावनाओं के प्रति आश्वस्त नजर आए. उन्होंने कहा, खिलाड़ी अपनी फिटनेस के लिए वास्तव में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं. हमारे पास कुछ मैच हैं, हम खिलाड़ियों को वापस लाने में कामयाब रहे हैं जहां वे शारीरिक रूप से फिट थे. हर कोई बहुत सकारात्मक है और इसके लिए तैयार है. हमने हीरो आईएसएल सीजन के आखिरी हाफ में वास्तव में अच्छी फॉर्म हासिल की है और हम मुंबई से शुरू होने वाले अगले कुछ मैचों में उस गति को जारी रखना चाहते हैं. एएफसी चैंपियंस लीग एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) द्वारा आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट है और एशिया महाद्वीप की शीर्ष टीमों के बीच खेला जाता है. अपने आगामी सीजन के लिए, एएफसी ने भारत को कुल 3 स्लॉट आवंटित किए. एएफसी चैंपियंस लीग ग्रुप स्टेज में एक, एएफसी कप ग्रुप स्टेज में एक और एएफसी कप क्वालीफायर के लिए एक स्लॉट। इन स्थानों के लिए क्वालीफाइंग मैच 4 अप्रैल से 3 मई, 2023 के बीच खेले जाएंगे. मेन ऑफ स्टील ने अपने रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 2021-22 सीजन की बदौलत हीरो आईएसएल लीग विनर्स शील्ड में क्लब का पहला सिल्वरवेयर हासिल करने के बाद एशिया की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में खेलने के एक कदम और करीब पहुंच गई है. दूसरी ओर 2022-23 सीजन में मुंबई सिटी एफसी ने भी अपने दूसरे एएफसी चैंपियंस लीग ग्रुप स्टेज में खेलने का मौका हासिल किया, क्योंकि उन्होंने हीरो आईएसएल लीग शील्ड जीता. 4 अप्रैल, 2023 को सीजन 2021-22 और 2022-23 के लीग टॉपर्स जमशेदपुर एफसी और मुंबई सिटी एफसी हीरो क्लब प्लेऑफ में मुकाबला करेंगे, जीतने वाली टीम एएफसी चैंपियंस लीग 2023-24 के ग्रुप स्टेज में पहुंचेगी.

## बोड़ाम के पीएलवी ने पहाड़िया बच्चों के साथ मनाया बेटी का जन्मदिन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बोड़ाम के लावजोड़ा गांव निवासी पारा लीगल वॉलेंटियर निताई चंद्र गोराई ने अपनी बेटी का 10वां जन्मदिन बोंटा गांव के बांदरजलकोचा में शनिवार को आदिम जनजाति समुदाय के बच्चों संग मनाया। इस दौरान उनकी बेटी निवेदिता ने पहाड़िया बच्चों के साथ केक काटा और 50 से अधिक बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। इस संबंध में निताई चंद्र गोराई ने बताया कि निवेदिता जब मात्र 3 साल की थी तो उसकी माता का बीमारी के कारण देहांत हो गया था। वर्तमान में वह जमशेदपुर स्थित मामा घर में रहकर पढ़ाई कर रही है। बताया कि प्रकृति की गोद में बैठे बोड़ाम प्रखंड के बांदरजलकोचा के सहज, सरल आदिम जनजाति, पहाड़िया बच्चों के साथ बेटी निवेदिता ने 10 साल पूरी होने पर केक काटकर खुशियां केक मनाई। बच्चों के साथ मस्ती करने के बाद उपस्थित सभी बच्चों तथा परिवार के सदस्यों के साथ भोजन की।

## आत्मनिर्भर महिलाएं समाज में बनाती है अपनी अलग पहचान : सुमन महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आत्मनिर्भर होकर महिलाएं समाज में एक पहचान और मुकाम हासिल कर सकती है। महिलाएं आत्मनिर्भर होकर परिवार और समाज का ख्याल रख सकती है। उपरोक्त बातें जमशेदपुर की पूर्व सांसद सुमन महतो ने रविवार को गम्हरिया औद्योगिक क्षेत्र स्थित ट्रेनिंग मोड़ में महिला विकास संगठन की ओर से खोले गए आर एन्ड सी एक्सपोर्ट कंपनी के उद्घटान के मौके पर कही। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद सुमन महतो व विशिष्ट अतिथि महिला समाजसेवी सह उद्यमी जलपा पारिख ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर विधिवत उक्त कंपनी का उद्घाटन किया। जिले के गम्हरिया क्षेत्र में संचालित मां दुर्गा महिला समिति जिले की पहली महिला समिति है जो अब एक्सपोर्ट कंपनी के रूप में पहचान बना रही है। इस मौके पर महिला उद्यमी पारिख ने भी इस कंपनी के विकास में हरसम्भव सहयोग का आश्वासन दिया। महिला विकास संगठन की अध्यक्ष छंदा विश्वास सेन तथा सचिव रंजल सिंह से बताया कि प्रारम्भ में कंपनी में स्कूली बच्चों तथा कंपनी के कर्मचारियों के लिए पोशाक तथा खिलौना निर्माण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य है कि इस कंपनी के माध्यम से 500 महिलाओं को रोजगार प्राप्त हो सके ताकि वे आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार व समाज मे अपनी अलग पहचान बना सकें। इस मौके पर काफी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## डॉ. अजय कुमार पहुंचे टीआरएफ कॉलोनी किया लोगों संग चाय पर चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सिक्किम, नागालैंड एवं त्रिपुरा के कांग्रेस प्रभारी एवं पूर्व सांसद (जमशेदपुर) डॉ. अजय कुमार, आज सुबह टी.आर.एफ. कॉलोनी पहुंचे, जहाँ टी.आर.एफ. नगरवासियों द्वारा पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया गया। इस मौके पर डॉ अजय ने टी.आर. एफ. एवं टेल्को कॉलोनी की सफाई एवं रखरखाव की तारीफ की एवं कहा कि जमशेदपुर का यह क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य का अनोखा उदाहरण है। उपस्थित लोगों के साथ उन्होंने अपने अनुभवों को साझा किया एवं तकनीक के उपयोग के दौरान सचेत रहने का सुझाव दिया। टी.आर. एफ. कंपनी कि स्थिति में अपेक्षानुसार हो रहे सुधार के लिए प्रबंधन एवं कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर उन्होंने आसपास में एक पुस्तकालय का प्रबंध करने का आश्वासन दिया, जिससे विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को लाभ मिलेगा। डॉक्टर अजय टी.आर.एफ. खेल मैदान भी गए, जहाँ बच्चों के साथ फुटबॉल खेलकर उनका मनोबल बढ़ाया। टी.आर. एफ. कर्मचारियों द्वारा चलाए जा रहे स्पोर्ट्स एडूकाम के अंतर्गत टायकांडो क्लास के बच्चों से मुलाकात की एवं उनका मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर टी. आर. एफ. एवं टेल्को के वरिष्ठ जन उपस्थित रहें। जिनमें सोनी सिंह, सायोनी समादार, रेखा तिवारी, अनिता महतो, आदि प्रमुख थें।

# जेबीवीएनएल ने बिजली उपभोक्ताओं को दी बड़ी राहत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** झारखंड सरकार ने जेबीवीएनएल बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है. अब ग्रामीण के साथ शहरी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए प्रस्तावित वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) को मंजूरी प्रदान कर दी है. प्रस्ताव को मिली मंजूरी से सरकार ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ताओं (5 किलोवाट तक) के साथ (सिंचाई और कृषि सेवा- आईएएस-द्व निजी) को भी राहत प्रदान करते हुए वन टाइम सेटलमेंट योजना में शामिल किया है. अब डीपीएस में दिसंबर 2022 तक की बकाया राशि के एवज में राहत दिया जाएगा. जानकारी देते हुए आदित्यपुर के कार्यपालक अभियंता अनूप प्रसाद ने बताया कि ओटीएस योजना के तहत ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ताओं को बकाया बिल जमा करने पर कुल डीपीएस माफ कर दिया जाएगा. यह योजना किसी भी प्राथमिकी या जुर्माने की राशि के मामले में लागू नहीं होगी. विवादित बिलों के निपटारे के मामले में, विवाद की तारीख से नवंबर 2022 तक डीपीएस राशि की छूट पर विचार किया जाएगा. इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ता को एक अंडरटेकिंग शपथ पत्र देना होगा. यदि यह पाया जाता है कि उपभोक्ता ने दिए गए हलफनामे में कोई गलत जानकारी दी है तो ओटीएस योजना वापस ले ली जाएगी और उपभोक्ता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. साथ ही जेबीवीएनएल किसी भ्रामक तथ्य के मामले में उपभोक्ता को दिए गए किसी भी ओटीएस लाभ को वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है. विवादित बिलों के निपटान के मामले में, यदि यह पाया जाता है कि उपभोक्ता द्वारा अधिक या कम राशि का भुगतान किया गया है, तो इसे निगम के मानदंडों के अनुसार भविष्य के बिलों में समायोजित किया जाएगा. 31 दिसंबर 2022 के बाद बकाया राशि पर डीपीएस माफ नहीं किया जाएगा. जिन उपभोक्ताओं ने एकमुश्त समाधान योजना सुविधा का लाभ पहले ही उठा लिया है . जून-21 से दिसंबर-21 के दौरान इस योजना के तहत लाभ लेने के पात्र नहीं होंगे.

# प्रेस क्लब सरायकेला खरसावां का चुनाव संपन्न

### अध्यक्ष मनमोहन, सचिव रमजान व कोषाध्यक्ष संजीव मेहता निर्विरोध बने



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह/चांडिल :** सरायकेला खरसावां के जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त के दिशा निर्देश पर प्रेस क्लब सरायकेला खरसावां का चुनाव संपन्न हुआ। इस अवसर पर सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनमोहन सिंह राजपुत, महासचिव रमजान अंसारी व कोषाध्यक्ष संजीव मेहता को चयन किया गया। अंचल निरीक्षक व जिला सूचना पदाधिकरी के देख रेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुआ। नव निर्वाचित अध्यक्ष मनमोहन सिंह राजपुत ने कहा कि संगठन सर्वोपरि है और संगठन मैं नहीं हम है। नवनिर्वाचित महासचिव रमजान अंसारी ने कहा प्रेस क्लब के सदस्यों ने जो दायित्व सौंपा है उसे निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का प्रयास करेंगे। नवनिर्वाचित कोषाध्यक्ष संजीव मेहता ने कहा कि संगठन में शक्ति है और कोई भी संगठन सदस्यों के सहयोग से सुचारु रुप से चलता है। चुनाव प्रभारी सह प्रेस क्लब के प्रमुख संतोष सोना ने कहा कि वर्तमान समय के पत्रकारिता चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरा है। चुनाव के बाद प्रेस क्लब द्वारा विजय जुलूस निकाला गया। विजय जुलूस सूचना भवन परिसर से शुरु होकर सरायकेला, कांड्रा, गम्हरिया होते हुए आदित्यपुर तक पहुंची। इस दौरान जगह जगह पर जनप्रतिनिधि और जानताओं ने नवनिर्वाचित सदस्यों का स्वागत किया गया।

## संपादकीय

# जर्मन लोकतंत्र न पढ़ाए

**राहुल** गांधी और भारतीय लोकतंत्र के मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस एक बार फिर टकराव की मुद्रा में हैं। जर्मनी के विदेश मंत्रालय की प्रेस ब्रीफिंग में अपेक्षा की गई है कि राहुल गांधी पर कार्रवाई करते हुए न्यायिक स्वतंत्रता के मानकों और बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों का ध्यान रखा जाए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने जर्मनी का आभार जताया कि उसने भारत में लोकतंत्र के साथ किए जा रहे समझौतों पर ध्यान दिया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश का बयान कुछ और बयां करता है। दरअसल अब इस अध्याय को बंद किया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सांसदी तकनीकी और संवैधानिक तौर से खारिज की गई है। इस संदर्भ में गौरतलब है कि जब सर्वोच्च अदालत ने दो साल की घोषित न्यायिक सजा पर संसद और विधानसभा सदस्यता रद्द करने का फैसला सुनाया था, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की कैबिनेट ने एक अध्यादेश पारित किया था। वह न्यायपालिका का पलटजवाब था। अध्यादेश के जरिए दागी और सजायाफ्ता नेताओं को बचाने के प्रावधान किए गए थे। राहुल गांधी अचानक प्रेस क्लब ऑफ इंडिया गए और उस अध्यादेश की प्रतिलिपि फाड़ते हुए बोले-'नॉनसेंस!' नतीजा यह हुआ कि कैबिनेट को वह अध्यादेश वापस लेने का निर्णय लेना पड़ा। आज अध्यादेश कानूनी तौर पर लागू होता, तो राहुल की सांसदी बच जाती। बहरहाल अब सर्वोच्च अदालत का फैसला लागू है। उसके तहत 15-20 नेताओं की सांसदी रद्द की जा चुकी है। कुछ उदाहरण हैं-चारा घोटाले में जगदीश शर्मा, जद-यू सांसद मित्रसेन यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस सांसद रशीद मसूद, पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू यादव, तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता और पूर्व कांग्रेस सांसद राशिद अल्वी आदि। किसी की खारिज सांसदी पर, किसी भी देश ने, हमें लोकतंत्र और न्यायिक स्वतंत्रता का पाठ नहीं पढ़ाया। जर्मनी पर तानाशाह हिटलर ने भी शासन किया था, लिहाजा उसकी परंपराओं में तानाशाही है। वह दुनिया के सबसे बड़े और प्राचीनतम लोकतंत्र भारत को क्या नसीहत दे सकता है? राहुल गांधी ने लंदन में यह इच्छा जरूर जाहिर की थी कि अमरीका और यूरोप के देश खुद को लोकतंत्र का रक्षक मानते हैं। वे ध्यान दें कि एक बड़े देश के लोकतंत्र में क्या हो रहा है? विदेशी दखल की उनकी इच्छा आंशिक तौर पर पूरी हो गई है। राहुल के सामने कानूनी विकल्प आज भी हैं। उन्हें भारत के कानून और विदेशी दखल में से एक विकल्प चुनना है। वह अदालत में चुनौती अब भी दे सकते हैं। उन्हें अदालत में जाना भी चाहिए, क्योंकि पटना उच्च न्यायालय ने 12 अप्रैल को पेश होने का नोटिस भी भेजा है। 'मोदी उपनाम वाले ही चोर..' वाले संदर्भ में भाजपा सांसद एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी ने भी मानहानि का केस किया था। राहुल अदालत में गुहार लगा कर ऐसे सभी मामलों की एक ही जगह सुनवाई का अनुरोध कर सकते हैं। अदालत के जरिए ही जिस तरह लक्षद्वीप के सांसद मुहम्मद फैज़ल की सांसदी बहाल की गई है, उसी तरह राहुल के संदर्भ में भी संभव है। जर्मनी का बयान कितना कारगर साबित हो सकता है? अमरीका और यूरोपीय देश मानवाधिकार, अल्पसंख्यक सुरक्षा और अभिव्यक्ति की आज़ादी संबंधी नसीहतें भारत सरकार को देते रहे हैं। भारतीय लोकतंत्र को कौन सबक सिखा सकता है? भारत के सभी बड़े देशों से अच्छे रिश्ते हैं। यह 1960, '70, '80 और '90 के दशकों वाला भारत नहीं है। भारत आज विश्व की 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। राहुल गांधी का मामला भारत का अपना अंदरूनी मामला है। एक और विनम्र सलाह राहुल गांधी के नाम है कि चाटुकार कांग्रेसियों पर जरा अंकुश लगाएं। अब कांग्रेस प्रवक्ता राहुल गांधी की तुलना भगवान श्रीराम से कर रहे हैं और 'भारत जोड़ो यात्रा' को राम का वनवास करार दिया जा रहा है। इससे राहुल की सांसदी बहाल नहीं हो सकती और न ही पार्टी का वोट बैंक विस्तार पा सकता है। सार्थक अभियान चलाएं, तो आम भारतीय की सहानुभूति जुड़ भी सकती है। आगामी लोकसभा चुनाव अब ज्यादा दूर नहीं हैं। अगले साल यह चुनाव होने प्रस्तावित हैं। कांग्रेस को सार्थक अभियान लेकर जनता के बीच जाना होगा। जनता का विश्वास जीतने के लिए उसे कड़ी मेहनत करनी है। उसे जनहित के मसलों पर सरकार को घेरना है। साथ ही अन्य विपक्षी दलों को उसे यह विश्वास दिलाना है कि वही वो दल है, जो विपक्ष का नेतृत्व कर सकता है और उसके बिना मोदी सरकार को हिलाना मुश्किल है।

> अध्यादेश के जरिए दागी और सजायाफ्ता नेताओं को बचाने के प्रावधान किए गए थे। राहुल गांधी अचानक प्रेस क्लब ऑफ इंडिया गए और उस अध्यादेश की प्रतिलिपि फाड़ते हुए बोले-'नॉनसेंस!' नतीजा यह हुआ कि कैबिनेट को वह अध्यादेश वापस लेने का निर्णय लेना पड़ा। आज अध्यादेश कानूनी तौर पर लागू होता, तो राहुल की सांसदी बच जाती। बहरहाल अब सर्वोच्च अदालत का फैसला लागू है। उसके तहत 15-20 नेताओं की सांसदी रद्द की जा चुकी है। कुछ उदाहरण हैं-चारा घोटाले में जगदीश शर्मा, जद-यू सांसद मित्रसेन यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस सांसद रशीद मसूद, पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू यादव, तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता और पूर्व कांग्रेस सांसद राशिद अल्वी आदि। किसी की खारिज सांसदी पर, किसी भी देश ने, हमें लोकतंत्र और न्यायिक स्वतंत्रता का पाठ नहीं पढ़ाया।

## कुछ अलग

# निर्माण के पाप-पुण्य

**नवनिर्माण** की हिस्सेदारी में गुणवत्ता के हिस्से अगर बिखर जाएं, तो यह सदी के गुनाह क्यों न माने जाएं। हमीरपुर में एक निर्माणाधीन पुल के गिरने ने बता दिया कि हमारी उपलब्धियों में कहां-कहां सुराख हैं। यह एक स्लैब का गिरना नहीं, बल्कि निर्माण के डिजाइन, विभागीय कार्यशैली और विकास के कार्यों के कार्यान्वयन पर उठ रहे सवाल हैं। हम इसे एक छोटी से गुस्ताखी, लापरवाही या अनुभवहीनता मान कर टाल सकते हैं, लेकिन यह उस परिपाटी का एक हिस्सा है जिसके तहत पूरे हिमाचल में सरकारी परियोजनाओं की मिट्टी पलीद हो रही है। जाहिर है बजट या धन की कमी नहीं है और न ही परियोजनाओं की कमी, लेकिन ढर्रा कुछ ऐसा बन गया कि इंजीनियरिंग में न तो नवाचार और न ही गुणवत्ता के प्रति संवेदनशीलता सामने आ रही है। हर किसी को सिर्फ एक उद्घाटन पट्टिका चाहिए और जिसके जरिए यह साबित करना होता है कि काम हो गया। यूं तो हिमाचल में निर्माण कार्यों में सभी विभागों ने अपने तकनीकी विंग खोल रखे हैं, लेकिन पीडब्ल्यू विभाग की मुख्य भूमिका सामने नहीं आ रही है। पर्वतीय परिवेश के लिए विकास के मायने, विकास साधन-संसाधन, विकास के समाधान और इसकी विशिष्टता केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि इसकी खास परिकल्पना में अनुसंधान व तमाम चेतावनियों के प्रति संज्ञान की जरूरत है। सर्वप्रथम स्थल चयन की प्रक्रिया में भूमि की प्रवृत्ति, भौगोलिक परिस्थिति और डिजाइन की भूमिका को निर्धारित करने का संकल्प सामने आना चाहिए। पुल, पुलिया और भविष्य के सेतु बनाने में बेशक सामग्री तो एक जैसी ही रहेगी, लेकिन अंतर सिर्फ प्रतिज्ञा और कमर्ठता का है। पूरे हिमाचल में देखें तो इमारतें या अन्य निर्माण तो धड़ाधड़ हो रहा है, लेकिन भविष्य का निर्माण देखना बाकी है। अस्पताल, अदालत, पुस्तकालय, स्कूल, कालेज या धार्मिक स्थलों के विकास में एक जैसी वास्तुकला, डिजाइन या परिकल्पना नहीं हो सकती। आज भी हम शिमला में ब्रिटिश शासन के दौरान निर्मित भवनों के समानांतर कोई नई इमारत नहीं सजा पाए। इसका उदाहरण न्यू शिमला की अफरातफरी में परिलक्षित है। हमारा बजट अग्रगामी हो सकता है, लेकिन विकास के पैरामीटर तय नहीं हो रहे। इसलिए पुल के एक स्लैब का गिरना केवल सामग्री का गिरना नहीं हो सकता, बल्कि स्थल चयन, डिजाइन व विकास की दौड़ में लक्ष्यों का गिरना भी है। ये खतरे केवल सार्वजनिक क्षेत्र तक ही सीमित नहीं, बल्कि निजी तौर पर भी पहाड़ों से मानव का संघर्ष अब कोताही पर उतर आया है। उदाहरण के लिए अतीत का सोलन शहर आज के शहरी आधिपत्य में अपने अस्तित्व को नजरअंदाज कर रहा है। सोलन के वर्तमान में न शहरी विकास विभाग की कोई परिकल्पना दिखाई देती है और न ही बढ़ती चुनौतियों का किसी ने संज्ञान लिया। देखते ही देखते यह प्रदेश का अपार्टमेंट शहर बन गया, लेकिन इसकी कोई परिभाषा सामने नहीं की गई। इसी तरह पूरे प्रदेश में पहाड़ कट रहे हैं, प्राकृतिक जल निकासी के रास्ते अवरुद्ध हैं और बिना मानदंड के घाटी की ओर से सडक़ों के किनारे पर इमारतों के झुंड आसीन हैं। राजनीतिक दखल से टीसीपी की नजर में आए ग्रीन क्षेत्रों में भी निर्माण की अनुमति अगर रूटीन बन गई है, तो हर शहर में कहीं न कहीं कब्रिस्तान खड़ा है।

## सार्वजनिक रूप से गरिमा के प्रतिकूल टिप्पणी करने की कीमत चुकाने से नेताओं में डर पैदा होगा

# राहुल गांधी को मिली सजा के सबक

योगेंद्र योगी

> राहुल के सिवाय इन नेताओं को आपराधिक और दूसरे मामलों में जेल की सजा सुनाए जाने पर सदस्यता खोनी पड़ी। इसके पिवरीत राहुल को एक जाति विशेष पर अपशब्द कहने के कारण सदस्यता से हाथ धोना पड़ा। देश की विभिन्न अदालतों में अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने पर नेताओं के खिलाफ दर्ज नों मानहानि और आपराधिक मामले विचाराधीन हैं। इनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भी करीब आधा दर्ज न से अधिक मामले दर्ज हैं। राहुल गांधी के खिलाफ आरएसएस पर टिप्पणी करने पर कई मामले चल रहे हैं। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'चौकीदार चोर है' जैसी टिप्पणी करने पर वर्ष 2014 में सुप्रीम कोर्ट में बगैर शर्त माफी मांगी थी।

**देश** के विकास की बागडोर नेताओं के हाथ में है। देश में लोकतांत्रिक शासन पद्धति होने से उम्मीद यही की जाती है कि नेता देश को नई दशा-दिशा देंगे। देश और समाज के समक्ष अपने आचरण और व्यवहार से आदर्श पेश करेंगे। इसके विपरीत यदि नेता ही अपनी जुबान पर लगाम नहीं रख पाएं तो देश के भले की उम्मीद नहीं की जा सकती। अभिव्यक्ति की आजादी का मतलब यह नहीं है कि नेता बदजुबानी पर उतर आएं। ऐसे बेलगाम नेता पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संयम और अनुशासन बरतने का क्या संदेश देंगे। आत्मनुशासन के बजाय नेताओं को कानून के जरिए संयत भाषा और आचरण से नियंत्रित किए जाने की कार्रवाई उनको आईना दिखाने वाली मानी जाएगी। अपशब्द कहने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मिली सजा और उससे गई संसद की सदस्यता से उम्मीद की जानी चाहिए कि देश के नेता अपनी जुबान पर लगाम लगाएंगे। नेताओं को जुबान पर लगाम का सबक सिखाने के मामले में राहुल गांधी को मिली सजा मील का पत्थर साबित होगी। इससे कम से कम सार्वजनिक रूप से गरिमा के प्रतिकूल टिप्पणी करने की कीमत चुकाने से नेताओं में डर पैदा होगा। यह पहला मौका नहीं है जब किसी राष्ट्रीय स्तर के नेता को अदालत से मिली सजा और उसके बाद संसद की सदस्यता गंवानी पड़ी हो। इससे पहले राजद के नेता लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता सहित कई नेताओं को विधानसभा और लोकसभा से सदस्यता से हाथ धोना पड़ा था। राहुल के सिवाय इन नेताओं को आपराधिक और दूसरे मामलों में जेल की सजा सुनाए जाने पर सदस्यता खोनी पड़ी। इसके विपरीत राहुल को एक जाति विशेष पर अपशब्द कहने के कारण सदस्यता से हाथ धोना पड़ा। देश की विभिन्न अदालतों में अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने पर नेताओं के खिलाफ दर्जनों मानहानि और आपराधिक मामले विचाराधीन हैं। इनमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ भी करीब आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। राहुल गांधी के खिलाफ आरएसएस पर टिप्पणी करने पर कई मामले चल रहे हैं। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 'चौकीदार चोर है' जैसी टिप्पणी करने पर वर्ष 2014 में सुप्रीम कोर्ट में बगैर शर्त माफी मांगी थी। राहुल गांधी ने इससे सीख लेने के बजाय अमर्यादित भाषा बोलना बंद नहीं



किया। अदालत से बाहर भी राहुल ने इस तरह की अभद्रता करने पर अफसोस जाहिर नहीं किया। अब कांग्रेस इसे राष्ट्रीय मुद्दा बनाए हुए है। कांग्रेस इसे कर्नाटक चुनाव सहित आगामी चुनावों में मुद्दा बना रही है। इससे यही माना जाएगा कि कानून का सम्मान करने के बजाय आंखें दिखा कर सहानुभूति बटोरने के प्रयास से कांग्रेस देश में समस्याओं के असली मुद्दों से मुंह फेर रही है। राहुल से पहले भी अभद्र टिप्पणी करने पर कई नेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हुई है। कांग्रेस की इंदौर इकाई के सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर पटेल को पुलिस ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ अभद्र भाषा का उपयोग करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। नागपुर पुलिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप में पूर्व कांग्रेस जिला पदाधिकारी शेख हुसैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई। राहुल गांधी के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्डरिंग के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई पर कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान हुसैन ने पीएम मोदी के लिए अपमानजनक शब्द कहे थे। इसी तरह के आरोप में लखनऊ पुलिस ने समाजवादी पार्टी के सोशल मीडिया सेल से सम्बद्ध मनीष जगन अग्रवाल को गिरफ्तार किया। कोलकाता पुलिस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप में कांग्रेस नेता कौस्तुभ बागची को गिरफ्तार किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के खिलाफ मानहानि के कई मामले अदालतों में विचाराधीन हैं। जिला या राज्यस्तरीय नेता होने के कारण इन मामलों में की हुई कानूनी कार्रवाई राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय नहीं रही। परोक्ष तौर पर कांग्रेस के सर्वेसर्वा होने के कारण राहुल गांधी के खिलाफ हुई कार्रवाई की गूंज देशभर में है। राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने से भडक़ी कांग्रेस देश भर में धरने-प्रदर्शन करके इसे चुनावी मुद्दा बना रही है। सजा चूंकि अदालत से मिली है, इसलिए राहुल और कांग्रेस इसके लिए भाजपा को जिम्मेदार नहीं ठहरा सके, किन्तु सजा से सदस्यता चली जाने के मुद्दे को लेकर मुद्दा बना लिया। विपक्षी दलों के नेता भी इस मुद्दे पर राहुल गांधी का समर्थन कर रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि कांग्रेस और दूसरे दलों के नेताओं ने अमर्यादित टिप्पणियों से बचने के लिए कोई प्रयास नहीं किया। क्षेत्रीय दलों के नेताओं के एक-दूसरे के खिलाफ और भाजपा के नेताओं के खिलाफ अभद्र भाषा के इस्तेमाल करने के कई मामले सामने आ चुके हैं। देश में क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की संख्या बढने के साथ ही सत्ता के लिए मची होड़ ने नैतिकता के साथ कानून की तमाम हदें भी पार की हैं। क्षेत्रीय दलों में ज्यादातार नेताओं के परिवार का बोलबाला है। इसीलिए सत्ता पाने की प्रतिस्पर्धा से राजनीति में गिरावट का सिलसिला जारी है। कांग्रेस के पास अन्य दलों की तुलना में लोकसभा में सीटें बेशक कम हों, किन्तु विपक्षी दलों में कांग्रेस एकमात्र पार्टी है, जिसकी तीन राज्यों में सत्ता होने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर संगठन का नेटवर्क है। इससे कांग्रेस की जिम्मेदारी अन्य दलों से कहीं ज्यादा है। सार्वजनिक जीवन में संयमित आचरण और ईमानदारी के मानदंड स्थापित करने की ज्यादा जिम्मेदारी भी कांग्रेस पर है। सत्ता पक्ष की नीतियों की आलोचना करना स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा और जरूरत है। इसके विपरीत यदि व्यक्तिगत आक्षेप लगा कर राजनीति को गंदा किया जाए तो आम लोगों से जुड़े मुद्दे हाशिए पर चले जाएंगे। इससे एक नए तरीके का विद्रूप राजनीति का माहौल देश में बनेगा। ऐसे वातावरण की कीमत देश को पिछडऩे से चुकानी पड़ेगी। उम्मीद यही की जानी चाहिए कि राहुल को मिली सजा और सांसद का पद जाने से देश के नेताओं को सार्वजनिक तौर पर बोलने से पहले सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा।

# मामला एक गड़बड़ व्याख्या का

> दुर्भाग्य से, कुछ लोगों ने पॉक सो एक्ट का इस्तेमाल लड़ के को सबक सिखाने के हथियार के तौर पर किया और लड़ की को तथाकथित प्रेम-प्रसंग के चक्कर में फंसाने के लिए। यह भी याद रखें कि कानून बनने से प हले पॉक सो अधिनियम को संसद की स्थायी समिति द्वा रा भलीभांति आंका गया था। ध्यान रहे कि जिस समय बिल संसद में पेश किया गया था, तो इसमें 16 से 18 साल के बच्चे के साथ दुष्कर्म के मामलों में 'सहमति' का प्रा वधान था। संसद की स्थायी समिति अपनी इस संस्तुति के बारे में दृढ़ थी कि यदि बच्चोंको सुरक्षित करने का इरादा है, तो "सहमति" का प्रा वधान देकर दो कारणों से कानून को कमजोर नहीं किया जाना चाहिए: पहला, मानव दुर्व्यापारी हमेशा यह कहकर बच जाएगा कि लड़ की अपनी मर्जी से उसके साथ आई थी और दूसरा, अदालत में अभियुक्तों के बजाए बच्चे की इच्छा जानने पर ज्यादा जोर दिया जाएगा। जब भी ऐसा हुआ तब, न्याय का मूल उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। आइए अब हम सरकार के वार्षिक प्रकाशन – क्रा इम इन इंडिया में जारी कानून या विधि संबंधित आंकड़ोंपर नजर डालते हैं।

**10** साल हो गए- साल 2012 में लैंगिक/यौन अपराधियों, विशेष रूप से वयस्क अपराधियों से बच्चों को बचाने के लिए "लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण" पॉक्सो लागू हुआ था। अधिनियम ने 18 साल से कम उम्र के व्यक्ति को बच्चे के बतौर परिभाषित किया और ऐसे में सहमति से यौन संबंधों की दलील के लिए कोई जगह नहीं बची। इसलिए, यदि ऐसे मामले में कोई व्यक्ति तर्क देता है कि यौन संबंध आपसी सहमति से हुआ है, तो इसका कोई मतलब नहीं रह जाता और इसे दुष्कर्म माना जाएगा। यहां यह याद रखना जरूरी है कि बाल अधिकारों पर बने कन्वेंशन तथा भारतीय संविदा अधिनियम सहित विभिन्न भारतीय कानूनों के तहत, वयस्कता की आयु 18 वर्ष है और उस उम्र से कम अवस्था में किसी भी प्रकार की सहमति को महत्वहीन माना जाता है। इस बात पर सार्वजनिक स्तर पर चर्चा होने लगी कि पॉक्सो के तहत दर्ज अधिकांश मामले उन बच्चों के हैं जो अपनी मर्जी से भाग जाने वाले और बच्चों के बीच सहमति से यौन संबंध बनाने वाले हैं, ऐसे में अधिनियम में संशोधन की आवश्यकता महसूस हुई और इसलिए भी क्योंकि कर्नाटक उच्च न्यायालय ने तो भारत के विधि आयोग को पॉक्सो अधिनियम में सहमति की आयु पर फिर से विचार करने का निर्देश भी दिया। आइए सबसे पहले पॉक्सो अधिनियम के प्रयोजन को समझें, यह बच्चों के बीच की यौन गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए कभी नहीं बनाया गया था। इसमें यह साफ-साफ कहा गया है कि यदि अपराध किसी बच्चे द्वारा किया जाता है तो ऐसे बच्चे को किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के तहत जाएगा जिसका दृष्टिकोण सुधारात्मक है, दंडात्मक नहीं। दुर्भाग्य से, कुछ लोगों ने पॉक्सो एक्ट का इस्तेमाल लड़के को सबक सिखाने के हथियार के तौर पर किया और लड़की को तथाकथित प्रेम-प्रसंग के चक्कर में फंसाने के लिए। यह भी याद रखें कि कानून बनने से पहले पॉक्सो अधिनियम को संसद की स्थायी समिति द्वारा भलीभांति आंका गया था। ध्यान रहे कि जिस समय बिल संसद में पेश किया गया था, तो इसमें 16 से 18 साल के बच्चे के साथ दुष्कर्म के मामलों में 'सहमति' का प्रावधान था। संसद की स्थायी समिति अपनी इस संस्तुति के बारे में दृढ़ थी कि यदि बच्चों को सुरक्षित करने का इरादा है, तो "सहमति" का प्रावधान देकर दो कारणों से कानून को कमजोर नहीं किया जाना चाहिए: पहला, मानव दुर्व्यापारी हमेशा यह कहकर बच जाएगा कि लड़की अपनी मर्जी से उसके साथ आई थी और दूसरा, अदालत में अभियुक्तों के बजाए बच्चे की इच्छा जानने पर ज्यादा जोर दिया जाएगा। जब भी ऐसा हुआ तब, न्याय का मूल उद्देश्य ही विफल हो जाएगा। आइए अब हम सरकार के वार्षिक प्रकाशन – क्राइम इन इंडिया में जारी कानून या विधि संबंधित आंकड़ों पर नजर डालते हैं। साल 2021 की ताजा रिपोर्ट से पता चलता है कि देशभर में पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत कुल 53,874 मामले दर्ज किए गए। इनमें से 2,324 मामलों में बच्चे अभियुक्त थे और 1,725 बच्चों की उम्र 16 से 18 वर्ष की आयु के बीच की थी, वही उम्र जिसे बच्चों की सहमति से यौन संबंध बनाने की उम्र माना जा रहा था। अगर महज संख्या के लिहाज से देखें तो ऐसे बच्चे कुल चार प्रतिशत ही हैं। भले ही यह संख्या बहुत कम हो फिर भी सार्वजनिक रूप से उठाया गया मुद्दा मायने रखता है। इसके अलावा, जब कोई लड़की घर से भाग जाती है और उसके माता-पिता पुलिस के पास जाते हैं, तो अपहरण का मामला दर्ज कर लिया जाता है, साल 2021 में बच्चों के अपहरण के कुल 69,014 दर्ज हुए जिसमें से 7,901 यानी कुल मामलों का लगभग 11% इसी प्रकृति के थे। यहां यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सभी मामले वास्तव में प्रेम-प्रसंग के नहीं होते हैं। जाहिर है, कई मामलों में कम उम्र लड़कियों को भयानक यौन इरादे के बहाने-फुसलाया जाता है, जो मानव दुर्व्यापार वगैरह का मामला हो सकता है। आंकड़ों से परे, इस बात पर विचार करना अधिक महत्वपूर्ण होगा कि क्या हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे, जो अभी तक शरीर या बुद्धि विवेक के मामले में एक बालिग के तौर पर पूरी तरह से विकसित नहीं हुए हैं, वे जीवन में इतनी जल्दी यौन गतिविधियों में शामिल हों? क्या वे इनके खतरों को जानते हैं? क्या हम कम उम्र लड़कियों की गोद में बच्चे देखना चाहते हैं? क्या हमने किसी 16 साल की लड़की से पूछा है कि पांच साल पहले किसी लड़के के साथ भागने के बाद, अब एक बच्चे को गोद में लिए परिवार की सेवा कर के वह कैसा महसूस करती है? क्या उसे लगता है कि उसने सही फैसला लिया था? और लड़के के बारे में क्या, क्या उस उम्र में जब उसे अपना कॅरियर बनाना चाहिए, नए कौशल सीखने चाहिए वह इस तरह की जिम्मेदारी संभालने में सक्षम है? ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सार्वजनिक बहस के आधार पर कानून में संशोधन की आवश्यकता है? क्या बच्चों के बीच यौन गतिविधि से संबंधित मात्र चार फीसदी मामलों के चलते कानून को बदला जाना चाहिए? शायद न्यायपालिका के यह कहने में कोई चूक हुई है कि प्रेम-प्रसंग के उन मामलों में जहां लड़का 19 वर्ष का है और लड़की 17 वर्ष की है, सहमति की जांच की जानी चाहिए? क्या उन्हें इसके बजाए सजा में संशोधन करके केवल उच्चतम सजा को परिभाषित करने तथा कम से कम सजा को न्यायपालिका के हाथों में छोड़ने का प्रस्ताव नहीं देना चाहिए? क्या हमें अन्य बड़े मुद्दों पर जो साफ तौर पर कानून को लागू करने में आड़े आ रहे हैं उन पर ध्यान नहीं देना चाहिए? क्या हम इस तथ्य को नजरअंदाज कर सकते हैं कि साल 2021 के अंत में पॉक्सो के 2.05 लाख मामले सुनवाई के लिए लंबित थे। लंबित होने की दर थी 92.6% और मामलों में सजा या निपटारे का प्रतिशत मात्र 2.5% था? क्या ये आंकड़े अधिनियम को लागू करने के लिए जिम्मेदार हितधारकों जैसे पुलिस, वकीलों तथा न्यायपालिका सहित बाल संरक्षण अधिकारियों तथा संस्थानों की जवाबदेही पर सवाल नहीं उठाते हैं? अफसोस की बात है कि बाल-केंद्रित विधिशास्त्र, जो कि न्याय की आत्मा है, धीरे-धीरे ढहता जा रहा है। इस देश में शायद ही ऐसी कोई महिला हो जिसने बचपन में किसी तरह के यौन उत्पीड़न या यौन हमले को न झेला हो। मसला यह है कि जब उसे पता चलता है कि एक 13 साल की लड़की, जो ललितपुर के पुलिस थाने में सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज कराने जाती है, पर मारपीट, दुष्कर्म करने वालों पर एफआईआर दर्ज करने की बजाए कानून का रक्षक बेरहमी से उसके साथ दुष्कर्म करता है और वह नाबालिग लड़की पहले की तरह चुप रहती है, डरती रहती है। आत्मविश्वास के साथ-साथ निडर होकर सिस्टम के सामने आने और न्याय पाने का भरोसा डगमगा जाता है।



## नागरिक बोध

# मास्क में गुण बहुत हैं...

**कोरोना** जी ने फिर से डराना शुरू कर दिया है। वह या यह बात अलग है कि हम डरें या नहीं, मास्क पहनें या लटकाएं। सच तो यह है कि मास्क अब हमेशा की तरह सुरक्षा दिलाती लाठी की तरह हो गया है। समझदार लोगों ने फिर से कहना शुरू कर दिया है, मास्क में गुण बहुत हैं लगाते रहिए अंग। इतिहास गवाह है जब कोरोनाजी और ओमीक्रोनजी आए हुए थे तब भी मास्क खुश होकर तो नहीं लगाए जाते थे। शान के रखवाले बंदे खूब अदा से जुर्माना देते थे। यह भी सच है जिन्होंने मास्क अपनाया, स्वास्थ्य का स्वादिष्ट फल पाया। अब कोरोनाजी के रिश्तेदार डरा रहे हैं, इसलिए जुर्माना फिर से शुरू हो सकता है। तब महसूस होगा कि मास्क में सचमुच बहुत गुण हैं। विश्वगुरुओं के देश में हर आदमी तो वीआईपी हो नहीं सकता कि मास्क न लगाए और जुर्माना भी न दे, बीमार हो जाए तो मुफ्त में इलाज करवाए और अखबार में खबर विद रंगीन फोटो भी आए। कितना सकारात्मक है, मास्क लगाने से आप दूसरों के नुकसानदेह कीटाणु नहीं लेते और अपने कीटाणु चाह कर भी नहीं देते। मास्क थोडा बड़े आकार का हो तो आपके निजी फायदे बढ़ जाते हैं। आपका चेहरा, जैसा भी हो, पहचाना नहीं जाता। ऐसा कोई व्यक्ति जिससे आप बात नहीं करना चाहते, सामने से आ रहा हो, पास से निकलेगा, आप पहचान में नहीं आओगे। शर्त यह रहेगी कि आप अपना नाक भी ढक लें। किसी का उधार चुकाना है तो आपको तब तक मोहलत मिल जाती है जब तक आप बिना मास्क नहीं मिलते। अमुक विरोधी जिससे आपका शारीरिक पंगा भी हुआ था, बड़े साइज़ का मास्क आपको उससे बचाकर रख सकता है। इस सन्दर्भ में काला चश्मा और कैप नहीं, हैट अतिरिक्त सुरक्षा कवर प्रदान कर सकते हैं। मास्क लगा हो तो सामने व्यक्ति को खुले मन से, चुपचाप बुरा भला कह सकते हैं। बड़बड़ाते हुए गाली जैसी चीज़ भी दे सकते हैं। आपकी भड़ास निकल जाएगी, उसे पता भी नहीं चलेगा।

## देश दुनीया से

# निरंकुश तंत्र में बदलने लगा अब लोकतंत्र

**हिन्दुस्तान** महात्मा गांधी का देश है। इस देश की नींव आजादी के उन महानायकों के बुलंद हौसलों पर रखी गई है, जिन्होंने फांसी के फंदे तो चूम लिए, मगर डिगे नहीं। वे तानाशाह हुकूमत की आंख में आंख डालकर देशवासियों के हक की लड़ाई शांति और अहिंसापूर्वक लड़ते रहे। आज कांग्रेस पार्टी, आजादी की दूसरी जंग-सड़क से संसद तक लड़ रही है। आज लड़ाई ब्रिटिश हुकूमत के बजाय दंभ में डूबी सरकार से है, जिसने गंभीर आक्षेपों से घिरे अडानी के लिए सदन की आहुति देने की ही ठान ली है। संसदीय गरिमा, दलीय मर्यादा और सत्ता की विपक्ष के प्रति जवाबदेही जैसी बातें संसद के शब्दकोश से गायब की जा रही हैं। भाजपा और संघ संसद की शानदार परंपरा और इतिहास को दफ्न करने की शर्मनाक साजिश रच रहे हैं। सरकार का पूरा तंत्र, संसाधन, पुलिस, मीडिया और खुद प्रधानमंत्री एक अकेले इंसान राहुल गांधी को चुप कराने में लगे हैं। यह सरकार भ्रम में है, क्योंकि राहुल गांधी को डराना किसी के वश की बात नहीं है। वह सत्य की लड़ाई पूरी ताकत और शिद्दत से लड़ रहे हैं। सत्ता पक्ष राहुल गांधी पर इसलिए हमलावर है कि कहीं सदन में अडानी पर चर्चा न हो जाए, जेपीसी न गठित करनी पड़े। यह ध्यान भटकाने का ही हिस्सा है। राहुल गांधी अडानी की बेनामी संपत्तियों पर सरकार से सवाल पूछते हैं, अडानी की फर्जी शेल कंपनियों पर सवाल पूछते हैं। वह पूछते हैं कि एलआईसी और एसबीआई सच जानने के बाद भी अडानी ग्रुप में पैसा लगाना क्यों जारी रखती हैं? वह पूछते हैं कि अडानी को 609 नंबर से दूसरे नंबर पर लाने में सरकार की क्या भूमिका थी और यह रिश्ता क्या कहलाता है? इन सवालों का जवाब सरकार के पास नहीं है और इसीलिए संसद को खुद सरकार स्थगित कर रही है। नारेबाजी और सदन के वेल में आकार अवरोध करने का काम सत्तापक्ष कर रहा है। यही नहीं, अब तो माइक बंद करना भी पुराना मामला हो गया, अब तो सीधे संसद को ही 'म्यूट' या चुप कर दिया जा रहा है। यह सारा मामला अडानी को बचाने की मुहिम का हिस्सा है। राहुल गांधी ने लंदन के प्रतिष्ठित कैंब्रिज विश्वविद्यालय में भारतीय लोकतंत्र को विश्व के लिए एक सौगात बताया, पर इस भाषण को भाजपा नेताओं ने अपने चिर-परिचित अंदाज में तोड़-मरोड़कर प्रचारित करना शुरू कर दिया। बेबुनियाद आक्षेप लगाकर राहुल गांधी से माफी की मांग की। असल में तो राहुल गांधी का कथन कि भारत का लोकतंत्र इस दुनिया के लोकतंत्र की दिशा निर्धारित करेगा, हमारे लिए गौरव की बात है। राहुल गांधी के माफी मांगने का कोई सवाल ही नहीं पैदा होता है, क्योंकि उन्होंने लंदन में देश की तारीफ की है। यही नहीं, भाजपाई सांसदों द्वारा राहुल गांधी पर मनगढ़ंत और बेबुनियाद आरोप लगाने के बाद राहुल गांधी के बोलने की जब बारी आती है, तब सदन को हंगामे की भेंट चढ़ाकर स्थगित कर दिया जाता है। उपद्रव के चलते सदन की कार्यवाही शुरू होते ही खत्म हो जाती है। राहुल गांधी ने स्पीकर से दो बार सदन में बोलने की अनुमति मांगी थी, पर वक्त नहीं मिला। अडानी घोटाले की जांच करने के लिए संयुक्त विपक्ष, जिसमें 18-19 पार्टियां शामिल हैं, लगातार मांग कर रहा है कि जेपीसी गठित की जाए, मगर सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। यदि सरकार को अडानी के साथ अपने संबंधों के बारे में कुछ छिपाना नहीं है, तो जेपीसी बनाने में क्या दिक्कत है? ऐसा तो है नहीं कि जेपीसी पहली बार बनेगी, इससे पहले भी संसद में आठ बार जेपीसी बन चुकी है। जनता ने जिन्हें देश के विकास और अपने कल्याण के लिए जनादेश दिया था, वे जनता के मुद्दे को सदन में दबाने का एक भी मौका नहीं छोड़ रहे हैं।

> संसदीय गरिमा, दलीय मर्यादा और सत्ता की विपक्ष के प्रति जवाबदेही जैसी बातें संसद के शब्दकोश से गायब की जा रही हैं। भाजपा और संघ संसद की शानदार परंपरा और इतिहास को दफ्न करने की शर्मनाक साजिश रच रहे हैं। सरकार का पूरा तंत्र, संसाधन, पुलिस, मीडिया और खुद प्रधानमंत्री एक अकेले इंसान राहुल गांधी को चुप कराने में लगे हैं। यह सरकार भ्रम में है, क्योंकि राहुल गांधी को डराना किसी के वश की बात नहीं है। वह सत्य की लड़ाई पूरी ताकत और शिद्दत से लड़ रहे हैं। सत्ता पक्ष राहुल गांधी पर इसलिए हमलावर है कि कहीं सदन में अडानी पर चर्चा न हो जाए, जेपीसी न गठित करनी पड़े। यह ध्यान भटकाने का ही हिस्सा है। राहुल गांधी अडानी की बेनामी संपत्तियों पर सरकार से सवाल पूछते हैं, अडानी की फर्जी शेल कंपनियों पर सवाल पूछते हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का बालूमाथ में कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखण्ड मुख्यालय स्तिथ होटल देव इन में रविवार को रांची से पलामू दौरा के क्रम में कार्यकर्ताओं के साथ एक शिष्टाचार मुलाकात किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि हेमंत सरकार चुनाव के समय यह कहा था कि गांव की सरकार बनेगी बेरोजगार युवकों को पांच लाख नौकरी दिया जाएगा लेकिन साढ़े तीन साल बीत जाने के बाद भी पांच हजार लोगों को नौकरी नहीं दिया उन्होंने कहा कि भारत देश का ऐसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिला है कि वह पूरे विश्व का नेतृत्व कर रहे हैं। जो गरीब मुसलमान, हरिजन है उसे भी भाजपा में जोड़ने का कार्य करें। क्योंकि भाजपा का मिशन सबका विकास है उन्होंने कहा की चुनाव के समय वादा किया था कि तीन महीने के अंदर 1932 का खतियान लागू कर देंगे। लेकिन यह सरकार नियोजन नीति के नाम पर सरकार को ठगने का कार्य कर रही है। हमारी सरकार महिलाओं को सम्मान देते हुए? 1 रुपये में पचास लाख तक की जमीन की रजिस्ट्री की जाती थी। लेकिन यह सरकार इस योजना को बंद कर दिया है। राज्य सरकार प्राकृतिक संपदा के साथ खिलवाड़ कर रही है। कोयला, बालू में लूट मची है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में लूट का खसोट करने वाले सरकार को हटाने का कार्य करें ।सभी भाजपा कार्यकर्ता अपने अपने गांव में चौपाल लगाकर हेमंत सरकार की विफलता एवं भाजपा की मिशन के बारे में जन-जन तक पहुंचाने की बात कही। इससे पूर्व लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रकाश राम, लातेहार भाजपा जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह, लातेहार जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे, कृष्णा यादव,शैलेश सिंह रोशन कुमार, त्रिवेणी साहू समेत कई लोगों ने अंग वस्त्र वह गुलदस्ता देकर सम्मानित किया ।वही महावीर मंडल बालूमाथ रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू ने रघुवर दास को मोमेंटो वह तलवार भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया, ।जधानी यादव, बारियातू जिला परिषद सदस्य रमेश राम, लवकुश सिंह,चेतलाल रामदास, अर्जुन कुमार, सत्येंद्र कुमार, सूरज शाह, पंकज कुमार सिन्हा, परमेश पांडे, राम कुमार गुप्ता, प्रदीप यादव, पंचानन्द पांडे, शैलेश सिंह, कौशल लाल, कृष्णा यादव समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जिला स्तरीय अखिल भारतीय क्षत्रिय दांगी समाज का बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत में संचालित मध्य विद्यालय में रविवार 2 अप्रैल को जिला स्तरीय अखिल भारतीय छत्रिय दांगी समाज का बैठक किया संपन्न हुआ। समाज को सुचारू रूप से चलाने तथा समाज की कुरीतियों को दूर करने के लिए निर्णय लिया बैठक में निर्णय लिया गया।तथा जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने से समाज में नवयुवकों को रोजगार नौकरी, पेसा मे दांगी समाज की बच्चों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।इसलिए अध्यक्ष सीताराम दांगी सचिव, कोषाध्यक्ष एवं गणमान्य व्यक्तियों ने निर्णय लिया है। कि जाति प्रमाण पत्र नेकचर वन के लिए हम लोग डीसी साहब के पास जाएंगे और ज्ञापन पत्र सौंपने का काम करेंगे। मौके पर उपस्थित शंभू दांगी राम अवतार दांगी रामस्वरूप दांगी गोविंद कुमार दांगी सुनील कुमार महतो राजकुमार दांगी भवानी दांगी लक्ष्मी दांगी प्रदीप दांगी मुकेश कुमार दांगी संतोष कुमार दांगी उपस्थित थे।

## घर के पास खड़ी बोलेरो पिकप वैन को अज्ञात चोरों ने उड़ाया




**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के जबड़ा मुख्य चौक के करीब खड़ी बुलेरो पिकप वैन को बीते पिछले सोमवार को मध्य रात्रि को चोरों द्वारा उड़ा ले भागा। चोरी के मामले में भुक्त भोगी मो शमीम अंसारी ने सिमरिया थाना में लिखित आवेदन देकर बरामदगी तथा उक्त चोरों को धरपकड़ की मांग किया है। जबड़ा गाँव निवासी शमीम अंसारी ने लिखित आवेदन में कहा है कि मैं पुरे दिन बुलेरो पिकप नम्बर जेएच 13 एफ 9834 , चेचिस नम्बर MAvZU2TBKR2L 83113, इंजन नम्बर TBK1L88644 मॉडल नम्बर FBPS17T XL सफेद रंग को चला कर पैतृक घर जबड़ा में खड़ा किया रोजे होने के कारण तराबीह पढ़ कर जल्द सो गया। तब तक वाहन खड़ा था। सुबह जब उठा तो खड़ी बुलेरो वहां से गायब मिला। इधर उधर काफी खोज बिन किया परन्तु कहीं अता पता नहीं चला थक हार कर सिमरिया थाना को आवेदन देकर खोजबीन एवं अज्ञात चोरों को धर पकड़ करने की गुहार लगाया है। वहीं बुलेरो चोरी के मामले में सिमरिया थाना ने काण्ड संख्या 50/23 भादवी 379 दर्ज कर जांच पड़ताल एवं खोजबीन में लगी हुई है।

## मगध के कुण्डी गांव में 250 घरों में जले बल्ब, लगा नई ट्रांसफार्मर



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिछले तीन माह से ट्रांसफार्मर खराब होने से मगध के कुण्डी गाव अंधेरे मे था।लिहाजा बीस सूत्री कमेटी के अध्यक्ष के प्रयास से 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है जिसका उद्घाटन जिप सदस्य सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव और उपमुखिया राजेश साव ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद सराढू पंचायत के उपमुखिया राजेश साव ने बताया कि लगभग ढाई सौ मकानो मे रौनक आ गयी। इस मौके पर भीम साव समेत अन्य शामिल थे।

# बैंक ऑफ बड़ौदा का ग्राहक सेवा केंद्र का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत मूरपा मोड़ में बैंक ऑफ बड़ौदा का ग्राहक सेवा केंद्र (हर्ष कम्प्यूटर) का उद्घाटन बालूमाथ जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव, बालूमाथ मुखिया नरेश लोहरा, समाज सेवी शैलेश सिंह, बिस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, पूर्व उपप्रमुख संजीव सिन्हा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। वही सीएसपी के संचालक नागेंद्र यादव ने कहा कि ग्राहकों की भीड़ के मद्देनजर बैंक आपके द्वार के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा का सीएसपी केन्द्र को खोला गया है। इसके खुलने से ग्राहकों को बैंक के चक्कर लगाने से छुटकारा मिलेगी तथा सभी आवश्यक सेवा उन्हें घर के नजदीक ही मिल जाएगी। हम उम्मीद करते हैं कि इस सीएसपी के माध्यम से ग्राहकों को संतुष्टि मिलेगी तथा बैंक का लेन देन का उत्तरोत्तर विकास होगा। वही समाज सेवी शैलेश सिंह ने कहा कि देशभर में डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने और दूर दराज व छोटे कस्बों तक बैंकिंग की सेवा उपलब्ध करवाने के लिए CSP यानि ग्राहक सेवा केंद्र की शुरुआत की गई थी। बालूमाथ मूरपा मोड़ में बैंक ऑफ बड़ौदा का ग्राहक सेवा केंद्र खुलने से गाँव के दूर-दूर से आये लोगों को अब आसानी से बैंकिंग की सुविधा मिलेगी। इस मौके पर कृष्णा यादव, रवि सिंह, दिलीप यादव, बिनोद साव, विवेक सिंह, अरविंद यादव, सुनील पांडेय, राजेश यादव, संजीत यादव, बालेश्वर साव, विजय यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

## भगवान शिव से जुड़ने के लिए तीन सूत्रों पर हुई चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेंदी पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बचरा लेधपा के तत्वावधान में रविवार को शिव चर्चा का आयोजन किया गया। हर भोला,हर शिवा भजन से शुरूआत के साथ भगवान शिव के गुरु स्वरुप से जुड़ने के लिए तीन सूत्रों का चर्चा किया गया। चर्चा में सैकड़ों शिव शिष्यों ने भाग लिया। एवं शिव के गुरु स्वरुप पर चर्चा करते हुए, कहे? कि आज के आधुनिक परिवेश में ऐसे गुरु की आवश्यकता है।जो शिष्य के मानसिक स्तर पर आकर ज्ञान दें चर्चा में स्थानीय एवं दूसरे प्रखंडों के गुरू भाई बहनों ने अपने-अपने विचार व भजन प्रस्तुत कर लोगों को गुरू के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित किया। मौके पर रूपा कुमारी , मानो कुमारी समुद्री देवी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिव जगत के गुरू हैं।अर्थात संसार के जितने भी लोग हैं सभी उनके शिष्य हैं। हम सदियों से पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। यदि हम उन्हें गुरू भाव से याचना पूर्वक दया मांगे तो हमारा कल्याण निश्चित होगा। मंच का संचालन मुन्ना भुइयां ने किया। पूरे कार्यक्रम को लेकर पूर्व प्रमुख अशोक सिंह ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर जिला संयोजक नूनू मल्हार, रामसेवक प्रसाद ,कामेश्वर तूरी अंजू देवी। वहीं प्रखंड संयोजक सुनेश्वर सिंह, शीला देवी ,फूलचंद सिंह, दिलीप सिंह, जंनाली कुमार। वहीं पंचायत संजोयक रीना देवी, विमल लोहरा, जमेदार सिंह , संपूरन सिंह, शिव नारायण सिंह, नंदकिशोर सिंह, आदित्य सिंह, सुनीता देवी, अवनीधर सिंह, सुखराम उरांव, बालमोहन भगत, सीताराम प्रजापति, राजदेव सिंह, कृष्णा प्रसाद, जेठू प्रसाद, मदन प्रसाद, कर्मदेव सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बारियातू कांडरका नदी के पास बाईक दुर्घटना में एक युवक की मौत



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत कांडरका नदी के ठीक सामने सड़क हादसे मे दिलीप उरांव (18) पिता महेश्वर उरांव ग्राम पुकचु टोला कर्माही निवासी की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक JH 03 Z1973 हीरो एचएफ डिलक्स बाईक से डीवैडर मे टकराने से उक्त युवक की मौत हो गई. घटना की सुचना मिलते ही थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने घटना स्थल पर पहुँच कर शव को कब्ज़ा मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया. दुर्घटना के कारणों के पड़ताल में पुलिस जुटी हुई है।

## पीटीआर के पचासवीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू टाइगर प्रोजेक्ट के पचासवीं वर्षगांठ पर बेतला एन आई सेंटर मे कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सरकारी विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम,कला, पेंटिंग, संगीत के अलावा प्रभातफेरी कार्यक्रम चलाया गया। वहीं प्रबंधन द्वारा बच्चों को बेतला नेशनल पार्क और पलामू किला कवलदह झील सुगाबांध इन सभी पर्यटक स्थल का भ्रमण कराया गया । बच्चो को वन्य प्राणी हिरण,हाथी,मोर,बाघ संरक्षण को लेकर तथा इन प्राणियों से कैसे सुरक्षित रहें फिल्म के माध्यम से जानकारी दी गई । वही डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकांत जैना ने कहा कि पलामू टाइगर रिजर्व के पचासवीं वर्षगांठ पर 9 अप्रैल को माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पीटीआर के वन्य जीवों का संरक्षण को लेकर अपना मंतव्य रखेंगे । बताते चलें कि पलामू टागर रिजर्व क्षेत्र मे बाघो की संख्या पूर्व की अपेक्षा नगण्य या ना के बराबर है।मौके पर वन क्षेत्र पदाधिकरी शंकर पासवान, वनपाल उमेश दुबे, गुलशन सुरिन, अजय कुमार, अजीत सिंह, फैज अहमद के साथ टेकर गार्ड मौजूद रहे।

# छह अप्रैल को होगा जिला उप प्रमुख संघ का चुनाव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** चतरा जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों के उप प्रमुखो की बैठक, टंडवा उप प्रमुख जितेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में चतरा शहर स्थित संजय गुप्ता के आवास पर सम्पन्न किया गया। इस बैठक में चतरा जिले के सभी प्रखंडों के उप प्रमुख शामिल हुए। बैठक में सभी ने सर्वसहमति से निर्णय लिया की आगामी 6 अप्रैल को जिला उप प्रमुख संघ का चुनाव इसी स्थल पर किया जाएगा। चुनाव सम्पन्न होने के उपरांत संघ का गठन करते हुए जिला अधिकारी से मिलकर अपनी मांगे एवम् प्रखंड क्षेत्र की जनसमस्याओं से आला अधिकारियों को अवगत करवाया जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से टंडवा उप प्रमुख जितेंद्र कुमार सिंह, इटखोरी उप प्रमुख संजय गुप्ता, प्रतापपुर उप प्रमुख कविता देवी, सिमरिया उप प्रमुख दामोदर गोप, हंटरगंज उप प्रमुख राहुल गुप्ता, गिद्धौर उप प्रमुख प्रीतम यादव, कान्हाचट्टी उप प्रमुख सुमन सिंह, मयूरहंड उप प्रमुख पूनम देवी शामिल हुए। इस आशय की जानकारी टंडवा उपप्रमुख जितेंद्र कुमार सिंह ने दी है।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा का घर-घर चलो, गांव-चलो कार्यक्रम छः अप्रैल से

# प्रत्येक मंडल में बूथ स्तर तक पहुंचाया जाएगा केंद्र सरकार का कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा जाति मोर्चा चतरा का एक बैठक जिला अध्यक्ष राजेंद्र राम चंद्रवंशी की अध्यक्षता में आज संपन्न हो गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा कार्यालय में हुआ। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप दांगी ने किया। बैठक मे मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक शर्मा मुख्य रूप से भाग लिए। बैठक मे जिला उपाध्यक्ष सह ओबीसी मोर्चा जिला प्रभारी धर्मेन्द्र साव, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप केशरी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सरयू राम, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पलामू प्रभारी सुनील चौरसिया, राजेंद्र दांगी, जिला महामंत्री प्रदीप दांगी, जिला उपाध्यक्ष सुधीर राय, दुलारचंद साव, मंडल अध्यक्ष कैलास राम चंद्रवंशी, रामेश्वर राणा, विकास दागी, शम्भू चौरसिया मुख्य रूप से भाग लिए द्य बैठक मे 06 अप्रैल से 14अप्रैल तक ओबीसी मोर्चा के द्वारा घर घर चलो, गाँव चलो कार्यक्रम प्रत्येक मंडल मे बूथ स्तर से लेकर घर घर जाकर मोदी जी के द्वारा जनहित मे किये गए कार्यो को बताना हैं। इसके लिए ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता घर घर जाकर जन सम्पर्क करना है साथ ही भाजपा का स्थापना दिवस प्रत्येक बूथ पर मनाना है द्य कार्यक्रम को सुचारु रूप से करने एवं देख रेख के लिए भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के द्वारा जिला महामंत्री प्रदीप दांगी जी को संयोजक, जिला उपाध्यक्ष दुलारचंद साव को सह संयोजक, जिला उपाध्यक्ष सुधीर राय, जिला उपाध्यक्ष दिलीप साव उर्फ़ बंगाली को सदस्य, जिला मंत्री सुरेश गुप्ता को सदस्य बनाया गया हैं द्य अंत मे बैठक का धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष सुधीर राय ने किया।

## कोरोना: पीएचसी बारिखाप में किया गया मॉक ड्रिल



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप मे सीएचसी प्रभारी सुरेश राम ने कोरोना को लेकर शनिवार को मॉक ड्रिल किया। बीपीएम मृत्युंजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आज 1 अप्रैल को सभी चिकित्सा संस्थानो व कोविड केयर सेंटरो में कोरोना को लेकर मॉक ड्रिल का स्वास्थ विभाग से निर्देश प्राप्त था। उक्त निर्देश के आलोक में आज यहां मांक ड्रिल किया गया। मौके पर उपस्थित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेश कुमार राम ने कहा कि अभी कोविड खत्म नहीं हुआ है, कोराना के संभावित प्रकोप को देखते हुए तथा महामारी जैसे बीमारी से निपटने के लिए कोविड सेंटर बारिखाप मे स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मॉक ड्रिल किया गया। उन्होंने कोराना के संभावित प्रकोप को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा कोरोना का गाइडलाइन को पालन करने का निर्देश दिया। पूर्व के भांति दुरी बनाकर रहना, मास्क लगाना, सेनिटाइजर का उपयोग करना सहित बचाव के लिए जागरूकता करना, जाँच के बाद कोरोना पोजेटिव पाये जाने वाले मरीजों के लिए बनाए गए कोविड सेंटर बारिखाप मे, मॉक ड्रिल के दौरान, स्वास्थ कर्मियों को इलाज के सम्बन्ध मे जानकारी दिया गया.मौके पर बीडीएम योगेन्द्र राम, पंकज पाण्डेय,दीपांशु कुमार, बलराम कुमार, अनिल कुमार गुप्ता, गुलाम कुरैशी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### सीसीएल के खिलाफ ग्रामीण एकजुट, जमीन के बदले अविलंब नौकरी दो

# नौकरी, मुआवजा, सुविधा नहीं तो जमीन छोड़ दो : फहीम

**➲तीन अप्रैल से ग्रामीणों करेंगे अनिश्चित कालीन सीसीएल का खनन कार्य बंद**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/पिपरवार :** जिले के कोयला का खजाना कहे जाने वाला पिपरवार सीसीएल का जुल्म इन दिनों ग्रामीणों के प्रति बढ़ता जा रहा है। गजब की रसूख है ग्रामीणों के बापदादा का खतियानी जमीन को एक तो ओने पौने में बाजबरन मुआवजा व नोकरी देने के नाम पर कुछ दलालों के सहयोग से उक्त जमीन का सीना चिर कर कोयला निकाल कर मालोमाल हो रहा है ।वहीं रैयत जमीन मालिक फ़टे हाल में दर दर का ठोकरे खा रहा है। गजब का ईमानदारी गजब का इंशाफ है। अपनी मांग के खातिर आवाज बुलंद करने वाले ग्रामीणों ने कई बार आवाज बुलंद किया किंतु सीसीएल और सीसीएल के दलालों द्वारा झूठा आश्वासन देकर शांत करा दिया गया। मामले को लेकर मो फहीम उर्फ़ डायमंड ने अबकी बार आर पार का नारा लगाते हुए आंदोलन के समर में कमर कस कर कूद गया है। आगे फहीम ने कहा है कि आगे तिन अप्रैल से हम प्रभावित ग्रामीण सीसीएल का खनन कार्य ठप करा देंगे जिसका जिम्मेवार कोल कम्पनी खुद होगी। वहीं अब दलालों और बिचौलियों का एक ना चलेगा चुकी सीसीएल ने झूठा आश्वासन देकर आज तक ठगने का काम किया है साथ हीं हमारे जमीन से भरा कोयला निकाल कर मालामाल हो रहा है। सीसीएल कम्पनी द्वारा अपने गिने चुने दलालों के रिश्तेदारों व परिवारों के नाम फर्जी कागजात बना अपने कम्पनी में उसे नोकरी और मुआवजा दे रहा है। किंतु हमारे हीं पुस्तैनी जमीन से बेदखल करना चाह रही है जो ऐसा नहीं होने देंगे। अब हम लोगों को नोकरी या मुआवजा नहीं चाहिए चुकी कम्पनी का चक्कर लगा लगा थक व परेशान हो चुके हैं अब हम लोगों का जैसा जमीन था वैसा लेबल कर तथा मापी करा कर वापस किया जाय तभी यह आंदोलन रुकेगी। आगे कहा कि सुन लो कम्पनी के दलालों बहुत हो चुका नुका छिपी का खेल अब तुम्हारे अंध विशवास में कोई नहीं आने वाला है। अपना जमीन देना जानता है तो अपना हक लेना जानता है। हम ग्रामीणों का हक नहीं देने वाले दलालों होश में आ जाओ अब हम लोग अपना हक छीन कर ले लेंगे। चुकी अब हम ग्रामीण जाग चुके हैं।

# आंधी और तेज बारिश से भारी तबाही



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातु प्रखंड क्षेत्र मे शनिवार देर शाम अचानक मौसम मिजाज के साथ, तेज आंधी तूफान के साथ बारिश ने भारी तबाही मचाई जिससे कई के एलवेस्टर, छप्पर, पेंड़ पौधा सहित विजली खम्भा व ट्रांसफार्मर भी हुआ क्षतिग्रस्त। जिससे प्रखंड क्षेत्र के कई गांव टोला में बीजली के तार गीर जाने के कारण बरछीया सब स्टेशन से प्रखण्ड से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। कई क्षेत्रों में बिजली की खम्भे गीर गए, वहीं टोंटी पंचायत अंतर्गत इटके ग्राम में लगा ट्रान्सफार्मर खंभा सहित गिर गया जिससे क्षति ग्रस्त हो गया,उत्क्रमित मध्य विधालय इटके का सोलर जल मिनार के सोलर प्लेट उड़ कर जमीन में बिखर गया, साल्वे पंचायत के जुठा टांड़ सोलर जलमिनार में लगे दो सोलर पैनल दुर जमीन पर गिरकर बिखर गया व गजुवा अखरा के पास का सोलर पैनल पास के एक पेड़ पर जा गिरा , इटके में हीं जामिया इस्लामिया में बड़ा सा पेड़ गिरने से वहां लगा पानी टंकी टुकड़ा हो गया,वहीं मंधनिया टोला निवासी उमेश मिस्त्री का निर्माणधिन मकान का दिवार उलट गया व उमेश के घर से कुछ दूर पर एक बहुत ही पुराना आम का पेड़ के डाली टुट कर गिरने से ऐलवेस्टर का घर टुट गया। टुंडाहुटु ग्राम के पतरा टोली, में एक मचान से दब कर पिंटु भुईयां पिता मुन्ना भुईयां का दो बकरी दब जाने से मौत हो गई। उधर डाढा पंचायत के रूद ग्राम निवासी सुकरी मसोमात पति स्वर्ग सुखदेव गंझु की 5 बकरियाँ की मौत हो गई।कुल सात बकरीयां की मौत हुई है।इतना ही नहीं बल्कि साल्वे, शिबला, अमरवाडिह, बारियातु, फुलसु, बालुभांग सहित पुरे प्रखंड क्षेत्र में कई घरो के एलवेस्टर,पेड़ पौधे क्षतिग्रस्त हो गए । सभी पिड़ितों ने आपदा विभाग से हुई छती का आंकलन कर मुआवजे की मांग किया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि हवा की रफ्तार करीब 60 से 70 किमी प्रति घंटा थी। अंचलाधिकारी दीपाली भगत ने कहा कि बारिश और तेज आंधी तुफान से जो भी परिवार के लोग प्रभावित हुए हैं वे अंचल कार्यालय में छतिग्रस्त मकान, मृत पशु व नष्ट हुई फसलों की फोटो, लिखित आवेदन के साथ संलग्न कर अंचल कार्यालय में जमा करें जांचोपरांत पिडित परिवार वालो को आपदा राहत कोष अंतर्गत सहयोग प्रदान की जाएगी।

## छोटे भाई ने की बड़े भाई की हत्या

**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के चम्पा पंचायत ग्राम मेराम छोटे भाई जेम्स सारस उम्र 30 वर्ष ने अपने बड़े भाई बंसत सारस की रविवार दोपहर धारदार टांगी से चेहरे व सिर पर हमला कर निर्मम तैराके से हत्या कर दी ।हत्या कर वह जंगल की ओर भाग गया। इस संबंध में मृतक की पन्ती मुनी देवी ने बताया कि दोपहर देवर बैल चराकर घर आया हुआ था। खाना खाने इस क्रम में सबसे पहले मेरे साथ मारपीट की उसके बाद वह घर में रह गया। मेरे द्वारा जलसहिया का करने हेतु जब जिओ टैग गाँव निकली तो मेरे पीछे अपने बड़े भाई की टांगी से वार कर हत्या कर दी ।ग्रामीणों की सुचना पर जब मैं घर पहुंची तो सिर से खुन बह रहा था। मौके पर ही उनकी मौत हो गई थी इधर ग्रामीणों द्वारा थाने में सुचना देने पर पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंची। जहाँ से अरोपी जंगल की ओर भाग गया था। पु0 अनी रतन टूडू,रौशन कुमार एएसआई जोसेफ लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा जंगल में छापामारी कर अरोपी को गिरफ्तार किया। अरोपी जेम्स सारस ने बताया कि बड़े भाई द्वारा शादी नहीं कराने व अकेलापन से परेशान होकर बड़े भाई की हत्या कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### दो दिनों से लापता हैं अधेड़, परिजन चिंतित



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहसिंघना थाना उत्तरी शिवपुरी काली मंदिर के निवासी श्रवण कुमार पांडे गत शनिवार से लापता हैं।परिजनों के अनुसार वे साढ़े नौ बजे सुबह अपने घर से निकले हैं अभी तक घर वापस नहीं आए हैं।परिजनों ने लोगो को श्री पांडे के बारे में किसी भी तरह की जानकारी मिलने पर मोबाइल नम्बर 9304786937 या 8210065989 पर सूचना देने की अपील की है।

### चैंबर ऑफ कॉमर्स ने किया चना गुड़ का वितरण

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनवमी महापर्व के अवसर पर फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने जुलूस में आम नागरिकों के बीच चना एवं पेयजल का वितरण किया। इस कार्य में चेंबर के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुबोध अग्रवाल, सचिव राकेश ठाकुर, वरीय सदस्य नीरज अग्रवाल, कमल अग्रवाल, विमल अग्रवाल समेत अन्य लोगों ने भी सहयोग किया।

### एपीपी पद पर चयनित शर्मानंद को समिति के लोगों ने किया सम्मानित



**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम सांकुल अंबेडकर भवन में रविदास समिति के तत्वाधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एपीपी में चयनित शर्मानंद राजीव को समिति के लोगों द्वारा फूलमाला पहनाकर एवं लड्डू खिलाकर सम्मानित किया गया। वहीं शर्मानंद का गुरु रहे सुनील राम ने पेन देकर सम्मानित किए। इधर समिति के अध्यक्ष महेश राम एवं सचिव संजोत दास ने कहा शर्मानंद का सहायक लोक अभियोजक में चयन होने से गांव और समाज गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इनसे सीख लेकर युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने कि जरुरत है ढ्ढ ताकि हर क्षेत्र में गांव और समाज का नाम रौशन हो।सम्मान समारोह में प्रवक्ता झूबर राम मालिक गोकुल राम लक्ष्मी राम राम कुमार राम अनिल राम जालेश्वर राम विश्वनाथ राम कैलाश राम बबलू राम धर्मदास राम दिनेश्वर राम सुखदेव रवि अश्विन राज देबाशीष कुमार सूरजदेव राम विक्रम राम बिंदेश राम आकाश कुमार रवि राजेश राम आदि सैकड़ों लोग उपस्थिति थे ढ्ढ

### मां दुर्गा का भव्य शोभायात्रा के साथ किया गया विसर्जन



**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्राम पंचायत कोतो के ऐतिहासिक रामनवमी पुजा सरहुल व चैती दुर्गा पुजा मूर्ति विसर्जन किया गया।विसर्जन जुलूस कोतो से न्यू मार्केट होते हुए पीटीपीएस डैम पहुंचा जिसमें सैकड़ों की संख्या में ग्राम के महिला पुरुष व बच्चे उपस्थित हुए।तथा माता के जयकारे से गुंजा पुरा क्षेत् तथा सभी लोगों ने विधिवत पुजा अर्चना कर नम आंखों से माता को विदाई दी। विसर्जन जुलुस में कमिटी के संरक्षक रौशन लाल चौधरी उपस्थित हुए।तथा सभी ग्रामीणों को इस अवसर पर शुभकामनाएं दिए। मौके पर मुखिया निधि सिंह,सपन दास,सुभाष यादव,जानकी मुन्डा,राजा सुजीत कुमार,सुनिल महली,विकास मुन्डा,चन्द्रशेखर सिंह,नमो नारायण ओझा,अमरेंद्र पाण्डेय,आंसु कुमार,प्रमोद चौधरी,राजु प्रसाद,गोविंद कुमार,रामाकांत सांवरी देवी,सरिता देवी,शर्मा,सीमा राय,मिठु देवी,विन्दु देवी,जया देवी,निशा देवी,अनिता देवी,मधु देवी,उषा देवी,आदि उपस्थित हुए।

### एनटीपीसी मजदूर यूनियन की साप्ताहिक बैठक संपन्न



**पतरातू :** एनटीपीसी मजदूर यूनियन (एटक )की सप्ताहिक बैठक यूनियन कार्यालय पीटीपीएस में हुई ढ्ढ जिसकी अध्यक्षता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी प्रखंड सचिव सह एटक के राज्य कार्यकारिणी सदस्य कामरेड मनोज कुमार महतो ने किया। बैठक में यूनियन की सदस्यता बढ़ाने,मजदूरों की समस्याओं आदि पर चर्चा किया गया ढ्ढ वहीं बैठक में यूनियन द्वारा झारखंड विधानसभा बजट सत्र में श्रम विरोधी विधेयक वापस लिए जाने का स्वागत किया है।आगे महतो जी ने कहा रघुवर दास कि पूर्व सरकार ने औद्योगिक विवाद अधिनियम (झारखंड संशोधन) विधेयक 2018 झारखंड ठेका मजदूर(विनियमन एवं उन्मूलन) झारखंड संशोधन विधेयक 2015 झारखंड श्रम विधियां (संशोधन ) पकीणं उपबध अधिनियम विधेयक 2018 कारखाना(झारखंड संशोधन) विधेयक 2019 झारखंड दुकान एवं प्रतिष्ठान संशोधन विधेयक 2018 लाया गया था। लेकिन हेमंत सरकार ने उन सभी जनविरोधी विधेयक वापस लेकर सराहनीय पहल किया है। मौके पर मनोज पहान,संतोष मुंडा,रमेश महतो,सरवन करमाली, प्रभात महतो,विकास मुंडा,राहुल विश्वकर्मा,आदित्य कुमार,जयनंदन सिंह,विनय कुमार गुप्ता,अनिकेत कुमार सिंह,श्याम नंदन सिंह,उमेश करमाली,मनोरंजन महतो,मोहन महतो,नरेश बेदिया,गुलशन बेदीया, वीरेंद्र कुमार इत्यादि शामिल थे ।

# रामगढ़ मरार व पारे बस्ती में सरहुल महोत्सव मनाया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ मरार व पारे बस्ती में सरहुल महोत्सव मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए रामगढ़ विधानसभा के पुर्व प्रत्याशी बजरंग महतो साथ साथ ही सर्वप्रथम पहान द्वारा सखुवा फुल लगा कर व गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया साथ बजरंग महतो ने कहा कि सरहुल आदिवासियों व मूलनिवासियों का प्रमुख पर्व है , जो की प्रकृति पर्व या सरहुल नाम से जाना जाता है। जिस भांति बिहार में छठ प्रमुख पर्व है , बंगाल में दुर्गा पूजा ठीक उसी प्रकार झारखण्ड में सरहुल का पर्व बहुत ही मुख्य व प्रमुख है। सरहुल दो शब्दों से मिलकर बना है सर और हुल .यहाँ सर का अर्थ है सरई अर्थात सखुआ या साल पेड़ के फूल से होता है , जबकि हुल का अर्थ क्रांति से है। जिसका पूरा शाब्दिक अर्थ है = सखुआ के फूलों की क्रांति या सखुआ के फूलों द्वारा होने वाली क्रांति को सरहुल के नाम से जानते हैं। मुख्यतः यह पर्व फूलों (सखुआ के फूलों ) का पर्व है साथ ही बोले की हमारी सरकार सरना कोड लागू करने के लिए भी केंद्र सरकार को भेजी है जिसमें पुर्व विधायक ममता देवी का हस्ताक्षर है और सर्वप्रथम रामगढ़ में आदिवासी छात्रवास का भी निर्माण किया जा रहा है ग्रामीणों में काफ़ी उत्साह खूसी और प्यार देखने को मिला कमेटी के तामाम पदाधिकारी व सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## ईसाईयों ने मनाया खजूर इतवार पर्व



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** संपूर्ण मसीही जगत आज के दिन खजूर इतवार का पर्व मनाता है। इस उपलक्ष्य में सीएनआई चर्च रामगढ़ में पवित्र प्रभु भोज का अनुष्ठान पेरिस पुरोहित जेएम गुड़िया द्वारा किया गया। सहायक पुरोहित मेरी मीना किशोरिया द्वारा खजूर इतवार के संदेश में बताया गया कि प्रभु यीशु ख्रीस्त सारे जगत की पाप क्षमा के लिए यरूशलेम नगर में एक गधी के बच्चे के ऊपर बैठकर शांति का संदेश देने और सारी मनुष्य जाति का पाप से उद्धार करने के लिए दुख उठाने और क्रूस पर अपने प्राण देने के लिए एक आध्यात्मिक राजा के रूप में प्रवेश करते हैं। सीएनआई चर्च में रामगढ़ शहर के विभिन्न मंडलियों के परिवार जन उपस्थित होकर आराधना स्तुति किए गए।

## विकास पाठक डिस्ट्रिक्ट ताइक्कांडो एसोसिएशन के सचिव नियुक्त हुए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** रसदा में रामगढ़ डिस्ट्रिक ताइक्कांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में रसदा में ताइक्कांडो का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षणक के रूप में मास्टर राजेंद्र प्रसाद रसदा आये जंहा उन्होंने बच्चो को क्यों रूगी और ताइक्कांडो के एडवांस किक पंच और प्रतियोगिता की बारीकियों का प्रशिक्षण दिए। ट्रेनिंग सेंटर में बच्चों ने भी पूरी लगन और शिद्दत के साथ ताइक्कांडो की ट्रेनिंग ली। मौके पर राजेंद्र प्रसाद ने बताया ताइक्कांडो एक इंटरनेशनल खेल है जिसे सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। पूरी ईमानदारी से मेहनत करें तो भविष्य में कामयाबी की सीढ़ियां निश्चित तौर पर चढेंगे। वहीं मास्टर राजेंद्र प्रसाद के द्वारा क्षेत्र के मास्टर विकास कुमार पाठक को रामगढ़ डिस्ट्रिक्ट ताइक्कांडो एसोसिएशन का सचिव नियुक्त किया गया।

## पदाधिकारी, संरक्षक व ग्रामीणों को अंगवस्त्र देकर किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह गांव में सार्वजनिक रामनवमी पूजा समिति द्वारा रविवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद मौजूद थे। उन्होंने कहा कि रामनवमी महापर्व मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जन्म जीवन त्याग, तपस्या, संयम, और संकल्प पर आधारित था। भगवान राम के द्वारा किए गए कार्य प्रशंसनीय थे। हम लोग एक सभ्य समाज के आदमी हैं और सभ्यता का परिचय देते हुए त्यौहार को शांतिपूर्ण मनाते आए हैं। पूजा समिति में शामिल सभी सदस्यों के सहयोग एवं प्रबुद्धजनों के मार्गदर्शन के लिए सबों को शुक्रिया कहा। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही कोई भी कार्य इतनी आसानी से इतनी सरलता पूर्वक की जाती है। उन्होंने कहा कि हमसे लोग जब भी मदद मांगते हैं, मांगने वाले व्यक्ति से अपने आप में यह सोचता हूं कि जो लोग हम से मदद मांग रहे हैं और हमसे जितना मांगा जा रहा है, हम कहीं ना कहीं उससे अधिक देने का प्रयास करते हैं। उससे अधिक करने का प्रयास करता हूँ और आज यह बात कहना चाहता हूं कि लोग हमसे जितनी मदद की उम्मीद करेंगे हम उससे अधिक मदद करेंगे। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी, संरक्षक एवं ग्रामीणों को अंग वस्त्र व मैडल देकर सम्मानित किया। मौके पर मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, आईलेक्स स्कूल के निदेशक शैलेश कुमार, अर्श पब्लिक स्कूल के निदेशक शत्रुघ्न प्रसाद, रामजी प्रसाद, प्रकाश प्रसाद, विनोद प्रसाद, नंदलाल प्रसाद, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, प्रदीप केसरी, कमल शंकर पंडित, संतोष प्रजापति, वीरेंद्र प्रसाद, पप्पू प्रसाद,महेश प्रसाद, मनोज कुमार, राहुल कुमार, राजेश प्रसाद, राहुल कुमार, राजन प्रसाद, राजकुमार प्रसाद, देवनंदन प्रसाद, पप्पू कुमार वर्मा सहित अन्य रामभक्त मौजूद थे।

## सौहार्दपूर्ण संपन्न हुई रामनवमी, सभी राम भक्तों को बधाई : डॉ. आरसी प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** इंटरनेशनल चैती रामनवमी सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ इसके लिए सभी श्रीराम भक्तों को बधाई अभिनंदन करता हूं। हजारीबाग को इंटरनेशनल रामनवमी वाला शहर के रूप में पूरे विश्व में जाना जाता है।उक्त बातें हजारीबाग विधानसभा के पूर्व उप विजेता एवं स्वस्थ प्रकोष्ठ के प्रमंडलीय कांग्रेस अध्यक्ष डॉ आरसी मेहता ने कहा।कहा कि चैती रामनवमी झंडा समिति हिंदू महासभा बजरंग दल विद्यार्थी परिषद,हजारीबाग के पुलिस प्रशासन पत्रकार संघ कौमी एकता संघ के अध्यक्ष गण का मुख्य भूमिका रही। मुख्य रूप से प्रेस क्लब के अध्यक्ष उमेश प्रताप रामनवमी समिति के अध्यक्ष कुणाल यादव सदर विधायक मनीष जायसवाल बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद सांसद जयंत सिंहा पूर्व सांसद श्री बिपी मेहता एसपी श्री



मनोज रतन चौथे उपायुक्त नैंसी सहाय अनुमंडल पदाधिकारी श्री विद्या भूषण सदर अंचल अधिकारी श्री राजेश कुमार सभी डीएसपी थानेदार, पुलिस जवान होमगार्ड के जवान एवं महिला पुलिसकर्मियों चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों को विशेष रुप से बधाई देता हूं ।

## भाजपा ने विष्णुगढ़ में की बूथ कमिटि की समीक्षात्मक बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के दोनों मंडलो के अध्यक्षो की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी बूथ सशक्तिकरण अभियान की समीक्षात्मक बैठक बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के सभागार भवन में विष्णुगढ़ प्रभारी सह पूर्व बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद के नेतृत्व में की गई । समीक्षात्मक बैठक में दोनों मंडलो से विभिन्न पंचायतो से बूथ कमिटि की सूची सौपी गई।

दोनों मंडलो को मिलाकर बूथ करीब-करीब 40-50 प्रतिशत पूर्ण पाए गए जिस पर प्रभारी राकेश



प्रसाद ने संतोष व्यक्त करते हुए बचे बूथों की कमिटि को एक सप्ताह के भीतर सौपने का निर्देश नियुक्त बूथ प्रभारियों को दिया। साथ ही प्रभारी राकेश प्रसाद ने कहा कि पन्ना प्रमुख ही भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ है,पन्ना प्रमुख पर ही सर्वाधिक जिम्मेदारी है । भारतीय जनता पार्टी की परम्परा रही है,बड़े-बड़े नेता भी अपने बूथ में पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी उठाते है। बूथ बनाने में जितने भी कार्यकर्ता लगे है,मैं उनकी मेहनत एवं लग्न को नमस्कार करता हूँ ।

## सोलर स्ट्रीट लाइट का टोंगी पंचायत में विधायक जेपी पटेल ने किया उद्घाटन



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड डाड़ी के पंचायत टोंगी में 100 सोलर स्ट्रीट लाइट का मांडू विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक सह प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश भाई पटेल द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया।मुख्य अतिथि मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि आज टोंगी पंचायत में ओएनजीसी बोकारो निगामित सामाजिक दायित्व(सीआरएस)मद से 100 सोलर स्ट्रीट लाइट दिया गया है। जो टोंगी वासियों के लिए ऐतिहासिक पल है। विधायक श्री पटेल ने कहां कि टोंगी पंचायत में मेरे द्वारा कई प्रकार के कार्य किये गए हैं। टोंगी के लिए कुछ बड़ा करने की सोंच रहा हूँ।इस समारोह में मुख्य रूप से महाप्रबंधक आर.एस. रामाराव, सुपरवाइजर संजय सिंह, डाड़ी प्रमुख दीपा देवी, मुखिया रिंकी देवी, उपमुखिया मदन बेदिया, वार्ड सदस्य सीमा देवी, अनिता देवी, सुनिल बेदिया, अनिता देवी ,सविता देवी,भाजपा जिला मंत्री सेवालाल महतो, भाजपा नेता पूरूषोत्तम पांडेय, डाड़ी मंडल अध्यक्ष वकील कुमार महतो,मंडल महामंत्री गुलचंद महतो,मंडल महामंत्री सर्वेश कुमार सिंह, भाजपा नेता राजूरंजन तिवारी, हुकुमनाथ महतो,पूर्व मुखिया सह युवा नेता प्रमोद कुमार महतो,मंत्री राजदीप प्रसाद, उमेश बेदिया, बैजनाथ बेदिया, प्रितलाल महतो,भाजपा नेत्री नमीता कुमारी, भाजपा नेता बंसत प्रजापति, जय कुमार, गिरजा सिंह, सुरेश महतो,नारायण महतो,तुलसी महतो,सुदीप चौधरी, हसनैन अंसारी, रंजीत सिंह, सुदय कुमार महतो,विक्रम महतो,दशरथ महतो,जगरनाथ महतो,दीलिप भोगता, विजय हेम्ब्रम, संजीत मांझी, देवकांत सिंह, रामेश्वर साव, संजय बेदिया, अर्जुन भुईयां, तुलसी बेदिया, बढन बेदिया,मीना देवी, प्रमिला कुमारी ,बलवीर प्रजापति,भोला महतो,मनोज कुमार, देवकुमार महतो ,दिनेश बेदिया, अनिल कुमार, मंगल मांझी आदि उपस्थित थे।

## देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का वर्षगांठ मनाया गया

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत पंचायत चुगलामो में देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का प्रथम वर्षगांठ को लेकर कलशयात्रा निकाला गया।कलशयात्रा में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव सम्मिलित हुए।कलशयात्रा में 551 महिला श्रद्धालुओं ने उत्तरवाहिनी सिमरिया नदी से कल्श में जल लेकर यज्ञस्थल पहुंचे। मौके पर बरकट्ठा प्रमुख रेणु देवी,उपप्रमुख सुरजी देवी,बीस सुत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद,स्थानीय मुखिया फूलवंती देवी, पंसस अनिता देवी,प्रमुख प्रतिनिधि उमेश चौधरी, सत्यनारायण चौधरी सहित भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।



## भाजपा बुथ शक्ति करण का कार्य सम्पन्न हुआ



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार नए 31सदस्य,बुथ समिति निर्माण गोला मंडल में 84,बुथों पर किया गया सभी बुथ समिति का सत्यापन के लिए गोला मंडल के प्रवासी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बबन गुप्ता अग्रवाल मुहल्ला स्थिति महामंत्री जितेंद्र साहु के आवास पर बुथ समिति का फार्म में सत्यापित किए। लोकसभा ओर विधानसभा के चुनाव की तैयारी शुरू हो चुकी है। बुथ का निर्माण नए सिरे से किया जा रहा हैं। रामगढ़ विधानसभा में सर्व प्रथम गोला मंडल में सभी बुथ समिति का निर्माण किया गया। इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। झारखंड प्रदेश में भाजपा कार्यालय में गोला मंडल की चर्चा होती रहती हैं। यहां के सभी कार्यकर्ता लग्न मेहनत से सभी काम मिल जुलकर किया जाता हैं। कोई भी सगंठन का काम मिले। गोला मंडल सबसे आगे रहती है इसके लिए सभी बुथ अध्यक्ष सभी बिस्तराक मंडल के प्रभारी शक्ति केंद्र के प्रभारी संजोयक सह संयोजक सक्रिय कार्यकर्ता को बहुत बहुत बधाई शुभकामनाएं देते हैं। बबन गुप्ता गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव ओर सभी बुथ अध्यक्ष ने सत्यापित कर ज़िला में रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता को सोप दिया गया। उक्त मौके पर गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव के बुथ शक्ति करण निर्माण के प्रवासी बबन गुप्ता जिला उपाध्यक्ष सह गोला मंडल प्रभारी राजु चतुर्वेदी महामंत्री सह बुथ अभियान टोली के संजोयक जितेंद्र साहु बरलंगा मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार दिगंबर महतो आदि उपस्थित थे।

## सार्वजनिक बासंती रामनवमी पूजा महासमिति शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सार्वजनिक बासंती दुर्गापूजा समिति नगर बरसोत 2023 रामनवमी के शुभ अवसर पर बासन्ती दुर्गापूजा का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े धूम धाम एवं हर्षोल्लास के साथ शांति पूर्वक विजयदशमी के दिन को समय लगभग संध्या 07.30 बजे संपन्न किया गया।ये पूजा नगर बरसोत में पूर्वजों के समय से परम्परागत रूप से प्रतिमा बनाकर दस दिन का पूजा अर्चना कर निरंतर मनाया जा रहा है।ये पूजा चैत महीने के दूसरे पखवाड़े के प्रतिपदा तिथि को क्लश स्थापना से शुरू होता है,पंचमी को माता के प्रतिमा सजाया जाता है,षष्ठी को माता का खुलता है जिसमें समस्त ग्राम वासी शामिल होकर आतिशबाजी के साथ माता का दर्शन करते हैं।,सप्तमी को नवपत्रिका (बेलभरणी)पूजन के लिए शोभा यात्रा ढोल ताशा के साथ दुर्गमण्डप से छठ तालाब जाती है जिसमें गांव की लगभग सभी महिलाएं शामिल होती हैं,अष्टमी को संधि बलि पूजा एवं महावीर ध्वज खड़ा होता है,नवमी को महा रामनवमी जुलूस गांव भर्मण करती है,जिसमें श्रीनगर,जीतपुर एवं छोटकी चलङ्गा के महावीर ध्वज भी शामिल होता है,एवं विजय दशमी को हवन के साथ भव्य मेले का आयोजन होता है जिसमें हजारों की भीड़ होती है।उसके बाद संध्या 7.00 बजे के आस पास माता रानी की प्रतिमा विसर्जन छठ तालाब में किया गया।वापस दुर्गमण्डप पहुँचकर शांति पाठ कर समापन किया गया।

## दीनमठ सारथी ट्रस्ट ने रामनवमी में लगाया कैम्प, सैकड़ों का किया मुफ्त इलाज

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दीनमठ सारथी ट्रस्ट ने रामनवमी एवं दशमी को निकलने वाली शोभा यात्रा के दौरान तलवार बाजी एवं लाठी से करतब दिखाने के दौरान लगने वाली चोटों का निशुल्क उपचार एवं प्राथमिक सहायता करने के लिए दिनमठ सारथी ट्रस्ट ने जगह-जगह पर कैम्प लगाया । लगने वाले कैम्पो में बनासो मंदिर के मुख्य द्वार के समीप बनासो मुखिया चंद्रशेखर,उपमुखिया करीम अंसारी,अमूल्यचंद्र पांडेय(महामाया) ने संयुक्त रूप से उद्घघाटन किया,वहीं विष्णुगढ़अखाड़ा चौक में रामनवमी महासमिति विष्णुगढ़ के अध्यक्ष वरुण कुमार,उपाध्यक्ष अनुराग बर्मन सचिव सह मुखिया निर्मल कुमार मीडिया प्रभारी पवन प्रताप सिंह,संरक्षक प्रोश्र ओमकारनाथ शर्मा ने फीता काट कर कैंप का शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से एएनएम रेखा पांडेय, सविता कुमारी, सहिया सह एएनएम मंजू देवी,सहिया प्रेमलता,रामनवमी महासमिति कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार बर्णवाल(दीपू भाई) दीनमठ सारथी ट्रस्ट के सुरेश राम,रंजय पांडेय,आकाश कुमार, कौशल्या देवी,प्रदीप कुमार, अंकित राज,दीपक तिवारी, डालचंद कुमार,माही उर्फ महेंद्र प्रसाद महतो,बनासो पंसस प्रतिनिधि राजकुमार महतो, प्रसादी यादव,नरेश महतो,राजू यादव व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# इंटरनेशनल रामनवमी के सौहार्दपूर्ण समापन पर प्रशासनिक महकमा गदगद, डीसी एसपी ने कहा थैंक्यू हजारीबाग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विख्यात रामनवमी के शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न होने पर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त नैन्सी सहाय ने जिलेवासियों को धन्यवाद दिया है। उपायुक्त ने कहा कि इस बार हजारीबाग वासियों ने मिसाल कायम किया है,सभी को दिल से आभार।

पुलिस पदाधिकारियों, दंडाधिकारियों, अंचलाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, कर्मियों एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े तमाम लोगों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि अथक प्रयास और पूरी तत्परता के साथ सभी ने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। मीडिया को धन्यवाद देते हुए उपायुक्त ने कहा सभी ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सही सूचनाओ को आमजन तक पहुंचाया।

पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने भी ऐतिहासिक रामनवमी पर्व के सफल आयोजन पर उन्होंने कहा कि तमाम जिले वासियों के सहयोग,अनुशासन से प्रभावित हूं। सभी मीडिया कर्मी,पुलिस प्रशासन ने भी इस ऐतिहासिक पर्व को सफल बनाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी सभी को आभार।

उन्होंने शांति समिति,अखड़ा समिति, सद्भावना समिति, संरक्षण समिति,महासमिति के तमाम सदस्यों और विभिन्न धर्मो के प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से यह सम्भव हो पाया है।

इस अवसर पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने उम्मीद जताया कि आगे भी इसी तरह जनता और

# ईसाई समुदाय ने मनाया खजूर रविवार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारिबाग :** खजूर रविवार (पाम संडे ) पुरे विश्व में ईसाई समुदाय द्वारा विधि विधान से मनाया जाता है इसी क्रम में कैथोलिक ईसाई समुदाय के बीच बिशप आनंद जोजो के नेतृत्व में प्रभु का रूपान्तरण महागिरजाघर में खजूर डाली की पवित्र जल से आशीष के साथ शुभारम्भ किया गया। बिशप आनद जोजो पल्ली पुरोहित फा अंटोनी,फा रेमंड सोरेंग, फा विजय, फा प्रदीप, फा अब्राहम ने सर्वप्रथम पवित्र मिस्सा पूजा संत रॉबर्ट मध्य विद्यालय के प्रांगण में प्रारम्भ किया जहाँ विश्वासियों द्वारा लाई गई खजूर डाल की आशीष पवित्र जल छिड़क बिशप आनंद ने किया तत्पश्चात विश्वासियों द्वारा प्रभु येसु की जयजयकार कर विश्वासी जुलुस के साथ महागिरजाघर में प्रवेश करते है। प्रभु येसु के येरुसलेम में प्रवेश




करने पर लोगों द्वारा खुशी में स्वागत किया जाता है कोमल खजूर की डाल और अपने कपडे को रास्ते में बिछा कर अपने प्यार का इज़हार करते हैं। चालीसा के अंतिम पड़ाव में पवित्र सप्ताह का प्रारम्भ खजूर रविवार से होता हैं। इस सप्ताह में, पवित्र तेल विलेपन पूजा,पुण्य बृहस्पतिवार, पुण्य शुक्रवार,का विशेष मिस्सा पूजा किया जायेगा। बिशप आनंद जोजो ने अपने सन्देश में कहा की प्रभु येसु ने मानव जाति के कल्याण के लिए अपने आप को बलिदान कर दिया और प्रेम,दया क्षमा का सन्देश दिया। मिस्सा पूजा का भक्ति गीत संचालन फा प्रबल के नेतृत्व में दीपूगढ़ा ईसाई समुदाय द्वारा,पूजा स्थल की साफ सफाई सजावट संत रॉबर्ट और हॉली क्रॉस द्वारा किया गया। समारोह को सफल बनाने में फरदीनन्द लकड़ा, कैथोलिक सभा, महिला संघ और युवा संघ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 नं0 7004121786, 06513571957

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच व दवा वितरण शिविर का आयोजन

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजधानी के काली स्थान रोड पर स्थित फिदा बिल्डिंग में माई छोटा स्कूल के तत्वावधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें सैकड़ों मरीजों का




स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा वितरित की गई. कैमप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रूमाना रहमान, डाक्टर उजमा इरफान और शीशु रोग विशेषज्ञ डॉ इबरार आलम ने योगदान दिया।ऐ रहमान ने बुके दे कर मेहमानों का स्वागत किया। कारी क्रम का उद्घाटन स्कुल के डायरेक्टर फौजीया रहमान ने विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित करके किया.माई छोटा स्कूल के डायरेक्टर फौजीया रहमान ने संस्था द्वारा चलाये जा रहे सेवा प्रकल्प कार्यो की विस्तार से जानकारी दी. शिविर में स्वास्थ्य जांच कराने आए लोगों ने कहा कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बड़े ही सहजता से डॉक्टर ने बात की. परेशानी पूछी और निशुल्क दवा उपलब्ध हुई. इस तरह के स्वास्थ्य शिविर होते रहने चाहिए. इससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को काफी सहायता मिलती है.डॉ इबरार आलम ने कहा कि गरीबों और असहाय लोगों की सेवा करना एक पुण्य का काम है. ऐसे बीमार मरीज जो अपना इलाज नहीं करा पाते उनके लिए ऐसे शिविर वरदान साबित होते हैं. कुछ मरीजों को चिन्हित किया गया है जिनका इलाज पुनदाग स्थित मन्नत अस्पताल में निशुल्क करवाया जाएगा.।

## छोटका चुम्बा में सरहुल पूजा हर्षोल्लास के साथ मना

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटका चुम्बा में आदिवासी समाज के द्वारा रविवार को सरहुल पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूजन भुनेश्वर पाहन, सुरेंद्र पाहन, दिलीप भगत द्वारा विधिवत किया गया। प्रकृति पर्व कलश की गणना और सरहुल जुलूस निकाला गया।



महिलाओं, पुरुषों ने मांदर की थाप पर पारंपरिक नृत्य कर एक दूसरे को। अबीर, गुलाल लगाकर बधाई दिया मौके पर धनेश्वर पाहन, धनिक लाल मुंडा, सुनील मुंडा, विकास मुंडा, अशोक मुंडा, उप मुखिया अंजू देवी, वार्ड सदस्य कारी नाथ मुंडा, अजय मुंडा, सुनीता देवी, ब्रह्मदेव मुंडा, अंजू देवी, छोटेलाल मुंडा, अनिल मुंडा, विजय मुंडा, फुलचंद मुंडा, अशोक, बसंती देवी, मनोज मुंडा, बसंत मुंडा, रवि मुंडा, सुमित मुंडा, समाज के प्रखंड मीडिया प्रभारी गोदनाथ मुंडा आदि उपस्थित थे।

## भाजपा ने किया बुथ कमेटी स्थापना

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र में सांडी में स्थित वार्ड संख्या एक एवं वार्ड संख्या नौं में बुथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बुथ कमेटी का सत्यापन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा उपाध्यक्ष संजय शाह ने किया। मौके पर



भाजपा वरिष्ठ नेता रंजीत सिन्हा उमेश साहू, पप्पू झा, जग्गू महतो,हरी महतो, नरोत्तम सिंह, राजेश महतो, मुकेश ठाकुर राधेश्याम गुप्ता ,सूरज पांडेय ,विनोद कुमार गुप्ता, बीरेश कुमार इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डकरा सीएचपी के समीप ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर, चार गंभीर रूप से घायल

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी थाना क्षेत्र के डकरा सीएचपी के समीप कोयला ट्रक ने ऑटो को मारी टक्कर,ऑटो में सवार चार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया.घटना लगभग नौ बजे दिन का बताया जाता है. जानकरी के अनुसार ऑटो खलारी रेलवे स्टेशन के तरफ से डकरा की ओर सवारी लेकर जा रहा था. इतने में विपरीत दिशा से आ रहीं कोयला ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दिया. ट्रक चालक ऑटो को टक्कर मारने के बाद चालक मौके से फरार हो गया. ट्रक के टक्कर से ऑटो में सवार दो महिलाएं सहित चार लोग बुरी तरह घायल हो गये. दुर्घटना होने के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीणों ने दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को आनन फानन में केंद्रीय अस्पताल डकरा पहुँचाया गया. तत्काल इजाल कर गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों रांची रिम्स रेफर भेजा गया. कोयला ट्रक ने ऑटो को टक्कर मारने के बाद आक्रोशित लोगों ने खलारी डकरा मुख्य मार्ग को घंटो जाम रखा. स्थानीय लोगो का मांग था कि घायलों का इलाज का खर्चा ट्रक मालिक दे. बाद में मोहननगर निवासी समाज सेवी कृष्णा चौहान, नंदलाल चौहान, दिनेश भर,अशोक राम,जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में स्थानीय लोगो ने घायलों के इलाज के लिए आनंद पासवान की माँ को 5000 रुपये चन्दा कर आर्थिक मदद दिया गया।

## राष्ट्रीय कोयला मजदूर युनियन का समीक्षा बैठक किया गया

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय कोयला मजदूर युनीयन का एक समीक्षात्मक बैठक एनके एरिया डकरा भीआईपी में किया गया. बैठक की अध्यक्षता राघव चौबै ने किया. बैठक में राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन संगठन की सदस्यों की संख्या बढ़ाने, श्रमिको के कॉलोनी का निरीक्षण कर वीडिओ बनाकर



रिपोर्ट बनाने, पद्दोनती,आवास का मरम्मती सहित अन्य गंभीर मुद्दो पर चर्चा किया गया. बैठक में सुनील कुमार सिंह, राजेश कुमार, मुबारक,हुसैन, तिला महतो, धीरज कुमार सिह , दीपनारायण महतो, कुबेर रजक, अर्जून महतो, चनरदीप, , धनंजय, इंदल कुमार, सुरेंद्र चौहान, प्रदीप कुमार, अभिमन्यु गुप्ता, आदी लोग मौजूद थे।

## बूथ सशक्तिकरण व बूथ सत्यापन को लेकर भाजपा ने की बैठक

**जामताड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जामताड़ा जिला के बुधुडीह स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला अध्यक्ष सोमनाथ सिंह के अध्यक्षता में बूथ सशक्तिकरण एवं बूथ सत्यापन तथा आगामी कार्यक्रम 6अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस से 14अप्रैल तक के विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर गहन मंत्रणा किया गया । झारखंड के निकम्मी एवं भ्रष्टाचारी सरकार के खिलाफ आगामी 11 अप्रैल को विधानसभा का महाघेराव करने को लेकर एक बैठक में चर्चा की गई उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने अधिक से अधिक संख्या लोगों में राँची लेकर जाने का निर्णय लिया। ,विशेष रूप से बैठक में पूर्व मंत्री सत्यानंद झा ,भाजपा जिला बुथ सत्यापन मंडल ,प्रभारी संजीव जजवाडे, सुरेश मुर्मू, जे पी सिंह, दिवाकर गुप्ता ने जिले में चल रहे बुथ गठन के कामों पर प्रसन्नता व्यक्त किया।

# बोरिंग कराने पर जुर्माना या शुल्क नहीं लगने देंगे : महापौर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि किसी भी बोरिंग करने या कराने वालों पर कोई टैक्स या जुर्माना नहीं लगेगा। अगर सरकार द्वारा इस तरह का पत्र आया भी है, जिसके आलोक में आयुक्त ने नोटिस निकाला है, तो किसी को चिंता करने की बात नहीं है। एक सप्ताह के अंदर बोर्ड की बैठक कर इसे निरस्त कर दिया जाएगा। महापौर ने कहा कि जहां एक तरफ सरकार हर घर शुद्ध जल अब तक नहीं दे पा रही है,वहां इस तरह का टैक्स या जुर्माना लेने का कोई हक सरकार या निगम को नहीं है। मैंने एवं



सांसद बीडी राम ने कई बार सरकार को पत्र दिया है। 160 करोड़ की शहरी जलापूर्ति योजना, जिसकी राशि केंद्र सरकार एडीबी द्वारा झारखंड सरकार को निर्गत कर दी गई है। उस योजना को जल्द शुरू करें। लेकिन टेंडर होने के बाद भी सारी प्रक्रिया पूरी करने के बावजूद सरकार के पास फाइल लंबित है। महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि कोयल नदी पर 5 फीट नीचे से 5 फीट ऊपर इस पार से उस छोर तक बांध (अनिकेट) बनाना हमारे शहर के जल स्तर को बढ़ाने के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्णय होगा। जिसे हमारे बोर्ड द्वारा पारित कर दिया गया है। जल्द इसका डीपीआर बनवाकर सरकार को स्वीकृति हेतु भेजी जाएगी। यह योजना शहर के लिए माइलस्टोन साबित होगा। महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि गर्मी के दिन में हर निगमवासी को उनके घर तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जायेगी।

# हजारीबाग यूथ विंग ने इंटरनेशनल रामनवमी शांतिपूर्ण समापन को लेकर दिया बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जहां एक और पूरे भारतवर्ष में रामनवमी का महापर्व रामनवमी तिथि को ही समापन हो जाता है तो वहीं झारखंड के हजारीबाग जिले में रामनवमी का आगाज दशमी तिथि से प्रारंभ होता है जो एकादशी तिथि की देर रात तक सड़कों पर राम भक्तों का जन सैलाब के साथ अनेकों झांकियों के बीच संपन्न होता है। तो वही हजारीबाग का रामनवमी इंटरनेशनल कहलाता है हजारीबाग का रामनवमी का इतिहास 104 वर्षों पुराना है। 24 घंटों से भव्य झांकी,राम भक्तों का जनसैलाब के बीच शांतिपूर्वक रामनवमी समापन को लेकर हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक समेत तमाम पदाधिकारियों एवं रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष, विभिन्न संगठनों के राम भक्तों का हृदय से आभार प्रकट किया।हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी यूं ही इंटरनेशनल नहीं कहलाती है क्योंकि जहां एक और पूरे भारतवर्ष में रामनवमी समापन हो जाता है तो हमारे हजारीबाग में दशमी तिथि से प्रारंभ एकादशी तिथि के देर रात तक चलता है जिसको ऐतिहासिक रूप से संपन्न कराने के लिए उपायुक्त पुलिस अधीक्षक समेत तमाम पदाधिकारियों,रामनवमी महासमिति सहित विभिन्न संगठनों के राम भक्तों का हजारीबाग यूथ विंग की ओर से हृदय से आभार प्रकट करता हूं। सभी को शुभकामनाएं देता हूं की आप सभी के नेतृत्व एवं अथक प्रयास में हजारीबाग की रामनवमी ऐतिहासिक पूर्वक संपन्न हुई। साथ ही कहा कि उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के प्रयास से दूसरे वर्ष भी रामनवमी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। साथ ही बताया की यूथ विंग के सदस्यों ने सदर अस्पताल में घायलों के इलाज के लिया ।

# चुम्बा के लुकैया अंबेडकर क्लब में लोगों ने बलिदान दिवस मनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** चुम्बा के लुकैया अंबेडकर क्लब में रविवार को ग्रामीणों ने बलिदान दिवस मनाया। बताया कि बीते 2 अप्रैल 2018 को एससी, एसटी एक्ट में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक्ट में संशोधन के खिलाफ भीम आर्मी द्वारा भारत बंद में शहीद हुए 13 वीर योद्धाओं को लोगों ने याद कर 1 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दिया। साथ ही ग्रामीणों ने डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल को मनाने को लेकर विशेष चर्चा किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंझिला चुम्बा पंचायत समिति सह भीम आर्मी प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार दास ने किया एवं संचालन अमित कुमार दास ने किया। मौके पर जितेंद्र कुमार दास, राजेन्द्र रवि, शशी कुमार, रवि कुमार दास, रामसकल रविदास, अशोक रविदास, सुनील कुमार दास, सुरेश राम, ललन दास, इंद्र कुमार, दीपक कुमार गुप्ता, छविराम, प्रमोद कुमार, विवेक कुमार, प्रिंस कुमार रवि, नीतीश कुमार, सूबेदार कुमार दास, प्रकाश राम, सुरेंद्र राम, बुद्धेश्वर रविदास, संजय कुमार दास, ईश्वर कुमार दास, संतोष रविदास, शिवदयाल राम, सहदेव साहू आदि कई ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

# ऐतिहासिक रामनवमी संपन्न, सदर विधायक ने दी सभी को बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हज़ारीबाग :** रामनवमी जुलूस को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांति और अमन के साथ संपन्न कराने के लिए सदर विधायक मनीष जायसवाल ने हज़ारीबाग के सभी अखाड़ाधारी, क्लबों के सदस्यों, आम- आवाम, रामभक्त, सद्भावना से जुड़े लोग, समाजसेवी, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, रामनवमी महासमिति के लोग, विभिन्न सामाजिक संगठन और प्रेस- मीडिया के लोगों को बहुत-बहुत बधाई दी ।साथ ही विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार ने हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी की परंपरा में अड़चन डालने के लिए तमाम प्रकार की कोशिशें की लेकिन हजारीबाग के सनातन प्रेमियों ने पूर्व के




वर्षों की भांति इस वर्ष अतिरिक्त जुनून और उत्साह के साथ उनके कुत्सित मंशा पर पानी फेर दिया और पूर्ण वैभव के साथ पारंपारिक तरीके से रामनवमी जुलूस- 2023 को संपन्न करके एक नया इतिहास रचने का काम किया ।हजारीबाग रामनवमी की परंपरा वर्तमान वर्ष पूरे उत्कर्ष और वैभव पर दिखा और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। झांकियों के अवलोकन के लिए विशाल जनसैलाब भी उमड़ा। विधायक श्री जायसवाल ही हैं जिन्होंने जनता की आकांक्षाओं को सपलीभूत बनाने के लिए हर मंच तक उनकी आवाज बनकर आवाज बुलंद किया। जिसके परिणाम स्वरूप आज हजारीबाग के जन-जन और कण-कण में श्री राम नाम की गुंजायमान हुई और हजारीबाग इंटरनेशनल रामनवमी की परंपरा अक्षुन्न रह सकी।

## हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी शोभायात्रा 2023

# हजारीबाग वासियों ने पेश की भाईचारगी और सामाजिक सौहार्द की मिसाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पिछले एक दशक का सबसे भव्य रामनवमी शोभा यात्रा का साक्षी बना हजारीबाग। ऐसे तो प्रत्येक वर्ष हजारीबाग में ऐतिहासिक रामनवमी शोभा यात्रा पूरे जोश और उमंग के साथ राम भक्तों द्वारा निकाला जाता है लेकिन वर्तमान वर्ष यानी साल 2023 में सड़कों पर उतरा विशाल जनसैलाब यह बताने को काफी था कि हजारीबाग की रामनवमी किसी लोकउत्सव से कम नहीं है। यहां का बच्चा-बूढ़ा, नौजवान, महिला- पुरुष सभी रामधुन में थिरकते नजर आए। रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान भगवान श्री राम के प्रति जहां सड़क पर अटूट भक्ति दिखी वहीं सनातन धर्म के प्रति लोगों की आस्था उमड़ पड़ी। सनातन धर्म की पुरातन संस्कृति और सभ्यता को यहां जीवंत किया गया तो परंपरागत कला- कौशल का भी हैरत अंग्रेज प्रदर्शन किया गया। शोभायात्रा के दौरान एक भारत- श्रेष्ठ भारत की अभूतपूर्व झलक दिखी और सभी जाति धर्म के लोग एक मंच पर आकर एकता, भाईचारगी और सामाजिक सौहार्द का मिसाल पेश करते दिखे। समाज के ज्वलंत मुद्दे, सामाजिक कुरीति, देश के बदलते मिजाज के अनुरूप राजनीतिक मांग, सनातन देवी- देवताओं की महत्ता और देश प्रेम को जागृत करता झांकियों का कारवां और हर झांकियों के साथ विभिन्न अखाड़ों के राम भक्त तासे की तड़तडाहट और नुक्कड़ों के शोर पर अनवरत थिरकते हुए मुख से सिर्फ जय श्री राम की गूंज से वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे। रामनवमी रूट पर झांकियों के परिचालन के दौरान धर्म और आस्था के साथ देशभक्ति का भी भाव राम भक्तों पर खूब दिखा। कभी देशभक्ति गीतों पर झूमते नजर आए तो कभी राष्ट्रगान बजा कर अपने राष्ट्रप्रेम का उद्धार किया और पूरे शहर को ठहर जाने को विवस कर दिया ।रामनवमी तो अनेकों जगह मनाया जाता है लेकिन जब रामनवमी का त्यौहार सारे जगह समाप्त होता है तब हजारीबाग में शुरू होता है। यहां की सड़कें करीब 72 घंटे तक राम भक्तों के चहलकदमी से गुलजार रहती है। राम नवमी हजारीबाग के स्मिता और सम्मान से जुड़ा त्यौहार है। यहां के हरेक जन में रामनवमी आने से पूर्व ही स्वतः एक असीम ऊर्जा का संचार होता है। युवा वर्ष में धर्म के कार्य के प्रति गजब का उत्साह और जुनून देखने को मिलता है। निश्चित रूप से हजारीबाग की रामनवमी भगवान राम के पूजन उत्सव के साथ उनके प्रति अटूट श्रद्धा को व्यक्त करता ही है साथ ही हिंदुत्व जागरण का भी एक बड़ा मध्यम है।

## रात में हुई तेज आंधी बारिश से तालझारी में मिट्टी का घर गिरा, एक की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** बीते रात्रि हुए तेज बारिश और तूफान से साहिबगंज जिले के तालझारी में मिट्टी का घर गिर जाने से एक आदिवासी व्यक्ति की दीवार से दबकर मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी मिली की तालझारी प्रखंड क्षेत्र के वृंदावन पंचायत स्थित गरुड़धाब गांव निवासी भैरो सोरेन पिता धनय सोरेन थाना -तीनपहाड़ की मृत्यु बीते रात्रि तेज आंधी बारिश के कारण मिट्टी का घर गिरने के से हो गई।

## मैक्लुस्कीगंज सीजीएम सेवन स्टार एकेडमी का उदघाटन पूर्व मुख्यमंत्री ने किया

# आज के आधुनिक युग में शिक्षा से ही क्षेत्र, राज्य व देश सर्वाधिक प्रगति करता है : बाबुलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** प्राइमरी शिक्षा से अगर गुणवत्ता पूर्ण होने लगे तो समझ लीजिए,उस क्षेत्र का विकास अवश्यम्भावी है,और आज के आधुनिक युग में शिक्षा से ही क्षेत्र,राज्य एवं देश सर्वाधिक प्रगति करता है. ये बाते रविवार को मैकलुस्कीगंज स्थित सी जी एम सेवन स्टार एकेडमी के उदघाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के नेता प्रतिपक्ष शह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी ने कहा. उन्होंने यह भी कहा कि प्रगति कई तरह से होते है,लेकिन इस तरह के इंफ्रास्ट्रक्चर जहाँ निचले स्तर से होता है वहाँ पर लोग न शिर्फ़ शिक्षित होते है बल्कि लोगों को रोजगार भी प्राप्त होता है. कल के मैकलुस्कीगंज और आज के मैकलुस्कीगंज में भी बड़ा बदलाव आया है. शिक्षा के क्षेत्र में मैकलुस्कीगंज, पूरे झारखंड में एक अलग स्थान है. आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में एक अच्छा केंद्र



बनेगा. समारोह के विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान रखने वाले शिक्षाविद विंदेश्वर बेक ने मैकलुस्कीगंज मे एक नए विद्यालय खोलकर इस क्षेत्र के विकास में एक मिल का पत्थर लगाया है।विद्यालय किसी व्यक्ति का नहीं होता है, यह समाज का होता है. समाजसेवी सह भाजपा नेता सुरेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि हमारा सपना है कि मैकलुस्कीगंज शिक्षा का हब बने. अनुभवी और सम्पन्न लोग मैकलुस्कीगंज आये और शिक्षा के प्रतिष्ठान यहाँ लगाये. स्वागत भाषण करते हुए एकेडमी के निदेशक विंदेश्वर बेक ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संघर्ष के रास्ते चलकर ही किसी मुकाम को प्राप्त किया जा सकता है. सेवन स्टार एकेडमी का यह सातवाँ ब्रांच मैकलुस्कीगंज में खोला गया है,उम्मीद है कि हमको पूरे क्षेत्र के लोगों का सहयोग मिलेगा. इससे पूर्व मुख्य अतिथि सह अन्य अतिथियों का एकेडमी के मुख्य द्वार पर पारम्परिक रीति रिवाज से विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया।

# समाजसेवी की अलग सोंच ने बदल दिया महारामनवमी का स्वरूप, जुलूस संपन्न होने तक पूरे कार्यक्रम से जुड़े रहे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विश्वविख्यात रामनवमी का इतिहास 100 साल पुराना है । जब इसकी शुरुआत हुई थी तो अनोखे स्वरूप में हुई थी। जिसका मेल अन्य जगहों के रामनवमी से अलग होती रही। जिसका संपूर्ण दारोमदार रामनवमी महासमिति के अधीन हुआ करता था। लेकिन इस बार रामनवमी महासमिति का कई विंग तैयार किया गया। ताकि सभी अपने-अपने विभाग के माध्यम से कार्य का निष्पादन अलग तरीके से करें। जिससे समिति के ऊपर लोड कम हो और बेहतर परिणाम भी आए। इसी कड़ी में जुड़ा सांस्कृतिक महासमिति। जिसके अध्यक्ष युवा सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष अजमेरा बनाया गए। हर्ष अजमेरा अपनी अद्भुत सोच को अंजाम तक पहुंचाया और उन्होंने जुलूस और झांकी के पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया और इसका आयोजन इतने भव्य तरीके से हुआ की उन्होंने रामनवमी के 100 साल के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। पूर्व संध्या पर बांसुरी वादन संगीत प्रस्तुति से स्थानीय कलाकारों को अवसर दिया गया वहीं भरत मिलाप का नाट्य प्रस्तुति कर भाईचारगी का संदेश देने की कोशिश हुई ।इसके साथ ही हिंदू वाहिनी कवयित्री कविता तिवारी का कविता प्रस्तुति ने ना सिर्फ हजारीबाग के रामनवमी उत्सव में चार चांद ला दिया बल्कि कार्यक्रम के पूर्व लोगों को काउंसलिंग करने का काम भी किया। देश प्रेम राम भक्ति और भाईचारगी की सोच को लोगों के जेहन में जगाने का काम कविता तिवारी की कविताओं ने किया और इस काउंसलिंग का परिणाम रामनवमी के जुलूस और झांकियों में दिखा भी। पूरे 24 घंटे तक लगातार चलने वाली इस कार्यक्रम में उमड़ी जनसैलाब के बीच शांति सौहार्द भाईचारगी राम भक्ति देश भक्ति सब कुछ दिख रहा था। जिसका श्रेय नवमी की रात में बड़ा अखाड़ा के प्रांगण में हर्ष अजमेरा के द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी जाता है। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन के द्वारा किए जा रहे प्रयासों को भी बल दिया।

**डीसी एसपी और कविता तिवारी ने भी की हर्ष अजमेरा के कार्यक्रम की सराहना-**

इस कार्यक्रम की सराहना उपायुक्त नैंसी सहाय एसपी मनोज रतन चौथे ने मंच से की और इसके लिए सामाजिक कार्यकर्ता हर्ष अजमेरा की तारीफ भी किया वही कविता प्रस्तुत करने से पूर्व कवयित्री कविता तिवारी ने भी रामनवमी के दिन उनके द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम की काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि हर्ष अजमेरा की इस सोच की जितनी भी तारीफ की जाए कम है। आज का यह कार्यक्रम हजारीबाग के रामनवमी के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है और यह कार्यक्रम यहां की परंपरा में शामिल हो गया है।

# सरहुल पूजा कमेटी का गठन अध्यक्ष बने गौतम करमाली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** चितरपुर प्रखंड के लारीकलां पंचायत स्थित पसरा टोली में सरहुल पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 9 अप्रैल को सरना समिति लारीकलां द्वारा सरहुल पर्व मनाया जाएगा। सरहुल पर्व को लेकर पूजा कमेटी का गठन किया गया। इसमें गौतम करमाली अध्यक्ष, सूरज करमाली सचिव, कोषाध्यक्ष कुणाल मुंडा, संदीप करमाली कार्यकारणी अध्यक्ष, देवचरण करमाली उपाध्यक्ष, मुख्य संरक्षक विष्णु करमाली, बाबू भाई करमाली मुख्य सलाहकार, झूबर करमाली सदस्य, राजेंद्र करमाली, पंकज करमाली, बिनोद करमाली, हीरालाल मुंडा, राजेश पहान, सन्नी मुंडा, कैलाश करमाली सहित अन्य शामिल हैं। मुख्य अथिति आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष छोटेलाल करमाली को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

# नदी में डूबे युवक का शव 24 घंटे बाद बरामद

## प्रशासन ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झरिया के भौंरा ओपी अंतर्गत जहाजटांड दामोदर नदी में शनिवार की सुबह नहाने के क्रम एक युवक की डूबने से मौत हो गई थी। परिजनों ने इस घटना की जानकारी वार्ड पार्षद शिव कुमार यादव और भौरा ओपी प्रभारी जितेंद्र कुमार को दी। सूचना पाकर वार्ड पार्षद और ओपी प्रभारी मौके पर पहुंचे और गोताखोरों के सहायता से घंटों तलाश किया किंतु खराब मौसम और अंधेरा हो जाने के कारण शव को नहीं खोज सके। रविवार की सुबह पुनः परिजनों एवं स्थानीय लोगों ने युवक को तलाशना शुरू किया। युवक का शव घटना स्थल से करीब एक किलो मीटर दूर नीचे जहाजटांड बस्ती नदी घाट पर मिला। मृतक युवक का नाम सुनील हाड़ी, उम्र 40 साल है। वे तीन भाईयो में सबसे छोटे भाई थे। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं भौरा ओपी प्रभारी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कि लिए भेज दिया है।

## कोयला खनन क्षेत्र में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश व कोयला चोरी रोकने को लेकर बैठक

# बेहतर कम्युनिकेशन के लिए वॉकी-टॉकी सिस्टम लगाने का निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कोयला खनन क्षेत्रों में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश एवं कोयला चोरी की घटनाओं पर अंकुश पाने हेतु उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बीसीसीएल, ईसीएल, सीआईएसफ एवं जिला पुलिस के साथ बैठक की गई। खनन क्षेत्र में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश करने एवं उनके द्वारा कोयला चोरी किए जाने की शिकायत पर चर्चा की गई। इस दौरान खनन क्षेत्र में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश के रोकथाम के लिए कोयला कंपनी बीसीसीएल व उनकी आउटसोर्सिंग एजेंसी, सीआईएसएफ हेतु स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) की समीक्षा व कार्य योजना तैयार करने को लेकर चर्चा की गई, ताकि कोयला की चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सके।

बैठक में उपायुक्त द्वारा बीसीसीएल से अनुरोध किया गया कि आउटसोर्सिंग के कार्यो की अपने स्तर से भी नियमित मॉनिटरिंग करें और यदि आवश्यक हो तो टेंडर की शर्तो में सुरक्षा हेतु मैन पावर की शर्तो में परिवर्तन कर अधिक सुरक्षा मैन्पावर व अन्य प्रावधान रखें। इस दौरान बीसीसीएल और ईसीएल आउटसोर्सिंग एजेंसी के विरुद्ध प्राप्त हो रही शिकायतों पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने कोयले के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण के रोकथाम व कोयले के अवैध खनन में संलिप्त लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कहा। साथ ही यह भी कहा गया कि आउटसोर्सिंग एजेंसी को आवंटित कोयला खनन क्षेत्रों में सुरक्षा की जिम्मेवारी एवं किसी तरह से अनाधिकृत प्रवेश ना हो इसे सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसी की है। वर्तमान में आउटसोर्सिंग एजेंसी द्वारा इस हेतु की जा रही कार्यवाई बिल्कुल संतोषजनक व पर्याप्त नहीं है। बीसीसीएल की खदान एवं पूरानी बंद खदान आदि में कोयला चोरी रोकने व अनाधिकृत रूप से प्रवेश रोकने को लेकर उपायुक्त ने निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने साइकिल-मोटरसाइकिल के जरिए अनाधिकृत रूप से कोयले की चोरी किए जाने पर एफआईआर दर्ज कराने को कहा।



**अनाधिकृत प्रवेश पर अलार्म सिस्टम**

बैठक में आउटसोर्सिंग एजेंसी सीआईएसएफ तथा बीसीसीएल के बीच बेहतर तालमेल और कम्युनिकेशन के लिए हेतु वॉकी-टॉकी सिस्टम लगाने का सुझाव दिया। इस दौरान जिला प्रशासन, जिला पुलिस, सीआईएसएफ एवं बीसीसीएल/ईसीएल की प्रयुक्त टीम द्वारा आउटसोर्सिंग एजेंसी के खनन क्षेत्रों का सिक्योरिटी ऑडिट कराने का निर्णय लिया गया। सभी माइनिंग एरिया में किसी भी प्रकार के अनाधिकृत प्रवेश पर सुरक्षा अलार्म (सिक्योरिटी अलार्म सिस्टम) लगाने का सुझाव उपायुक्त द्वारा दिया गया। जिस पर कोल इंडिया के सुरक्षा सलाहकार एवं बीसीसीएल के सीएमडी द्वारा कहा गया कि उसको शीघ्र लागू कराने हेतु कदम उठाए जाएंगे। उपायुक्त ने आउटसोर्सिंग एजेंसी के द्वारा पर्याप्त संख्या में मैन पावर एवं सुरक्षा सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बीसीसीएल को आउटसोर्सिंग एजेंसी की कार्यशैली पर निगरानी रखने व कार्यशैली सुधारने को कहा। साथ ही उन्होंने अवैध खनन एक्सेस पर रोक लगाने, समुचित लाइट की व्यवस्था, सीसीटीवी की व्यवस्था के साथ-साथ लगातार मॉनिटरिंग करने की भी बात कही। बैठक में सीआईएसएफ के क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा भी आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा सुरक्षा हेतु पर्याप्त मैन पावर ना रखे जाने की बात कही गई। साथ ही कोयला चोरी एवं अनाधिकृत प्रवेश आदि घटनाओं की ससमय एफआईआर दर्ज न कराने एवं आउटसोर्सिंग एजेंसीयों द्वारा लापरवाही बरतने की बात भी उठाई गई।

## मेडॉक क्लासेज में फ्री काउंसेलिंग का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्टील गेट स्थित लेंडमार्क बिल्डिंग में संचालित मेडॉक क्लासेज में छात्रों के करियर से संबधित उलझनों को सुलझाने के लिए रविवार को करियर मंत्रा नामक एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस संदर्भ में मेडॉक क्लासेज की शिक्षिका अनीमा कुमारी ने बताया कि सुबह के 11:30 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इसमें लगभग 50 से 55 छात्र छात्रों ने अपने कैरियर से संबंधित जो भी प्रश्न किये, उसका जवाब उन्हें मिला। इस सेमिनार को सेंटर हेड एस.बोस द्वारा सम्बोधित किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावक भी पहुंचे थे, जो काफी संतुष्ट दिखे। कुछ छात्रों ने अपना रजिस्ट्रेशन भी कराया। संस्थान के संचालक ने बताया कि, ÷यहां छात्रों को प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा कोर्स की तैयारी कराई जाती है। यहां आइआइटी जेईई नीट, फाउंडेशन कोर्स के साथ-साथ ओलंपियाड की तैयारी करायी जाती है।

## जब तक हमारी रगों में एक कतरा रक्त है ये कार्य करती रहूंगी : ललिता



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज एक ऐसी महिला की बात हो रही है जिन्होंने सैकड़ों बेसहारो को रक्त देकर मदद पहुंचाई है और उनकी इच्छा है कि मैं ऐसी कार्य हमेशा करती रहूं। उन्होंने यह भी बताई की इस सामाजिक एवं मानवीय सेवा कार्य में हमारे पति का भी बहुत बड़ा सहयोग प्राप्त है। उस समाजिक महिला का नाम ललिता चौहान है और निरसा में रहती है। उन्होंने बताया की कोरोना के समय मैंने बहुत से असहाय लोगो को रक्त की व्यवस्था की थी। उन्होंने बताई की मैं मुस्कान एक प्रयास नामक संस्था के बैनर तले यह कार्य करती हूं। उन्होंने यह भी बताया की मैने यह सेवा धनबाद, झारखण्ड ही नही बल्कि बंगाल तक सेवा दी हूँ और आगे भी यह सेवा करती रहूंगी।

## टोटो चालक, नगरनिगम व प्रशासन पहल करके टोटो मुद्दा को शांत करें : राजेश

### गिरिडीह नगर निगम में लगता है टोटो का प्रत्येक दिन टैक्स

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** पूरे झारखंड में टोटो का प्रत्येक दिन टैक्स सिर्फ गिरिडीह नगरनिगम में ही लगता है, बाकी नगरनिगम में टोटो का माफ है, चुकी प्रदूषण रहित है, साउंड रहित है यह जानकारी टोटो वाले ने माले के विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा को दिया,सिन्हा ने कहा है की लिखित आवेदन उपायुक्त, नगरनिगम, सदर विधायक, सांसद, एसपी, एसडीएम आदि को देंगे, उसके बाद ही टोटो मुद्दा को बारीकी से समझेंगे। माले नेता ने कहा कि आज सुबह लगभग 9 बजे हमारे निवास स्थान शास्त्री नगर आए, भीड़ भाड़ ज्यादा होने के कारण सिन्हा ने कहा की हाई स्कूल ग्राउंड में बैठक करें, आज रविवार है सोमवार को सब को आवेदन देंगे बारीकी को समझेंगे फिर आंदोलन की बात होगी, सिन्हा ने कहा कि पहले पांच रुपए रोज, फिर दस रुपए अबर 15 रुपया कर दिया गया है, नगरनिगम को टोटो वाले साथ बैठक करनी चाहिए थी, अभी भी बैठक करने से अच्छा रहेगा, संवेदक और टोटो चालक के बीच बेहतर संबंध होने की जरूरत है। हड़ताल होने से स्कूली बच्चे, शिक्षण सस्ता, सवारी गाड़ी, के लिए दिक्कत होगी, भाकपा माले समर्थन में है किंतु आम आदमी जिससे परेशान हो स्कूल कॉलेज और ऑफिस मार्केट जाने वाले को दिक्कत होगी यह भी बड़ी समस्या है। इस विषय को प्रशासन,टोटो चालक,टोटो के मालिक,नगरनिगम और संवेदक को बैठ के हल कर लेना चाहिए, जहां तक भाकपा माले है वह कमजोर की आवाज बनता है वह लगातार बनता रहेगा।



सभी टोटो वाले ऑटो वाले को भाकपा माले का मोटर कामगार यूनियन में जुड़ने की अपील की गई है, श्री सिन्हा ने कहा यूनियन में जुड़े संगठन से फायदा होगा,टोटो वाले ऑटो वाले को जब भी समस्या होती है माले आगे आता है।

## युवा कांग्रेस के नेतृत्व में एक सभा आयोजित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गोविंदपुर प्रखंड के अंतर्गत मटियाला



पंचायत में आज युवा कांग्रेस के नेतृत्व में एक सभा की गई जिसमें सिंदरी विधानसभा के अध्यक्ष टिंकू अंसारी ने सभा की अध्यक्षता की। सभा को संबोधित करने वालों में मुख्य रूप से जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष कुमार गौरव थे। सभा में मुख्य रूप से यह जनता को बताया गया कि मटियाला से मोहनपुर जाने वाली सड़क जो जर्जर अवस्था में हो गई थी, युवा कांग्रेस के टिंकू अंसारी, मजहर और जिहाद के प्रयास से धनबाद जिला के प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता ने उस सड़क को निर्माण कराने के लिए पीएचइडी विभाग को फरवरी 2022 में निर्देश दिया था कि 1 साल के अंदर सारी प्रक्रिया पूरी हो जानी चाहिए और यह सड़क जनता को सौंप देनी है। आज उसी संदर्भ में कांग्रेसियों ने सभा का आयोजन किया जिसमें बताया गया कि लगभग अढ़ाई करोड़ की लागत से उक्त सड़क बनेगी और सड़क की लंबाई करीब साडे 3 किलोमीटर है टेंडर भी होने जा रहा है 7 से 8 महीने में सड़क का निर्माण पूरा हो जाएगा इसके लिए प्रभारी मंत्री बन्ना गुप्ता को धन्यवाद दिया गया और यह निर्णय लिया गया के उद्घाटन के समय मंत्री महोदय को आमंत्रित किया जाएगा। मौके पर कांग्रेस नेता जोगेंद्र सिंह जोगी, अनिल साव, मोइन अंसारी, मनोज हारी और जे एमएमके नेता तथा स्थानीय मुखिया पति बिलाल अंसारी भी मौजूद थे।

# 11वां कोयला वेतन समझौता को जल्द पूरा ना करने पर संपूर्ण कोल उद्योग में होगा उग्र आंदोलन : के. लक्ष्मा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के महामंत्री सह केंद्रीय सलाहकार समिति सदस्य रामधारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी किया। जिसमें कोयला कामगारों का 11वां वेतन समझौता को जल्द पूरा न करने पर भारतीय मजदूर संघ ने उग्र आंदोलन करने की धमकी दी है। संघ ने जे.बी.सी.सी.आई. की बैठक बुलाने के लिए कोल इंडिया प्रबंधन पर लगातार दबाव दे रहा है लेकिन कोल इंडिया प्रबंधन द्वारा टालमटोल की नीति अपनाई जा रही है जो भारतीय मजदूर संघ कभी बर्दाश्त नहीं करेगा।



यह उक्त बातें भारतीय मजदूर संघ के कोल प्रभारी सह जे.बी.सी.सी.आई. सदस्य लक्ष्मा रेड्डी ने कही है। रेडी ने कहा की जे.बी.सी.सी.आई. की आठवीं बैठक में कोयला कामगारों को 11वां वेतन समझौता की सिर्फ मिनिमम ग्रांटी बेनिफिट 19प्रतिशत पर सहमति बनी है। अन्य बिंदुओं पर जल्द बैठक बुलाकर फाइनल करने का भारतीय मजदूर संघ पुरजोर प्रयास किया है। कोल प्रभारी ने आरोप लगाया कि कोल इंडिया प्रबंधन के कुछ शीर्ष अधिकारी संगठन विशेष की मदद करने में लगे हैं। यही कारण है कि 10 फरवरी 2023 को कोलकाता हाई कोर्ट का निर्णय आने के बाद भी जे.बी.सी.सी.आई. की 9 वीं बैठक आयोजित करने में जानबूझकर बिलंब की गई जिससे अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर अभी तक चर्चा कर सहमति बनाना बाकी रह गया है। रेडी ने कहा कि भारतीय मजदूर संघ प्रयासरत है कि जल्द जे.बी.सी.सी.आई. की होने वाली अगली बैठक में सभी यूनियन से समन्वय बनाकर 11वां वेतन समझौता को अंतिम रूप दिया जाए। उसके बाद इसे मंत्रालय को स्वीकृति को भेजा जाए। कोल प्रभारी ने कहा कि संघ के खिलाफ कई लोग दुष्प्रचार कर कोयला मजदूरों को भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं जो भारतीय मजदूर संघ द्वारा उनकी मंसूबों को पूरा नहीं होने दिया जाएगा।

## डीएसओजी की सचिव बनीं आइवीएफ एक्सपर्ट डॉ. नेहा प्रियदर्शिनी



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद में टेस्ट ट्यूब बेबी की जनक व आइवीएफ (इनविट्रो फर्टिलाइजेशन) की एक्सपर्ट डॉ नेहा झा (नेहा प्रियदर्शिनी) को धनबाद सोसाइटी ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनोकॉलॉजी संस्था का सचिव बनाया गया है। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों की यह अखिल भारतीय संस्था है, जिसके धनबाद चैप्टर के सचिव पद की जिम्मेवारी डॉ. नेहा को सौंपी गयी है। फेलो इन रिप्रोडक्टिव मेडिसीन डॉ. नेहा, इनफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट हैं और हजारों सूनी कोख को किलकारियों से भर चुकी हैं।।धनबाद के एकमात्र आइवीएफ सेंटर सात्विक आइवीएफ का संचालन कर रही हैं। डॉ. नेहा की इस उपलब्धि पर उन्हें जानने वाले बधाई प्रेषित कर रहे हैं।

## ईपीएफओ ने की 2859 पदों पर भर्ती की अधिसूचना जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), श्रम और रोजगार मंत्रालय में कुल 2,859 पद भरे जाने हैं। इसमें सोशल सिक्योरिटी असिस्टेंट के 2674 और स्टेनोग्राफर के 185 पद शामिल हैं। सोशल सिक्योरिटी असिस्टेंट पदों के लिए अभ्यर्थी के पास स्नातक के साथ इंग्लिश में 35 शब्द प्रति मिनट एवं हिंदी में 30 शब्द प्रति मिनट टाइपिंग स्पीड होनी चाहिए। वहीं स्टेनोग्राफर पदों के लिए उम्मीदवार के पास 12वीं पास के साथ 80 शब्द प्रति मिनट का डिक्टेशन एवं अन्य टाइपिंग योग्यता होनी चाहिए। परीक्षा ऑनलाईन आयोजित करायी जाएगी, जिसमे सामान्य योग्यता से 30 प्रश्न, सामान्य ज्ञान से 30 प्रश्न, मात्रात्मक क्षमता से 30 प्रश्न, सामान्य अंग्रेजी से 50 प्रश्न, कंप्यूटर साक्षरता से 10 प्रश्न यानी कुल 150 प्रश्न पूछे जायेंगे। ऑनलाइन परीक्षा में प्रत्येक सही प्रश्न का सही उत्तर देने पर 4 अंक दिए जायेंगे और गलत प्रश्न के लिए 1 अंक काटने का प्रावधान है। फेज - 2 के लिए कुल पद के दस गुना रिज़ल्ट जारी किया जायेगा। स्पीड और एकुरेसी का आकलन करने के लिए उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा (डाटा एंट्री कार्य के लिए) में शामिल होना होगा। कंप्यूटर स्किल टेस्ट क्वालिफाइंग नेचर का होगा। मेरिट रैंकिंग में प्राप्त अंकों की गणना नहीं की जाएगी। मेरिट रैंकिंग का आधार फेज -1 में प्राप्तांक के आधार पे किया जायेगा। श्री मनन निःशुल्क ग्रुप के रीजनिंग एक्सपर्ट जीतेन्द्र कुमार यादव ने कहा की कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) का परीक्षा सिलेबस बहुत ही अच्छा है। गणित और रीजनिंग के साथ अंग्रेजी विषय के साथ ही कम्प्यूटर टाईपिंग पर भी ध्यान देना होगा। श्री यादव ने कहा की पिछले वर्षो में ईपीएफओ द्वारा आयोजित परीक्षा का प्रश्न पत्र का भी अच्छे से अवलोकन करे। उन्होंने कहा की परीक्षा में चयन होने के लिए समय प्रबंधन बहुत जरुरी है। बेवजह समय बर्बाद न करे और अपना ध्यान पढ़ाई पर केन्द्रित करे।



## सेवा व समर्पण संस्था ने कामकाजी महिलाओं को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सेवा और समर्पण संस्था ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 01 अप्रैल 2023 को कामकाजी महिलाओं को सम्मानित करने के लिए संस्था प्रमुख काजल झा और उनकी टीम के सदस्यों द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद पी एन सिंह, विशिष्ट अतिथि एसएसएलएनटी कॉलेज की प्रिंसिपल शर्मीला रानी, डीवाई पाटिल स्कूल की प्रिंसिपल अर्चना मिश्रा आदि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।



मौके पर समाज की वैसी महिलाएं जो दुसरो को प्रेरणा देती हैं, ऐसे ही 80 महिलाओं को सेवा और समर्पण संस्था ने प्रेरणा सम्मान से सम्मानित किया। पांच पुरुष कों भी प्रेरणा सम्मान से सम्मानित किया गया, जो राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों से आते हैं। कार्यक्रम में संस्था सदस्य मनीषा सिंह, ऋतु सिंह, सोनी वर्मा, पंकज, भारती दुबे, सुभाष, विनीता, सीमा, शीतल, हर्षिता, चैतली, निरुपमा, मिताली, मीता सरकार, कीर्ति किरण, प्रतिष्ठा वर्मा, सृष्टि वर्मा आदि उपस्थित रहीं। मंच का संचालन रुमा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन संजीव सिंह ने किया।

## बुक फेयर में सीट एंड ड्रॉ कंपटीशन का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला परिषद मैदान में 10 दिवसीय




बंगाली वेलफेयर सोसाइटी बुक फेयर के तीसरे दिन रविवार को सिट एंड ड्रॉ कंपटीशन का आयोजन हॉबी सेंटर द्वारा फ़ेयर के मुख्य मंच पर किया गया। हॉबी सेंटर के डायरेक्टर शिव शंकर धर एवं बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में सिट एंड ड्रॉ कंपटीशन में धनबाद के कई स्कूलों के लगभग 150 बच्चों ने हिस्सा लेकर अपनी दमदार एवं दर्शनीय कला का हुनर दिखाया। इस सफल आयोजन में बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर योगदान दिया। शिव शंकर धर ने बताया सीट एंड ड्राइंग कंपटीशन का उद्देश्य बच्चों में छुपी प्रतिभा कलाओं को निखारना है। कंपटीशन के जजों ने बताया की चित्रकारी के हर बिंदुओं पर विचार विमर्श उपरांत अंक देकर चारों ग्रुप के परिणामों की घोषणा की जाएगी और विजेता बच्चों को 5 अप्रैल को इसी मंच पर पुरस्कृत किया जाएगा। सिट एंड ड्रॉ कंपटीशन को सफल बनाने में शिव शंकर धर, जोइता धर, निकिता सिंह, अंशू मल्होत्रा एवं बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## धनबाद सोसाइटी ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनोकॉलॉजी की बैठक आयोजित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद सोसाइटी ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनोकॉलॉजी की एक बैठक धनबाद में 01 अप्रैल 2023 को संपन्न हुई जिसमें नए सत्र के लिए अध्यक्ष और सचिव का चुनाव किया गया। साथ ही पिछले सत्र के सफल संचालन करने वाले अध्यक्ष डॉ प्रतिभा राय और सचिव डॉ रेनू उपाध्याय को बुके देकर सम्मानित किया गया।बकार्यक्रम से पूर्व डॉ कोमल सिंह ने ÷प्रोजेस्टेरोन की सुरक्षा÷ विषय पर विस्तार से चर्चा की। नए सत्र की अध्यक्ष सेंट्रल हॉस्पिटल की अवकाश प्राप्त और जिम्स हॉस्पिटल धनबाद के डायरेक्टर डॉ श्रीमती गायत्री सिंह और सचिव सात्विक आईवीएफ की संचालिका डॉ नेहा प्रियदर्शिनी को बनाया गया।

# माध्यमिक भोजन में घोर अनियमिता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** प्रखंड के फिटकोरिया पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय दोरहैया में बच्चो को मिलने वाली माध्यमिक भोजन में घोर अनियमिता देखने को मिली। इस विद्यालय में बच्चो को मिलने वाली माध्यमिक भोजन में आलू की सब्जी और चावल दिया जाता है उसमे भी आलू नाम मात्र का रहता है और पानी अधिक। एक तरह शिक्षा विभाग का निर्देश है की सप्ताह के छः दिन अलग अलग सब्जी अंडा और फल दिया जाना है लेकिन यहां तो बच्चो को दाल भी नहीं दिया जाता है। वही लोगो का शिकायत है की शिक्षक भी विद्यालय अवधि में बाहर रहता है। बच्चो को जो भोजन विद्यालय में दिया जाता है उस तरह के भोजन कोई अपने घर में भी नहीं खा सकता लेकिन इस पर अभी तक प्रखंड शिक्षा विभाग का ध्यान नहीं गया है। एक तरफ बच्चों के नाम पर मिलने वाली सुविधा का बंदरबाट हो रहा है वही सबंधित अधिकारी खामोश है। इस तरह के लापरवाही को लेकर तत्काल विद्यालय प्रबंधन समिति और शिक्षक को तालाब करने की जरुरत है। बच्चो के भविष्य के साथ खिलवाड़ कैसे बर्दास्त हो सकता है।



# कांग्रेस पार्टी ने भारत सत्याग्रह आंदोलन नुक्कड़ सभा का आयोजन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** प्रखण्ड काँग्रेस कमिटी के प्रखण्ड अध्यक्ष नवीन वीरेंद्र तिर्की की अध्यक्षता में फुलवा टाँगर बाजार, कुड़रुम पूर्वी टोली, मुड़िया बस्ती, बिरनी बेड़ा , एवम बरपनी में जय भारत सत्याग्रह आंदोलन नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह नगर परिषद सदस्य पुष्पा कुल्लू, जिला परिषद सदस्य जोशिमा खाखा, एवम शांतिबाला केरकेट्टा उपस्थित थी। इस सत्यग्रह भारत आंदोलन नुक्कड़ सभा मे जनता जागरूक करते हुए कहा कि अब अगर हम सब मोदी सरकार विरुद्ध नहीं खड़े हुए तो 2029 में खड़े होने लायक रह नहीं जाएंगे, लोकतंत्र कोई बना-बनाया प्रोडक्ट नहीं है, इसको गढ़ना और सींचना पड़ता है. और देश के लोकतंत्र को गांधी परिवार ने अपने लोगो के खून से सींचा है। 2014- से 2019 तक देश में जो भी घटित हुआ है, कोई भी नागरिको के अधिकारों को जानने वाला इंकार नहीं कर सकता कि देश में तानाशाही चरम पर है। मोदी सरकार के आने के बाद हम जैसे नागरिक अधिकारों को जानने वाले लोगों में इसकी कीमत का अंदाज़ा हुआ है कि दरअसल सबसे बहुमूल्य हमारी आजादी है. इससे पहले कोई गंभीरता से नहीं लेता था. 2014 - 15 में जो मशीनरी, मोदी की ब्रांडिंग करने में लगा था, उसका परिणाम सरकार के दूसरे टर्म में देखा जा सकता है, मोदी सरकार की आलोचना देशद्रोह कब से हो गया है । लोकतंत्र की असलियत यह होती है कि विपक्ष देश हो सकता है, ब्यूरोक्रेसी, न्यायपालिका, मीडिया, एवं जनता देश हो सकती है, लेकिन सरकार कभी भी देश नहीं होती. ख़ैर हमारा देश इस सब से अलग राह चल पड़ा है । आज जरूरत है एक नायक की जिसे जनता खुद ब खुद चुन लेगी । राहुल गांधी ने देश को उम्मीदें दी हैं, कि वो इस दौर में पूरी सत्ता को चुनौती दे सकते हैं, चुनौती देने का मतलब है खोने पाने का कोई डर न हो... राहुल ने कह दिया है, कि मैं संसद में रहूं, या न रहूं, मैं अपने हिस्से का संघर्ष कर रहा हूं, और करता रहूँगा....जेल में डाल दो या मार डालो या फांसी दे दीजिए, एक कहावत है जिसके अंदर डर खत्म हो जाता है, उसको हराना मुश्किल होता है । राहुल जी का बंगला, सांसदी छिन जाने के बाद भी राहुल के सवाल यही है कि अडानी-मोदी का रिश्ता क्या ?? इतना सुनने के बाद अगर मदमस्त सत्ता की नींद उड़ी है तो लाज़िमी है कि कुकर्मो का घड़ा भर गया है. पूरा विपक्ष राहुल के पीछे आज खड़ा हो गया है. और हम सबको भी देश की फिजा बदलने के श्री राहुल जी के साथ होना है ।, क्योंकि अब तक पूरा विपक्ष खामोश था, अब बोलने लगा है, अचानक से पूरा विपक्ष लामबंद होकर सीधे प्रधानमंत्री मोदी को चुनौती दे रहा है, अब तक विपक्ष जब भी मोदी को टार्गेट करता था।

## केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का 3 से 8 अप्रैल तक बेजोड़ प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** प्रखंड में शनिवार को राहुल गांधी के संसद सदस्यता खत्म करने पर केंद्र सरकार के खिलाफ कोंग्रेस जिला प्रभारी मोहन दुबे एवं प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत की अध्यक्षता में रखी गई संवावदाता सम्मेलन।इस दौरान कोंग्रेस जिला प्रभारी मोहन दुबे ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार चंद पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्थाओं की हत्या कर आम जनता की आवाज को कुचलने का काम कर रही है।साथ ही जिस ईस्ट इंडिया कंपनी को सभी ने मिलकर भारत से भगाया था उसे केंद्र सरकार फिर से अडानी और अंबानी के द्वारा लाती दिख रही है। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म करने का पूरे देश में विरोध हो रहा है। कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी।साथ ही उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को बचाने और केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जय भारत सत्याग्रह के तहत प्रखंड में 3 से 8 अप्रैल के बीच बड़े स्तर पर प्रदर्शन की तैयारी है। एंव गुजरात की एक अदालत में जिस तरह से आनन-फानन में मानहानि के मामले में गहरी रुचि दिखाते हुए पूर्व राषट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनाई है। यह सजा मानहानि की धाराओं की अधिकतम सजा है,जबकि देश के न्यायालयों में लाखों महत्त्वपूर्ण केस पेंडिंग पड़े हैं।कोंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत ने कहा कि राहुल गांधी लंबे समय से प्रधानमंत्री मोदी और अडानी के संबंधों पर प्रश्न उठा रहे हैं।और आगे भी उठते रहेंगे।

## घरेलू विवाद में पत्नी घर छोड़ निकली पति ने सेन्हा थाना में लापता का कराया सनहा दर्ज



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम निवासी अपिन्द्र राम के घर में आपसी विवाद के उपरांत पत्नी मनीता देवी 23 मार्च दिन गुरुवार समय लगभग 11:30 बजे बिना बताये गुस्सा में घर से निकल कर चली गई। अपिन्द्र राम ने थाना में आवेदन के माध्यम से थाना प्रभारी को उतपन्न हुई घरेलू विवाद एवं घर से निकल कर पत्नी का जाने के मामला से अवगत कराते हुए सनहा दर्ज करने का गुहार लगया। साथ ही बताया कि मुझे लगा कि गुस्सा के कारण रिश्तेदार के पास जा रही है। यह सोच कर उसे जाने से नही रोके परंतु समय बीतते ही घर नही आने पर अपने तथा अपनी पत्नी के रिश्तेदार में छान बिन करना आरम्भ कर दिया। लेकिन किसी परिवार के बीच नही पहुंचने की बात पर अपिन्द्र राम को पत्नी के लापता होने का संदेह हुआ तो सेन्हा थाना में आवेदन के माध्यम से लापता होने की सूचना थाना प्रभारी को देते हुए सनहा दर्ज कराया। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने रविवार को जानकारी देते हुए कहा कि प्राप्त आवेदन के आलोक में पति पत्नी के बीच हल्की नोक झोंक हुई थी। और पत्नी द्वारा घर छोड़ने का मामला को संज्ञान में लेते हुए सनहा दर्ज कर पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया 16 वां स्थापना दिवस



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो प्रखंड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में धूम धाम से मनाया गया 16वां स्थापना दिवस। कार्यक्रम की सुरुआत मुख्य अतिथि विद्या विकास समिति झारखंड के प्रदेश सचिव श्रीमान अजय तिवारी ने द्वीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के नए कंप्यूटर एवं प्रधानाचार्य कक्ष का उद्घाटन प्रदेश सचिव, संकुल संयोजक शाषिधरलाल अग्रवाल, गुमला विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, लोहरदगा संकुल प्रमुख बिपिन कुमार दास के द्वरा किया गया। आगंतुक अतिथि परिचय सह सम्मान की उद्घोषणा स्थानिय विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री प्रमोद कुमार के द्वरा किया गया। विद्यालय के पूर्व छात्र को आज इस अवसर सममम्मानित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय वृत कथन संरक्षक शरत कुमार विद्यार्थी के द्वारा किया गया। इस बीच कई मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भैया बहनों ने प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति को देखने के लिए सैकड़ो अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधनकरिणी सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सदस्य उपथित रहे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अचार्यवृन्द उपस्थित थे।

## एमबी डीएवी विद्यालय में ओरियंटेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में विद्यालय प्रांगण में कक्षा एलकेजी से नौवीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षिक नीतियों, उद्देश्य व प्रणाली से अवगत करवाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए ओरियंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। बच्चों के विकास में शिक्षक व अभिभावक दोनों की ही भूमिका अतिमहत्वपूर्ण होती है। इस भूमिका के निर्वहन में विद्यालय के साथ अभिभावकों का समन्वय पूर्ण व्यवहार होना आवश्यक है। विद्यालय से जुड़ी अभिभावकों की उम्मीदों, आकांक्षाओं को जानने व विद्यालय की नीतियों से अभिभावकों को अवगत करवाने के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें पीके सिन्हा अश्विन पात्रों व ज्योति पांडे द्वारा मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य महोदय द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक ने स्वागत गीत गाया। बच्चों के व्यवहार तथा मानसिकता से संबंधित आवश्यक व प्रेरणाप्रद वीडियो के माध्यम से अभिभावकों का दिशा निर्देशन किया गया। विद्यालय के मेधावी छात्र आयुष कुमार सिंह द्वारा जेईई मुख्य परीक्षा में राज्य में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने हेतु तथा कक्षा आठवीं के मेधावी छात्र ऋषभ पोद्दार को कक्षा आठवीं में सर्वोत्तम अंक 98.2 प्रतिशत प्राप्त करने हेतु सम्मानित किया गया। प्राचार्य महोदय ने अभिभावकों को बच्चों के मनोविज्ञान की बारीकियों से अवगत करवाते हुए बच्चों के समक्ष सदैव आदर्श व्यवहार करने का अनुरोध किया क्योंकि छोटे बच्चे सही गलत में भेद नहीं कर पाते और अपने माता-पिता का ही अनुकरण करते हैं। अभिभावकों की भ्रांतियों का निराकरण करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाया गया। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 41 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। सचिव जयप्रकाश शर्मा एवं सहसचिव संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 30 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। डॉ कुमुद अग्रवाल व सचिव जय प्रकाश शर्मा ने कहा कि जीव सेवा करने से बड़ा कोई भी पुण्य का कार्य नहीं है,इनकी जितनी भी सेवा की जाए कम है और कहा कि यह चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में अब तक काफी लोगों ने चेकअप करा कर लाभान्वित हुए हैं। इस बीच कई बीमारियों के चिकित्सक शिविर में आकर अपना सेवा देते आए हैं। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है,आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, लोगों ने डॉ कुमुद अग्रवाल से बुखार, सर्दी, खांसी, दर्द एवं हाइड्रोसील आदि का चेकप कराते हुए परामर्श भी लिए और कहा की प्रत्येक रविवार को यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार चलते रहेंगे। आज शिविर में, सचिव जयप्रकाश शर्मा कुमुद अग्रवाल, संजय चौधरी, देवानंद महतो, रीना देवी, अनिल प्रजापति, रामजतन साहू, सुगंधा देवी, गीता देवी, मीना देवी, मुकेश गुप्ता, सत्यम सर्राफ, संध्या देवी, अंजली सर्राफ, केशव महतो, अनिल वर्मा, अतुल सर्राफ, उदय प्रसाद कास्यंकार, फुलवंती देवी, रामविलास सिंह केशव महतो, भोला महतो, सुंदर देवी, मीरा मोदक, दिनेश कुमार, सुशीला देवी, बृजेश कुमार, कृष्णा प्रसाद, दिलीप महतो, ओम प्रकाश, अनूप कुमार महतो, शिमला देवी, मीनू कुमारी, नंदलाल महतो, सुधीर ठाकुर आदि थे।

## एक स्वयंसेवक व एक शिक्षक कभी वृद्ध नहीं होते : अजय तिवारी




**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आचार्य कार्यशाला के तृतीय दिवस में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश सचिव श्री अजय तिवारी ने कहा बच्चों के साथ सदैव भात भावनात्मक संबंध रखें तभी उनका सर्वांगीण विकास होता है। विद्यालय का वातावरण सदैव अनुशासनमय होना चाहिए। हमें गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीकी शिक्षण की ओर अग्रसर होना चाहिए।आज का युग विज्ञान का युग है अतः में छात्र के सर्वांगीण विकास हेतु डिजिटल शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए। साथ ही खेलकूद के माध्यम से सरल तरीके से छोटे-छोटे बच्चों को ज्ञान देना चाहिए । एक स्वयंसेवक एवं शिक्षक उम्र से परे अनवरत कार्य करते रहता है वह कभी वृद्ध नहीं होता। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में सरस्वती वंदना के पश्चात आचार्य सभा को संबोधित करते हुए श्री सुरेश चंद्र पांडे ने कहा बच्चों के प्रति आत्मीयता का भाव सदैव रखनी चाहिए। साथ ही सदाचार एवं नैतिक शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। आज के इस कार्यक्रम में शिशु मंदिर विद्या मंदिर एवं इंटर महाविद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित थे। आज के कार्यक्रम में प्रातः स्मरण वंदना एवं गीत का कार्यक्रम आचार्य श्री विष्णु दत्त पांडे, बहन आयुषी कुमारी एवं भैया आदर्श कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## दसनाम गोस्वामी समाज कुडू प्रक्षेत्र की बैठक में कोर कमेटी गठन का लिया गया निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** दसनाम गोस्वामी समाज कुडू प्रक्षेत्र के सदस्यों की रविवार को बरवाटोली (रूद) आश्रम स्थित बजरंगबली मंदिर परिसर में बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से दसनाम गोस्वामी समाज कुडू प्रक्षेत्र की कोर कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में यह निर्णय लिया गया कि कोर कमेटी का सदस्य बनने के लिए सदस्यता शुल्क एक हजार रूपए मात्र की होगी। इसके साथ ही कोर कमेटी के सदस्य को कमेटी के कोष में प्रतिमाह कम से कम एक सौ रूपए अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। यह स्पष्ट किया गया कि उपर्युक्त एक हजार रूपए का शुल्क सिर्फ एक ही बार के लिए उनके लिए भर होगा जो कोर कमेटी का सदस्य बनने को स्वत~ इच्छुक होंगे। सामान्य सदस्य बनने के लिए किसी भी तरह की राशि का भुगतान नहीं करना होगा। बैठक में यह तय हुआ कि दसनाम गोस्वामी समाज कुडू प्रक्षेत्र की अगली बैठक आगामी 16 अप्रैल को रूद ग्राम स्थित देवी मंडप परिसर में होगी। बैठक में संपूर्णानंद भारती, बीरेंद्र भारती, प्रवीण भारती, अखिलेश भारती, ज्ञानेंद्र भारती, अजीत गिरि एवं अभय भारती ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

# निशीथ जायसवाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर अंचलाधिकारी से किया मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** किस्को प्रखंड के कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आम ग्रामीण जनता के समस्याओं की प्राथमिकता देते हुवे लोहरदगा विधायक सह माननीय मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल एवं जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद किस्को अंचल कार्यालय में पंहुच प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी बुडाय सारू से मिल ग्रामीण जनता एवं कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं का समस्या को रखा गया। जिसमे मुख्य समस्या विगत कुछ दिनों से हो रही बारिश ओलावृष्टि एवं आंधी तूफान से गरीब किसान की खेती को हुई नुकसान, आवास का हुवे नुकसान की भरपाई, जमीन से संबंधित समस्या, राशन से संबंधित समस्या आदि मुख्य समस्या ग्रामीणों के द्वारा रखी गई। जिसके समाधान के लिए विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने लोहरदगा उपायुक्त एवं अंचलाधिकारी से बात कर इन सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का बात कही साथ ही निशीथ जायसवाल ने कहा कि जो भी आम ग्रामीण जनता एवं पार्टी कार्यकर्ता की समस्या होती है उसे आप बेझिझक बताए ताकि समस्याओं का हल प्राथमिकता के आधार पर किया जा सके साथ ही तत्काल जो ग्रामीणों के हुए आवास के नुकसान को प्राथमिकता देते हुए खाद्य सामग्री एवं रहने के लिए आवास की मरम्मत कार्य किया गया। साथ ही ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का लाभ से काफी किसान वंचित रह गए है किसानों का सूखा राहत राशि काफी किसानों को नही दिया गया इसके समाधान के लिए निशीथ जायसवाल ने आपदा विभाग के पदाधिकारी से बात कर आम किसानों की समस्या रखें जिसमें पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि जो भी किसानों का सूखा राहत राशि छूट गई है उसे जल्द ही छूटे हुवे किसानों का राशि उनके खाते में किया जाएगा । कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी सकील अहमद ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता एवं आम ग्रामीण जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा कांग्रेस पार्टी खड़ी है। हर समस्याओं का समाधान करने का काम लोहरदगा विधायक एवं कांग्रेस पार्टी के द्वारा किया जा रहा है। मौके पर अंचलाधिकारी बूढ़ाय सारू ने कहा कि विगत कुछ दिनों से जो नुकसान हुआ है उसकी आकलन की जा रही है, फिर मुआवजा देने का काम किया जाएगा।

## भारत स्वाभिमान सह पतंजलि योग समिति जिला इकाई सिमडेगा की हुई मासिक बैठक



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत स्वाभिमान सह पतंजलि योग समिति जिला इकाई सिमडेगा की मासिक बैठक तेली छात्रावास ठाकुर टोली में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला मीडिया प्रभारी तेजनारायण सिंह ने किया। इस बैठक में निम्न बिंदुओं पर चर्चा हुआ। इस बैठक में पूर्व के बैठक की पुनरावृत्ति हुवी। BST जिला प्रभारी दियेंद्र कुमार प्रसाद ने कहा कि 25 दिवसीय सहयोगी योग प्रशिक्षक प्रशिक्षण 5 अप्रैल से शरू की जाएगी और 30 अप्रैल तक चलेगा। समय सुबह 5:30 am से 7:30ड्डद्ब तक। इच्छुक आवेदक पतंजलि स्टोर बीरू कॉम्प्लेक्स सिमडेगा में आकर रेजिस्ट्रेशन करा सकते है या इस नंबर पर 6200205474 पर कॉल या व्हाटऐप्स करके रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। साथ ही 9/04/23 दिन रविवार को प्रातः कालीन 5~30 में अटल बिहारी बाजपेयी पार्क सिमडेगा में योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभी सदस्यों एवमं योगप्रेमी की उपस्थिति सुनिश्चित है। महिला योग जिला प्रभारी निशा देवी ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में योग शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस बैठक में दियेंद्र कुमार प्रसाद, निशा देवी, धर्मेंद्र कुमार पांडा, तेजनारायण सिंह, पप्पू कुमार, इंद्रा तुरी, सत्यनारायण मेहर आदि योग साधकों की उपस्थिति रही।

**एकादश पर अस्त्र शस्त्र चालन व बाजा प्रतियोगिता आयोजित**

# भगवान राम और भक्त हनुमान कि अटूट भक्ति का पर्व है रामनवमी : सच्चिदानंद लाल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** केंद्रीय महावीर मंडल द्वारा शोक विनाशक हनुमान मंदिर के समक्ष गुदरी बाजार में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी एकादश पर अस्त्र शस्त्र चालन एवं बाजा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रान्त संघ चालक सच्चिदानंद लाल, मुख्य संरक्षक परमेश्वर साहू, मोहन दुबे, रितेश कुमार, संरक्षक जिला संघचालक मनोज दास, ब्रज बिहारी प्रसाद, कमल प्रसाद केशरी, राजेश महतो, राजेश कुमार गुप्ता, गुप्तेश्वर प्रसाद सहित अन्य ने हनुमान चालीसा का पाठ कर बजरंग बली की आरती एवं दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि सच्चिदानंद लाल ने कहा कि भगवान राम और भक्त हनुमान के अटूट भक्ति का पर्व है। रामनवमी में सभी लोग उनके आदर्शो को अपने जीवन में उतारे। इसके बाद अतिथियों द्वारा लाठी खेलकर खेल का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम नवमी जुलूस में निकाले गए झांकी में प्रथम चन्द्रशेखर आज़ाद,द्वितीय नारी शक्ति थाना टोली,तृतीय शोक विनाशक संकट मोचन हनुमान मंदिर के अखाड़े के प्रतिनिधि को पुरस्कार देखकर किया गया सम्मानित। उसके बाद अस्त्र शस्त्र जूनियर~ प्रथम हटिया गार्डन, द्वितीय सुनहला संघ,तृतीय अम्बेडकर नगर एवं अस्त्र शस्त्र सीनियर~ प्रथम रघुनंदन लेन, द्वितीय बरवा टोली शिव मंदिर, तृतीय हटिया गार्डन एवं बाज़ा प्रतियोगिता~ प्रथम बजरंग दल अमला टोली, द्वितीय थाना टोली तृतीय शास्त्री चौक इन सभी अखाड़े को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। विशेष पुरस्कार अखाड़ा सज्जा तेतर तर,नया अखाड़ा बावली बगीचा, शोभायात्रा अनुशासित टीम सेरेंगहातु, मातृशक्ति के रूप में आदिशक्ति महिला टीम,निगनी को भी पुरस्कृत कर किया गया सम्मानित। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश साहू, विजय खत्री, धनन्जय कांस्यकार, बिनोद उराँव, पंकज साहू, आनन्द पांडेय, विनोद सोनी, प्रणीत सिंह, संजय नायक, लक्ष्मण सोनी, अशोक रजक, रितेश सिंह समेत सैकड़ों महिलाएं व हजारो की संख्या में पुरुष समेत बड़ी संख्या में सभी अखाड़ो के रामभक्त उपस्थित रहे।

# आजसू अध्यक्ष ओम भारती के अध्यक्षता में पदाधिकारियों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** 2 अप्रैल 2023 को लोहरदगा जिला के आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में जिला अध्यक्ष ओम भारती की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक रखी गई। इस बैठक में सर्व समिति से विचार किया गया की पार्टी में जो भी गिले-शिकवे हैं सभी को दूर करके पार्टी को मजबूत किया जाएगा। और पार्टी के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को एकजुट करके आने वाला 5 अप्रैल 2022 को प्रदेश के द्वारा शहीद रघुनाथ महतो दिवस मनाने का जो निर्णय लिया गया है उसे लोहरदगा जिला आजसू पार्टी भव्यता के साथ मनाएगी। साथ ही 13 अप्रैल 2023 को सामाजिक न्याय मार्च का जो कार्यक्रम तय किया गया है उसने मार्च में आजसू पार्टी के अधिक से अधिक कार्यकर्ता शामिल होंगे और सामाजिक न्याय मार्च को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। इस बैठक में आजसू पार्टी केंद्रीय महिला उपाध्यक्ष निरु शांति भगत,केंद्रीय सचिव राजू गुप्ता, अरविंद यादव, रामानंदन साहू, जिला कार्यकारी अध्यक्ष श्री राम नारायण प्रसाद, प्रदेश महासचिव विलियम कुजुर, जिला के प्रवक्ता रामचंद्र गिरी, संगठन मंत्री अरविंद पाठक, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष नरेश साहू, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी, नगर अध्यक्ष अशोक कुमार साहू, जिला महिला अध्यक्ष अनीता साहू, जिला उपाध्यक्ष विपिन सिंह, कुलेश्वर साहू, कलीम खान, आनंद राम, रमेश बैठा, जिब्राइल पवरिया, संगीता साहू, सुनीता साहू, शकुंतला, सूरजी भक्ताईन, सरस्वती देवी, मालती टोप्पो, हेमंती देवी सहित भारी संख्या में आजसू के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खेर भगत ने जिला स्तरीय जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम को लेकर की बैठक

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिलास्तरीय जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम की सफलता हेतु विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुखैर भगत की अध्यक्षता में कि गई।जिसमे सुखै़र भगत ने बताया कि आगामी 5 अप्रैल 2023 को जिलास्तरीय जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम का विशाल आयोजन लोहरदगा समाहरणालय स्थित मैदान में पूर्वाहन 10.00बजे से किया जाएगा । ज्ञात हो कि,मोदी सरकार द्वारा राहुल गांधी जी की सदस्यता को रद्द किए जाने के विरोध में यह यह विशेष महाजुटान होगा। जिसमें अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी श्री अविनाश पांडे जी विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे।

## चलते चलते एक नजर

### बारियातू कांडरका नदी के पास बाईक दुर्घटना में एक युवक की मौत

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत कांडरका नदी के ठीक सामने सड़क हादसे मे दिलीप उरांव(18) पिता महेश्वर उरांव ग्राम पुकचु टोला कर्माही निवासी की मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के मुताबिक जेएच03 जेडआई1973 हीरो एचएफ डिलक्स बाईक से डीवैडर मे टकराने से उक्त युवक की मौत हो गई. घटना की सुचना मिलते ही थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने घटना स्थल पर पहुँच कर शव को कब्जा मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया. दुर्घटना के कारणों के पड़ताल में पुलिस जुटी हुई है।

### खानकाह मजहरिया मुनअमिया मे दावत ए इफ्तार का आयोजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डोरंडा मणिटोला फिरदौस नगर स्तिथ खानकाह मजहरिया मुनअमिया मे खानकाह के सज्जादा नशी मौलाना सैय्यद शाह अल्कमा शिबली कादरी के जानिब से 10 रमजान बारोज़ इतवार को दावत ए इफ्तार का आयोजन किया। जिसमे सैंकड़ों रोजेदार शामिल होकर एक साथ इफ्तार किया। मौके पर सज्जादा नशी सैय्यद शाह अल्कमा शिबली ने अल्लाह तबारक व ताला की बारगाह में मुल्क मे अमन,चैन और राज्य की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी और कहा की रमजान-उल-मुबारक का यह पाक,पवित्र और रहमतों भरा महीना है इस महीने मे रोजेदारो को इफ्तार करवाने का बहुत ही ज्यादा सवाब है। बता दें की खानकाह मजहरिया मुनअमिया में हर माह उर्दू की 10 तारीख को लंगर ए गौस ए पाक का आयोजन किया जाता आ रहा है। जिसमे आए लोगो को दीन की बाते हुजूर पाक की सुन्नत और हुजूर हुजूर गौस की जिंदगी के बारे मे आए लोगो को बताया जाता है। लंगर मे आस पास के जरूरत मंद लोगो और खानकाह के मुरीदो को हुजूर गौस ए पाक का लंगर भी खिलाया जाता है।मौके पर मौलाना सैय्यद अबू राफे तीबरानी,राज़ी,हेजाज़ी, हमदी,जैन कादरी,मो शब्बीर,मो कमरू,मो इरफान, शाहिद खान, मो फैजी, मो अल्ताफ आदि ने शिरकत किया।

### भगवान महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुए एनएसए अजीत डोभाल

**उज्जैन/भोपाल, (एजेंसी):** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत कुमार डोभाल रविवार को उज्जैन प्रवास के दौरान महाकालेश्वर मंदिर में विश्वप्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल की भस्मारती में शामिल हुए। उन्होंने गर्भगृह में पं. आशीष पुजारी के आचार्यत्व में भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना भी की। दरअसल, एनएसए अजीत कुमार डोभाल शनिवार को भोपाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में हुई तीनों सेनाओं की कमांडर कान्फ्रेंस में शामिल हुए थे। इसके बाद वे देर शाम उज्जैन पहुंच गए थे। उन्होंने शनिवार की रात में ही महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन किए तथा ई-कार्ट में बैठकर श्री महाकाल लोक का अवलोकन किया। रात्रि विश्राम के उपरांत वे रविवार तड़के भस्म आरती के दर्शन करने पुन~ महाकाल मंदिर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मंदिर के पुजारियों से ज्योतिर्लिंग की पूजा पद्धति व इतिहास की जानकारी ली।

# पूर्व क्रिकेटर सलीम दुर्रानी का निधन

**एजेंसी**

**जाम नगर (गुजरात)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी सलीम दुर्रानी का लंबी बीमारी के बाद 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया । उन्होंने आज (रविवार) सुबह यहां अंतिम सांस ली। उन्हें कैंसर था।सलीम दुर्रानी का जन्म 11 दिसंबर, 1934 को अफगानिस्तान के काबुल में हुआ था। आठ महीने के दुर्रानी को लेकर उनका परिवार पाकिस्तान के कराची में आकर बस गया था। भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के दौरान दुर्रानी का परिवार



भारत आ गया।क्रिकेट जगत में सलीम दुर्रानी ने 60-70 के दशक में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से खास पहचान बनाई। भारतीय क्रिकेट इतिहास में दुर्रानी को शानदार ऑलराउंडर के तौर पर जाना जाता है। उन्होंने 1960 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुंबई टेस्ट के करियर शुरू किया था। दुर्रानी विस्फोटक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते थे।दुर्रानी ने भारत की ओर से कुल 29 टेस्ट मैच खेले। इस दौरान उन्होंने 1202 रन बनाए। इनमें एक शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 75 विकेट लिए। सलीम दुर्रानी पहले ऐसे भारतीय क्रिकेटर हैं, जिन्हें साठ के दशक में ही अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने बिहारशरीफ-सासाराम हिंसा पर की उच्च स्तरीय बैठक

**एजेंसी**

**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सरकारी आवास पर रविवार को बिहारशरीफ और सासाराम में रामनवमी जुलूस के दौरान हुई हिंसा को लेकर उच्चस्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने पुलिस और प्रशासन को पूरी तरह से अलर्ट रहने का निर्देश दिया है।

बैठक में मुख्य सचिव आमिर सुबहानी और पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी ने बिहारशरीफ और सासाराम में रामनवमी जुलूस के दौरान हुई घटना को लेकर मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने पुलिस और प्रशासन को पूरी तरह से अलर्ट रहने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी चीजों पर लगातार नजर बनाए रखें। उपद्रवियों की पहचान कर उन पर सख्त कार्रवाई करें। इस पर नजर रखें कि किसी भी परिस्थिति में कोई गड़बड़ी नहीं कर पाए। अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखें।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को निर्देश देते हुए कहा कि सभी जिलों के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अविलंब वार्ता कर पूरी जानकारी लें। प्रेस वार्ता कर मीडिया को वस्तुस्थिति की जानकारी दें ताकि कोई अफवाह नहीं फैले और लोग भ्रमित न हों।

मुख्यमंत्री ने पटना प्रमंडल के आयुक्त, शाहाबाद रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक, रोहतास तथा नालंदा के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ में हुई घटना में मृत व्यक्ति के पिता एवं भाई से दूरभाष पर बात कर अपनी संवेदना व्यक्ति की और घटना की पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने मृत व्यक्ति के निकटतम परिजन को मुख्यमंत्री राहत कोष से पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का निर्देश दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक भट्ठी समेत कई आला अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रशासन ने पार किया मर्यादा की लक्ष्मण रेखा

**रविन्द्र उपाध्याय-संपादक @ प्रभात मंत्र**

लोकाभिराम श्री राम के चरणों की भक्ति का महान पर्व रामनवमी कई यादों के साथ संपन्न हो गया। प्रशासन की निष्क्रियता के कारण इंदौर में जहां श्री राम की भक्ति में लीन 35 श्रद्धालु असमय ही काल के गाल में समा गए, वहीं झारखंड में प्रशासन यानी डीसी की हठधर्मिता के कारण कुछ जिलों में रामभक्तों की भावना आहत हुई। पलामू के चैनपुर में डीसी द्वारा आधी रात को जुलूस में शामिल लोगों की पिटाई करने का आरोप लगा। इस घटना के बाद लोगों ने सड़क जाम किया। काफी मशक्कत के बाद मामला शांत हुआ। कुछ इसी तरह का कारनामा जमशेदपुर की डीसी ने भी किया। रामनवमी के शोभायात्रा के लिए सज रहे टेलर और डीजे को जमशेदपुर जिला प्रशासन ने जब्त कर लिया। इस घटना के विरोध में शहर के कई अखाड़ा कमिटी नाराज हो गए।

रामनवमी के दौरान रामभक्तों की भावना आहत हुई। दोनो ही जिलों में मामला मुख्य रूप से डीजे से जुड़ा हुआ रहा। दोनों ही डीसी डीजे को लेकर कड़ा रुख अपनाए हुए थे। ठीक है, डीजे को लेकर कानूनी प्रावधान है।ध्वनि प्रदूषण के कारण बच्चों, बुजुर्गों व अस्पतालों में भर्ती मरीजों को कठिनाई होती है। मानव स्वास्थ्य के लिए ध्वनि प्रदूषण को खतरा माना गया है। ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) कानून-2000 के मुताबिक रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर और डीजे बजाने पर पाबंदी है। हालांकि राज्य सरकार को यह अधिकार है कि वह कुछ शर्तों के साथ रात 12 बजे तक लाउडस्पीकर और डीजे बजाने की इजाजत दे सकती है। लेकिन रात 12 बजे के बाद किसी को भी लाउडस्पीकर या डीजे बजाने की इजाजत नहीं है। ऐसा करना गैर कानूनी है।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण भी कह चुका है कि एक तय सीमा से तेज लाउडस्पीकर और डीजे बजाने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। डॉक्टर भी कहते हैं कि 60 डेसिबल से ज्यादा ध्वनि मनुष्य के लिए हानिकारक है। 70 से 80 डेसिबल ध्वनि के बीच लगातार रहने वाला व्यक्ति बहरेपन का शिकार हो जाता है। यदि कोई गर्भवती महिला लगभग चार महीने तक 120 डेसीबल ध्वनि के बीच रहे तो बच्चा बहरा पैदा होने की आशंका बढ़ जाती है। डीजे की आवाज से चिड़चिड़ापन, सिरदर्द, चक्कर आना, मितली व डिप्रेशन हो सकता है। डीजे पर प्रतिबंध को लेकर उत्तरप्रदेश राज्य ज्यादा चर्चा में रहा। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने राज्य में डीजे पर प्रतिबंध लगा दिया था। मामला सुप्रीम कोर्ट में गया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि लाइसेंस लेकर ही यूपी में डीजे बजाया जा सकेगा। साथ ही ध्वनि प्रदूषण के कायदे कानून का पालन करना होगा। याचिका में हाई कोर्ट के आदेश को डीजे व्यवसाय से जुड़े लोगों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया गया था। डीजे को लेकर यह तो कानूनी प्रावधान हुआ। कोर्ट के आदेश का पालन करने-कराने की जिम्मेवारी सचमुच प्रशासन के ही कंधों पर है। इस सच से इंकार नहीं किया जा सकता। हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के कई ऐसे आदेश हैं, जो प्रशासन के फाइलों में धूल फांक रहा है। वाहन में काला शीशा लगा कर नहीं चलना है। वाहन में वीवीआईपी को ही सरनेम का प्लेट लगाना है। लेकिन आज स्थिति क्या है ? हर गुंडे काला शीशा लगे वाहन में चलते हैं। कई चिरकुट टाइप लोग अपने वाहन में प्लेट लगा कर चल रहे हैं। ऐसे वाहनों की जांच डीसी क्यों नहीं करते ? ऐसे गुंडा और असामाजिक तत्वों पर प्रशासन लाठी क्यों नहीं भाजता ? प्रशासन के आंख के सामने काला शीशा लगे वाहन सरपट दौड़ते है। इस समय डीसी या प्रशासन के आंख पर पट्टी क्यों बंध जाता है ? कोर्ट के आदेश का पालन सिर्फ डीजे पर ही क्यों ? कई ऐसे सवाल है, जिसका उत्तर पलामू और जमशेदपुर डीसी को देना होगा। इन हुक्मरानों को यह नहीं मालूम कि डीजे समाज में इस तरह अपनी पैठ बना लिया है कि इस पर नकेल कसना कतई मंजूर नहीं होगा।

खासकर इस तरह के पर्व-त्योहार में। सब कुछ जानते-सुनते-समझते हुए भी कुछ अवसरों पर आंख मूंदना पड़ता है। और आंख बंद करने में ही समझदारी और भलाई होता है। डीजे प्रकरण को लेकर देश-राज्य के सभी डीसी वैसा कर सकते थे,जैसा पलामू और जमशेदपुर के डीसी ने किया। लेकिन सभी ने नजाकत को समझते हुए कानून में ढील दिया। अपनी मर्यादा को समझा। ऐसे भी श्री राम हम सबों को मर्यादा में रहने की सीख देते हैं। अपने मर्यादा की लक्ष्मण रेखा को पार करना, इस समाज को कतई मंजूर नहीं है।

# कोयला में एनटीपीसी ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का रिकॉर्ड बनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गुरदीप सिंह ,अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, एनटीपीसी ने एनटीपीसी के कोयला खनन प्रभाग का नेतृत्व करते हुए इस वित्तीय वर्ष में 14.02 मिलियन टन की तुलना में 23.20 मिलियन टन के कोयला उत्पादन के साथ 65 प्रतिशत की अभूतपूर्व वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि प्रदर्शित की है।

पिछले वित्त वर्ष में। चार परिचालन कोयला खदानें अर्थात, पकरी-बरवाडीह (झारखंड), चट्टी बरियातू (झारखंड), दुलंगा (ओडिशा) और तलाईपल्ली (छत्तीसगढ़) ने स्थापना के बाद से इस उच्चतम वार्षिक कोयला उत्पादन को पूरा करने में योगदान दिया है। अभी तक कैप्टिव खदानों ने एनटीपीसी के 22 से अधिक बिजली संयंत्रों को 68.28 मिलियन टन कोयले की आपूर्ति की है। इस कोयले के उत्पादन के साथ-साथ, एनटीपीसी ने पिछले वित्त वर्ष में 31.9 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवरबर्डन हटाने की तुलना में 129त्न की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ 73.0 मिलियन क्यूबिक मीटर का अब तक का सर्वाधिक वार्षिक ओवरबर्डन हटाने का लक्ष्य भी हासिल किया है।सीएमडी, एनटीपीसी ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए पूरी कोयला खनन टीम को बधाई दी और अगले वित्तीय वर्ष के लिए 31 मिलियन टन के लक्ष्य को प्राप्त करने पर विश्वास व्यक्त किया। रमेश बाबू वी, निदेशक (संचालन) और सभी खानों के नामित मालिक, एनटीपीसी ने उत्पादन मानदंड स्थापित करने के लिए कोयला खनन प्रभाग की सराहना की। वित्त वर्ष 22-23 में, देश ने गर्मी की लहरों और तेजी से आर्थिक सुधार के कारण बिजली की मांग में निरंतर वृद्धि देखी। इस ऊर्जा संकट के बीच एनटीपीसी कोयला खनन ने कोयला उत्पादन बढ़ाने और एनटीपीसी के बिजली संयंत्रों को लगातार गुणवत्तापूर्ण ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उत्कृष्ट प्रयास किए। पार्थ मजूमदार, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन), एनटीपीसी ने विद्युत मंत्रालय का आभार व्यक्त किया; कोयला मंत्रालय; पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय; झारखंड सरकार, ओडिशा सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार के; खान सुरक्षा महानिदेशालय; और भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन, जिला प्रशासन द्वारा एनटीपीसी कोयला खनन के लिए उनके अटूट समर्थन के लिए की सराहना की । एनटीपीसी प्रबंधन के डिजिटल मिशन के अनुरूप, कोयला खनन टीम ने ई-एसएमपी - डिजीटल सुरक्षा प्रबंधन योजना; सचेतन - सुरक्षा मोबाइल ऐप; खानान दृष्टि - उत्पादन दक्षता की रिकॉर्डिंग और निगरानी के लिए वेब ऐप; एकीकृत कोयला प्रबंधन प्रणाली; प्रौद्योगिकी के माध्यम से आदमी और मशीनरी की जीपीएस ट्रैकिंग; टीएलएस के माध्यम से डंप स्लोप मॉनिटरिंग; और तलाईपल्ली खदान में एचईएमएम सिम्युलेटर।

### सूडान में खदान हादसा, 14 खनन कर्मचारियों की मौत

**खार्तूम।** सूडान में देश के उत्तरी राज्य में खदान हादसे में 14 खनन कर्मचारियों की मौत हो गई है और 20 से अधिक घायल हो गए हैं। सरकार के स्वामित्व की सूडानी खनिज संसाधन कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वाडीहलफा शहर से 70 किलोमीटर दूर स्थित अल जबाल अल अहमर खदान के हादसे में पर्वत की दिशा में खदान का एक भाग क्षतिग्रस्त हो गया। रिपोर्ट के अनुसार भारी मशीनरी से सोने के लिए खुदाई करते समय यह दुर्घटना हुई। सूडान की मिनरल रिसोर्सेज कंपनी ने (एसएमआरसी ) ने यह जानकारी दी । इस हादसे में 14 श्रमिकों की मौत हो गयी थी। कंपनी ने कहा कि दुर्घटना में 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं।



# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएंगे थल सेनाध्यक्ष

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे 03 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर रवाना होंगे। चार दिवसीय यात्रा के दौरान वे ऑस्ट्रेलिया के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ाना है।जनरल मनोज पांडे ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बलों की विभिन्न सेवाओं के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे। वे ऑस्ट्रेलिया के सबसे वरिष्ठ रक्षा अधिकारी और देश के रक्षा बल प्रमुख से मुलाकात करेंगे। वह अपने समकक्ष ऑस्ट्रेलियाई सेना प्रमुख के साथ चर्चा के अलावा ऑस्ट्रेलियाई वायु सेना प्रमुख से भी बातचीत करेंगे। उनका अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों से मिलने का कार्यक्रम है, जिसमें वे



भारत-ऑस्ट्रेलिया रक्षा संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे।ऑस्ट्रेलिया-भारत रक्षा सहयोग विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न स्तरों पर विविध जुड़ावों की एक श्रृंखला के साथ आगे की ओर रहा है। इनमें वरिष्ठ अधिकारियों के द्विपक्षीय दौरे, निर्देशों के पारस्परिक पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण अभ्यास आदि शामिल हैं। गतिविधियों के व्यापक स्पेक्ट्रम को शामिल करते हुए लगातार बढ़ते रक्षा सहयोग पर आधारित संबंधों ने दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच एक मजबूत संबंध स्थापित किया है। थल सेनाध्यक्ष की ऑस्ट्रेलिया यात्रा दोनों सेनाओं के बीच विश्वास और समझ के बंधन को और मजबूत करेगी।

# पाम संडे पर चर्च में प्रार्थना कर प्रभु यीशु से समाज में सुख-शांति की कामना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ईसाई धर्मावलंबियों ने संडे को खजूर पर्व मनाया। इस पाम संडे कहा जाता है। पाम संडे के दिन ही ईसाई विश्वासियों के चालीसा पर्व के पवित्र सप्ताह की शुरूआत होती है। इस पर्व के मौके पर खजूर की डाली का विशेष महत्व होता है। विनम्रता का परिचय देते हुए लोगों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। उसी समय से खजूर की डाली से भगवान यीशु मसीह का प्रेयर की परंपरा चलती आ रही है। पाम संडे के अवसर पर शहर के विभिन्न चर्च में विशेष प्रार्थना कर प्रभु यीशु से समाज की सुख और शांति की कामना की गयी।गिरजाघरों में विशप और पास्टर के द्वारा मिस्स अनुष्ठान किया गया और लोगों के द्वारा खजूर की आशीष दी गयी। जिसके बाद इसे अपने-अपने घरों में सजाकर रखें। ईसाई धर्म के लोग बताते हैं कि खजूर की डाली से भगवान यीशु मसीह से आशीष लेते हैं और लोग रैली निकालकर खजूर की डाली लहराते हुए भगवान यीशु मसीह का अभिवादन और स्वागत करते हैं। संत मरियम महागिरजाघर के सहायक पादरी विपिन कॅडोलियन बताते हैं कि आज के दिन ही यरूशलम में प्रभु यीशु के स्वागत की घटना को ईसाई विश्वासी याद करते हैं और मनुष्य को पाप से निजात देने वाले मसीहा का खजूर की डालियां लहरा कर आदर के साथ स्वागत और स्मरण करते हैं।

# प्रजापति समाज का इतिहास देशप्रेम से ओतप्रोत : अविनाश देव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड कुम्हार समन्वय समिति पलामू के हुसैनाबाद अनुमंडलीय समिति के तत्वावधान में ब्लॉक रोड के सिंचाई कॉलोनी मध्य विद्यालय के प्रांगण में बाल शहीद रामचंद्र विद्यार्थी जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता हुसैनाबाद अनुमंडलीय समिति के अध्यक्ष विगन प्रजापति ने की। वहीं मंच संचालन सचिव मुरली मनोहर प्रजापति ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड माटी कला बोर्ड सदस्य सह झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के समन्वयक अविनाश देव ने बाल शहीद रामचंद्र विद्यार्थी की तस्वीर के समक्ष दीप-प्रज्ज्वलित व श्रद्धांजलि देकर कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर उन्होंने बाल शहीद रामचंद्र विद्यार्थी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अमर शहीद रामचंद्र विद्यार्थी का जन्म 01 अप्रैल 1929 को उत्तर प्रदेश के जिला देवरिया के नौतन हतियागढ़ गाँव में बाबूलाल प्रजापति के घर हुआ था। माता मोतीरानी का पुत्र रामचन्द्र विद्यार्थी सातवीं कक्षा से ही आजादी का दीवाना था। 09 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन का ऐलान किया था। रामचंद्र विद्यार्थी उस आंदोलन में कूद पड़े थे और उन्होंने 14 अगस्त 1942 को ही देवरिया कचहरी पर तिरंगा फहरा दिया था, उसी समय अंग्रेजों ने उनको अपनी गोली का शिकार बना दिया, जिसमें वे शहीद हो गए। उन्होंने आजादी की अलख जगाने के लिए मात्र 13 वर्ष की उम्र में अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया, ऐसा विरला उदाहरण हमें इतिहास में कोई दूसरा नहीं मिलेगा। प्रजापति समाज का इतिहास हमेशा से ही देशप्रेम से ओतप्रोत व



गरिमामयी वाला रहा है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि आज हमलोग आजाद देश के वासी हैं, फिर भी हमारा समाज आर्थिक, सामाजिक व वैचारिक रूप से समृद्ध नहीं हो पाया है, जिसके लिए हम सबको संगठित होकर अपने एवं अपने ही जैसे अन्य समाज, जो कि अभी तक हाशिये पर हैं, उनके लिए एकजुटता से हक की लड़ाई लड़कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना होगा, तभी जाकर समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। आगे उन्होंने कुम्हारों पर हो रहे अत्याचार के निदान पर भी प्रकाश डाला। साथ ही, संगठन की मजबूती के लिए सदस्यों के एकजुट रहने की सलाह दी। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन समिति के संरक्षक सुदर्शन प्रजापति ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के हुसैनाबाद अनुमंडलीय कोषाध्यक्ष महावीर प्रजापति, सदस्य पप्पू प्रजापति, सत्येंद्र प्रजापति, नंदू प्रजापति,

### बाल शहीद रामचंद्र विद्यार्थी की जयंती समारोह का किया गया आयोजन

पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य परमेन्द्र प्रजापति, अनिता मनोहर, अच्छे लाल प्रजापति, अनूप प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति, मनोज कुमार प्रजापति, कृष्ण कुमार पंडित, ललन प्रजापति, परशुराम प्रजापति, नंदकिशोर प्रजापति, उमेश प्रजापति, राजमुनि प्रजापति, भीम प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, रंजीत प्रजापति, कृष्णा प्रजापति, रमेश प्रजापति, अरविंद प्रजापति, शिवनाथ प्रजापति, कुंदन प्रजापति, बाबू प्रजापति, शोभा प्रजापति, रंजीत प्रजापति, राजमोहन प्रजापति, रमेश प्रजापति, प्रभु प्रजापति, अनिल प्रजापति, संतोष प्रजापति, बसंत प्रजापति, मुरली श्याम प्रजापति आदि ने सक्रिय भूमिका अदा की।